सुप्रभात
रांची, रविवार
12.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 297

12 शिल्पा शेट्टी ने केदारनाथ धाम में किये भोलेनाथ के दर्शन




## न्यूज डायरी

### धुर्वा डैम में डूबे दो स्कूली बच्चे, दोनों चचेरे भाई थे

**रांची।** धुर्वा डैम नहाने गये दो स्कूली छात्र डूब गये। स्थनीय गोताखारों की टीम शाम तक प्रयास करती रही, पर शव नहीं मिला। दोनों ही बच्चे धुर्वा के प्रभात तारा स्कूल के छात्र थे। उनके नाम आर्य शर्मा (16) और आलोक शर्मा (17) हैं। दोनों चचेरे भाई हैं। आर्य शर्मा के पिता सुदीप शर्मा ने बताया कि दोनों घर से कब डैम पर गये, पता ही नही चला। अचानक खबर मिली कि उनका बेटा और भतीजा डैम में डूब गया है।

### बगोदर डाकघर में सीबीआइ की छापेमारी

**गिरिडीह।** बगोदर डाकघर में सीबीआई दस्तावेजों की जांच करने पहुंची, जो शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे तक जारी रही। छापेमारी के दौरान डाकघर के दो-तीन कर्मी मौजूद थे। डाकघर के बाहर का गेट भी बंद कर दिया गया। सूत्रों की मानें तो गबन मामले को लेकर टीम द्वारा छापेमारी किये जाने की बात कही गयी।

### पुरुलिया में ट्रक ने कई वाहनों को ठोका, 5 की मौत

**पुरुलिया।** बंगाल के पुरुलिया में शनिवार को एक ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। एसपी के अनुसार सड़क निर्माण के लिए कंक्रीट ले जा रहे ट्रक ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गयी। भागने के क्रम में कई वाहनों को टक्कर मारी जिसमें चार और लोगों की मौत हो गयी। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बंगाल में आज पीएम मोदी की 4 जनसभा

**कोलकाता।** पीएम मोदी एक बार फिर लोकसभा चुनाव प्रचार करने देर रात कोलकातां पहुंचे। वह रविवार को हुगली, उत्तर 24 परगना और हावड़ा जिलों में कुल चार चुनावी सभा को संबोधित करेंगे और बैठक करेंगे। शनिवार को राजभवन में रात्रि में विश्राम करेंगे। उनके दौरे को ले कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

## तीसरी आंख




## चतरा में बोले मोदी- झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, नेताओं के घर मिल रहे नोटों के पहाड़

# शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी

### कांग्रेस ओबीसी और एससी एसटी का आरक्षण विशेष वर्ग को दे देगी

**उदय और पंकज**



**चतरा।** भाजपा के स्टार प्रचारक और पीएम मोदी ने चतरा में चुनावी सभा में कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहा नेताओं के पीए के घर से भी नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब पीए और उसके नौकर के घर में इतने पैसे निकल रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके पास कितने पैसे होंगे। इनसे देश को बचाना समय की मांग है। मोदी ने कहा कि इस काले धन को सिर्फ एक ही व्यक्ति बाहर ला सकता है जिसके ऊपर एक भी दाग नहीं लगा। यह काम सिर्फ आपका बेटा मोदी ही कर सकता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगर उनकी (इंडी गठबंधन) की सरकार बनी तो वे ना सिर्फ रिजर्वेश को खत्म कर मुसलमानों को दे देंगे। कांग्रेस सर्वे करा कर लोगों की आधी संपत्ति ले लेगी और घुसपैठियों को दे देगी। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरा गठबंधन सिर्फ इस बात की कोशिश कर रहा है कि उन्हें विपक्ष का दर्जा मिल जाये। इसके लिए झामुमो समेत सभी छोटे-छोटे दलों को कांग्रेस अपने में मिलाना चाहती है। मोदी ने कहा, लोगों की भीड़ बता रही है कि चार जून को क्या नतीजे आयेंगे। इंडी अलायंस वाले पहले ही हार मान चुके हैं।

**झामुमो को भी खत्म करना चाहते हैं कांग्रेसी :** श्री मोदी ने शनिवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग से मनीष जयसवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने दोनों को भारी मतों से जिता कर मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की। मोदी ने कहा- इंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता ने जो बयान दिया है वो बहुत ही सोचा समझा बयान है और बहुत ही निराशा में से पैदा हुआ बयान है। उन्होंने कहा है कि चुनाव के बाद झामुमो समेत जो छोटे-छोटे राजनीतिक दल हैं उन सभी का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए। अगर विलय कर देंगे तो हमारे (इंडी अलायंस) पूरे समूह को मान्य विपक्ष के रूप में मान्यता मिल जाए। आज देश में मैं जहां-जहां जाता हूं तो एक ही स्वर में, एक ही विश्वास के साथ... देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार मोदी सरकार।

**यह देश बनाने का चुनाव है, सतर्क रहें**

मोदी ने कहा यह चुनाव... सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। ये चुनाव देश बनाने का चुनाव है, ये चुनाव चोर-लुटेरों से देश को बचाने का चुनाव है, ये चुनाव है। आपके बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का चुनाव है। आपने देखा कि कैसे झामुमे और कांग्रेस के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। यहां तक कि नोटों को गिनने के लिए बैंकों से मशीनें लानी पड़ी।

### आदिवासी बच्चे भी बड़े अफसर बनें

पीएम ने कहा, मैं चाहता हूं कि आदिवासियों के बच्चे भी इंजीनियर और डॉक्टर बनें। इसी को ध्यान में रखकर स्थानीय भाषा में हायर स्टडी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पर झारखंड सरकार बच्चों और यहां के लोगों को अफीम के नशे में धकेल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले विकास में रोड़ा हैं। झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है ना कुछ करेंगे और ना ही करने देंगे। उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आयी तो फिर वे आपकी आधी संपत्ति लेकर घुसपैठियों में बांट देंगे।

### कांग्रेस-झामुमो को आपकी चिंता नहीं

मोदी ने कहा- इंडी गठबंधन को आपकी रोजी-रोटी की कोई चिंता नहीं है। उनको सिर्फ अपना स्वार्थ देखना है। झामुमो और कांग्रेस ने झारखंड में सिर्फ एक ही उद्योग लगाया है- अफीम उद्योग। ये काला कारोबार सरकार के संरक्षण में चल रहा है, ये आपके बच्चों को नशे की दलदल में धकेलना चाहते हैं। मोदी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है, लेकिन झारखंड में इन लोगों ने राशन बांटने की व्यवस्था तबाह करके रख दी है। ये चाहते हैं कि मोदी का भेजा हुआ राशन आपको मिले ही नहीं। जब गरीब मोदी को आशीर्वाद देता है तो इन लोगों को गरीबों से चिढ़ हो जाती है। श्री मोदी ने कहा- कांग्रेस... आदिवासी, दलित और ओबीसी का आरक्षण छीनना चाहती है। कांग्रेस आपके आरक्षण पर डाका डालकर मुसलमानों को देना चाहती है। ये धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत है कि आज एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू भारत के राष्ट्रपति बनी हैं, लेकिन कांग्रेस इसको पचा नहीं पा रही है। आदिवासी समाज आगे बढ़े... इंडी अलायंस को पसंद नहीं है। ये जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। इस मौके पर हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और चतरा भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह समेत अनेक नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

### मोदी सरकार बनना अब मुश्किल : खड़गे

**पटना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि तीन चरणों के चुनाव के बाद साफ हो गया है कि केंद्र में अब मोदी की सरकार बन पाना मुश्किल है। ऐसे में वह देश के विकास के बारे में बात करने की बजाय वोट के लिए हिंदू-मुस्लिम को बांटने की कोशिश में लगे हुए हैं। श्री खड़गे ने इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन चरणों का चुनाव हो चुका है। इससे साफ हो गया है कि मोदी जी के लिए अब सरकार बना पाना अत्यंत मुश्किल है। आम लोगों की परेशानी कैसे कम हो इसपर भी चर्चा नहीं करते। वे वोट के लिए हिंदू-मुस्लिम को बांटना चाहते हैं लेकिन जनता उनकी हर चालाकी को समझ गयी है। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 साल के शासन को लेकर जनता में भाजपा के खिलाफ काफी रोष है। बेरोजगारी-गरीबी से जनता त्रस्त है। महंगाई से भी हर कोई परेशान है।

# केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकें : कल्पना

## मोदी और भाजपा पर साधा निशाना, पलामू से ममता को जितायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर (पलामू)।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह राज्य झारखंडवासियों का हैं यहां घुसपैठियों को किसी कीमत पर जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि मौका है आप जुमलेबाजों, धूर्तबाजो और झूठ बोल कर सत्ता में आनेवालों को सबक सिखायें। झारखंड हित में अपना कीमती वोट महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां को देकर विजय बनायें, ताकि हम आने वाला समय में हम झारखंड को आगे ले जाने का काम कर सकें। झारखंड पर गिद्ध की नजर रखनेवालों का सारा सपना धाराशाही हो जाये। वह प्रखंड क्षेत्र के हरिनामांड हाई स्कूल के मैदान में इंडिया महागठबंधन की ममता भुइयां के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहीं थीं।

जिससे की हम मजबूती से उनको जवाब दे चुके जिससे की ऐसा दुबारा दुस्साहस करने का साहस नहीं करें साथ ही कहा कि हमारी सरकार अबुआ आवास,फूलेबाई योजना जैसे महत्वकांक्षी योजना चला रहीं हैं और कल्पना सोरेन ने वीर शहीदो को नमन करते हुए सभी को झारखंडी जोहार किया। उन्होंने कहा कि झारखंडियों ने आजादी और अलग राज्य के लिए लिए बलिदान तक दिया है। झूठे केस में फसाकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल भेजा है। इन सब से हम झारखंड वासी डरने वाले नहीं हैं। हम सभी मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और हेमंत जेल से बाहर निकलेंगे। एक न एक दिन सच्चाई सामने आयेगी।

**भाजपा की नीति तानाशाही, उखाड़ फेंकें :** इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष को उखाड़ फेंकने में लगी है। उसकी नीति और नीयत गलत है। विपक्ष की आवाज भाजपा की तानाशाह सरकार सुनने को तैयार नहीं है। ऐसी तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

जनसभा में प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि भाजपा का सांसद ने कभी ग्रामीणों का समस्याएं नहीं सुनी। क्षेत्र के लोगों ने अपने सांसद का वर्षों तक चेहरा भी नहीं देखा। ऐसे सांसद की पलामू में जरूरत नहीं है। सभा में प्रत्याशी ममता भुइयां, रामचंद्र सिंह, मोहन विश्वकर्मा, राजेंद्र सिन्हा, बिट्टू पाठक समेत महागठबंधन के नेता कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।




# सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा में वोटिंग कल

## चुनावी शोर थमा, अब डोर टू डोर मतदाताओं को लुभाने में जुटे प्रत्याशी

- मतदान 13 को सुबह 5 से शाम 7 बजे तक
- चारों सीटों पर 64 लाख वोटर
- 45 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में पहले चरण के चुनाव और देश में चौथे चरण के लिए चुनाव के लिए प्रचार का दौर खत्म शनिवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। चुनाव का काउंट डाउन शुरू हो गया। सोमवार 13 मई झारखंड में सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा में मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक होगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पहले चरण के भोंपू का शोर थमते ही पार्टी प्रत्याशी और नेता अब डोर टू डोर मतदाताओं को लुभाने में लग गये। इस चरण में अधिकांश ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्र में मतदान केंद्र होने की वजह से चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराना बेहद ही चुनौतीपूर्ण है। चुनाव मैदान में उतरे 45 प्रत्याशियों में 06 महिला हैं। लोहरदगा में एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है।

**इन चारों सीटों पर 45 प्रत्याशी :** इन चारों सीटों में राज्य के 10 जिले और 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। आयोग की ओर से बताया गया कि इन चार लोकसभा क्षेत्र से 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सिंहभूम के 14, लोहरदगा के 15, पलामू के 9 और खूंटी के 7 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 64 लाख वोटर्स इनके भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक वोटर्स पलामू में में हैं। (शेष पेज 11 पर)

खबर एक नजर में

## छठे चरण में झारखंड से 93 प्रत्याशी

रांची। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को चुनाव होने हैं। इन चारों सीट पर नॉमिनेशन के प्रक्रिया पूरी हो गई है। इन चारों सीट पर 93 प्रत्याशी मैदान में हैं। गिरिडीह से 16 प्रत्याशी, धनबाद से 25, रांची से 27 और जमशेदपुर से 25 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

## मनोज पुनमिया की याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगी निचली अदालत के ट्रायल की स्थिति

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से इस मामले के ट्रायल की वर्तमान स्थिति मांगी है। अगली सुनवाई 21 जून को होगी। बता दें कि मनोज पुनमिया की डिस्चार्ज पिटीशन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपियों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।

## इंडी को समर्थन देगी चिन्हित आंदोलनकारी समिति



रांची। झारखंड आंदोलनकारी समिति इंडी गठबंधन के 14 लोकसभा के उम्मीदवारों को समर्थन करेगा। शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, उमेश यादव और रामशरण विश्वकर्मा ने बताया कि रांची से यशस्विनी सहाय, खूंटी कालीचरण मुंडा, प. सिंहभूम जोबा मांझी, पूर्वी सिंहभूम समीर मोहंती, लोहरदगा सुखदेव भगत, पलामू ममता भुइंया, चतरा केंद्र त्रिपाठी, हजारीबाग जयप्रकाश भाई पटेल, कोडरमा विनोद सिंह, गिरिडीह मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद अनुपमा सिंह, गोड्डा प्रदीप यादव, दुमका नलीन सोरेन, राजमहल विजय हांसदा और गांडेय उपचुनाव में कल्पना मुर्मू सोरेन को समर्थन देंगे।

## मनरेगा : क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश

रांची। ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने लक्ष्य के अनुरूप क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मनरेगा सहित प्रत्येक योजनाओं का निरीक्षण करने को कहा है। क्षेत्र भ्रमण में योजनाओं का अनुश्रवण के बाद एरिया ऑफिसर एप में पूरी विवरणी भी निरंतर अपडेट करते रहने का निर्देश दिया है ताकि इसकी समय-समय पर समीक्षा की जा सके। सचिव ने इसके अलावा नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एनएमएमएस अंतर्गत ऐसे प्रखंडों, ग्राम पंचायत की पहचान करने को कहा है जो नियमित डिफॉल्ट करते हैं।

### टर्नआउट ऐप पर जारी डेटा से लोगों को मिल पायेगी वोटिंग की जानकारी

# हर दो घंटे में अपडेट होगा वोटर टर्नआउट, 12 बजे रात तक मिलेगी क्लोजअप पोल रिपोर्ट

### मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल ले जाना होगा मना, तस्वीर खींचना या रिकार्डिंग करना अपराध



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मतदान को लेकर आम लोगों में तरह-तरह की उत्सुकता रहती है। उनकी उत्सुकता का निराकरण वोटर टर्नआउट ऐप करेगा। ऐप पर जारी डेटा से लोगों को किसी तरह का कोई संदेह नहीं रहेगा, क्योंकि यह पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि ऐप पर हर दो घंटे के अंतराल पर अपडेट आता रहेगा। उसमें मतदान की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। उसके ढाई घंटे बाद 9.30 बजे ऐप पर दो घंटे पहले तक के मतदान की अनुमानित स्थिति सार्वजनिक हो जाएगी। यह क्रम हर दो घंटे के अंतराल पर शाम सात बजे तक चलता रहेगा। उसके बाद रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा दिखने लगेगा। अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात्रि 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखने लगेगा।

उन्होंने बताया कि माह का दूसरा शनिवार होने के कारण 11 मई को नामांकन कार्य बंद रहा। के. रवि कुमार ने अपील करते हुए कहा कि मतदान केंद्र के भीतर मतदाता मोबाइल नहीं ले जाएं। मतदान केंद्र के भीतर तस्वीर खींचना या रिकार्डिंग करना अपराध है। चौथे चरण की 13 मई को होनेवाले मतदान के संबंध में उन्होंने बताया कि चुनाव की सभी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। पोलिंग पार्टी की रवानगी भी शुरू हो चुकी है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है।

## चौथे चरण में झारखंड की चार सीटों पर 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

रांची। झारखंड में लोकसभा का चुनाव का आगाज चौथे चरण से हो रहा है। यहां चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। कल लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में चुनाव होने हैं। इन चारों सीटों में राज्य के 10 जिले और 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। कल शनिवार को इस चरण के प्रचार का आखिरी दिन था। अब रविवार को डोर टू डोर प्रचार होगा। आयोग की ओर से बताया गया कि इन चार लोकसभा क्षेत्र से 45 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सिंहभूम के 4, लोहरदगा के 15, पलामू के 9 और खूंटी के 7 प्रत्याशी शामिल हैं। 64 लाख वोटर्स इनके भाग्य का फैसला करेंगे।

**खूंटी से 7 प्रत्याशी**
- अर्पणा हंस - झारखंड पार्टी
- बसंत कुमार लोंगा - निर्दलीय
- अर्जुन मुंडा - बीजेपी
- काली चरण मुंडा - कांग्रेस
- बबीता कच्छप - भारत आदिवासी पार्टी
- पस्तर संजय कुमार तिर्की - निर्दलीय
- सावित्री देवी - बहुजन समाज पार्टी

**लोहरदगा से 15 प्रत्याशी**
- महेंद्र उरांव - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
- चमरा लिंडा - निर्दलीय
- रामचंद्र भगत - लोकहित अधिकार पार्टी
- समीर उरांव - बीजेपी
- स्टेफन किंडो - निर्दलीय
- बिहारी भगत - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया
- सनिया उरांव - निर्दलीय
- मैरिएनस तिग्गा - निर्दलीय
- पवन तिग्गा - निर्दलीय
- मनी मुंडा - भागीदारी पार्टी (पी)
- सुखदेव भगत - कांग्रेस
- अर्जुन टोप्पो - आजाद समाज पार्टी
- गिरजानंद उरांव - बहुजन समाज पार्टी
- रंजीत भगत - निर्दलीय
- अर्पण देव भगत - निर्दलीय

**पलामू से 9 प्रत्याशी**
- ममता भुइयां - राष्ट्रीय जनता दल
- महेंद्र बैठा - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)
- विष्णु दयाल राम - बीजेपी
- वृंदा राम - पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया
- कामेश्वर बैठा - बहुजन समाज पार्टी
- सनम राम - लोकहित अधिकार पार्टी
- राम वचन राम - बहुजन मुक्ति पार्टी
- गणेश रवि - निर्दलीय
- ब्रजेश कुमार तुरी - राष्ट्रीय समानता दल

**सिंहभूम से 14 प्रत्याशी**
- दामोदर सिंह हांसदा - निर्दलीय
- बिसवा विजय माडी - अंबेडकराइट पार्टी
- सुधा रानी बेसरा- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया
- परदेशी लाल मुंडा - बहुजन समाज पार्टी
- दुर्गा लाल मुर्मू - निर्दलीय
- माधव चंद्रा कुनकल - निर्दलीय
- जोबा मांझी - जेएमएम
- चित्रसेन सिंकु - झारखंड पार्टी
- बीर सिंह देवगम - राइट टू रिकॉल पार्टी
- गीता कोड़ा - बीजेपी
- पनमनी सिंह - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)
- संग्राम मार्डी - निर्दलीय
- आशा कुमारी - निर्दलीय
- कृष्णा मार्डी - झामुमो (उलगुलान)

## झारखंड में चौथे चरण में 45 प्रत्याशियों में 13 पर दर्ज है मुकदमा

रांची। झारखंड के पहले चरण के लोकसभा चुनाव में 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से 13 प्रत्याशियों पर मुकदमा दर्ज है। सिंहभूम में 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें चार पर आरोप है। इसी तरह खूंटी में सात प्रत्याशी हैं। दो पर मुकदमा दर्ज है। लोहरदगा में 15 प्रत्याशी हैं। 6 पर मुकदमा दर्ज है और पलामू में कुल नौ प्रत्याशियों में से सिर्फ एक पर ही आपराधिक मुकदमा है। मालूम हो कि चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को आपराधिक पृष्ठभूमि स्वघोषित करने की बाध्यता है। शपथपत्र के अलावा सर्वाधिक प्रसारित तीन समाचार पत्र में दो बार कंडिडेट्स द्वारा इसको सार्वजनिक किये जाने का प्रावधान है। इन सबके बीच आपराधिक छवि के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जाने पर सियासत जारी है।

## पहले चरण के इन प्रत्याशियों पर दर्ज है कोई न कोई आपराधिक मुकदमा

झारखंड में होने वाले चुनाव में कुछ प्रत्याशियों पर किसी प किसी प्रकार के मामले दर्ज हैं जो इस प्रकार है-अर्जुन मुंडा-बीजेपी, समीर उरांव, गीता कोड़ा, सुखदेव भगत, चमरा लिंडा-निर्दलीय, कामेश्वर बैठा, परदेसी लाल मुंडा, माधव चंद्र-निर्दलीय, दामोदर सिंह हांसदा, बबिता कच्छप, बिहारी भगत, रामचंद्र भगत और सनीया उरांव के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तरसहभागिता"

**समाहरणालय, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सभा निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के क्रम में सामान्य जन को चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायत दर्ज कराने एवं समाधान की सूचना प्राप्त करने हेत जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका सम्पर्क नम्बर निम्नवत् है :-

- जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या -06565-247981

2. इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम के सत्यापन/बी0एल0ओ0/मतदान केन्द्र आदि से संबधित जानकारी DCC (District contact Center) के अधोलिखित टॉल फ्री नम्बर के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

- Toll free Number06565-1950

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
PR 324697 Latehar (24-25)_D -सह-उपायुक्त, लातेहार

कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, लातेहार
"तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" के संदर्भ में आम सूचना

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3010 दिनांक 08.05.2024 के द्वारा राज्य के प्रत्येक मतदान केन्द्र को "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोषित किया गया है।

उक्त विभागीय निदेश के आलोक में लोक सभा आम चुनाव, 2024 के निमित मतदान के दिन दिनांक 20.05.2024 को जिलान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर (परिसर सहित) किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ यथा सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

" मतदान, महादान "
"मतदानअवश्य करें"
जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, लातेहार
PR 324695 Latehar(23-24)D


## जेपी वर्मा झामुमो से निलंबित, कोडरमा से निर्दलीय चुनाव लड़ने पर कार्रवाई की



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने बागी नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कोडरमा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले जय प्रकाश वर्मा (जेपी वर्मा) को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है।

पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे के हस्ताक्षर से जारी पत्र के मुताबिक झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष के आदेश पर जेपी वर्मा को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है और निलंबित कर दिया गया है। झामुमो के जेपी वर्मा के निलंबन की जानकारी गिरिडीह जिला अध्यक्ष संजय सिंह और कोडरमा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे को भी दे दी गयी है।

आपको बता दें कि जेपी वर्मा गांडेय विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं। वह यहां बीजेपी कोटे से विधायक रह चुके हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्हें झामुमो प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद से हार मिली थी। पिछले साल वह बीजेपी छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए थे। उन्हें उम्मीद थी कि इंडिया गठबंधन में कोडरमा सीट झामुमो को मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कोडरमा सीट भाकपा माले के खाते में गई और बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह उम्मीदवार बने। इसके बाद जेपी नाराज रहने लगे। इस बीच वह लगातार मैदान में रहे और आखिरकार उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया।

गौरतलब हो कि जय प्रकाश वर्मा कुशवाह समाज से आते हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में कुशवाहा समाज के मतदाताओं की संख्या भी काफी है। इस लोकसभा सीट पर जेपी के परिवार का दबदबा रहा है। जेपी के चाचा रीतलाल प्रसाद वर्मा इस लोकसभा सीट से निर्वाचित होकर पांच बार सांसद बन चुके हैं।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में चेयरमैन, मेंबर सेक्रेट्री की जल्द होगी नियुक्ति

रांची। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में चेयरमैन सहित मेंबर सेक्रेट्री के पद पर नियुक्ति होगी। इसके लिए वन, पर्यावरण विभाग, झारखंड की ओर से विज्ञापन भी जारी हो चुका है। इसके मुताबिक, डेपुटेशन/कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर चेयरमैन की नियुक्ति होनी है। केंद्र, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर में कार्यरत वांछित योग्यता रखने वाले कैंडिडेट इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। उसके पास इनवायरमेंटल साइंस में मास्टर डिग्री या इनवायरमेंट रिलेटेड सब्जेक्ट में डिग्री होनी चाहिए। इनवायरमेंटल प्रोटेक्शन या प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में 10 सालों का कार्यानुभव भी महत्वपूर्ण होगा। ऐसे आइएएस या आईपीएस जो राज्य सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेट्री लेवल पर कार्यरत हों, वे भी आवेदन के योग्य होंगे। इस पद के लिए आवेदकों की अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष तक है। तीन सालों (सिंगल टर्म) के लिए इस पद पर नियुक्ति होगी। मेंबर सेक्रेट्री के पद के लिए केंद्र, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर में कार्यरत लोगों के अलावा प्राइवेट सेक्टर से जुड़े योग्य लोग भी आवेदन कर सकते हैं।

## हार देखकर बौखला गए हैं पीएम, पहले से ज्यादा बोलने लगे हैं झूठ : राजेश ठाकुर




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि अपनी निश्चित हार को देखकर प्रधानमंत्री बौखला गए हैं। पहले से भी ज्यादा झूठ बोलना शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भय, भूख, भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री बात नहीं करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजनी, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, सोनाल शांति मौजूद थे।

**पीएम ने मान लिया कि उनके सांसदों ने कार्य नहीं किया** :राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जिन क्षेत्रों में चुनावी सभा करने आए थे, वहां के सांसदों ने 10 वर्षों में कोई कार्य नहीं किया, जिसमें चतरा के सांसद को उन्होंने जनता के भय से बाहर का रास्ता दिखा दिया, लेकिन पलामू के सांसद में क्या दिखाई दिया कि उन्हें फिर से मौका दिया। पीएम ने यह मान लिया है कि उनके सांसदों ने कोई कार्य नहीं किया है। मोदी को इलेक्ट्रोल बॉन्ड पर बातें करनी चाहिए, कोविशील्ड पर बातें करनी चाहिए, सिर्फ चंद रुपयों के लिए मोदी ने देश की जनता के जीवन से खिलवाड़ किया। जब राहुल गांधी इस मामले में बोलते थे, तब मोदी जी उनका मजाक उड़ाते थे। आज वही बातें सच साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी अब जिस तरह की बातें कर रहे हैं, उससे लगता है कि अब तक 283 सीटों के चुनाव में सिर्फ 43 सीटों पर उन्हें बढ़त दिख रही है, उससे वह हताश हैं। इस कारण उन्हें हिंदुस्तान - पाकिस्तान, श्मशान- कब्रिस्तान की बातें करनी पड़ रही है, ताकि वोटों का ध्रुवीकरण किया जा सके।

### उरांव, महतो को घोषित कर रहे अल्पसंख्यक

राजेश ठाकुर ने कहा कि राजधानी में उनके विधायक उरांव -महतो को टोपी पहनाकर अल्पसंख्यक घोषित कर रहे हैं। उन्हें अपने दल में शामिल करा रहे हैं। जब देश के प्रधानमंत्री पूरे देश को टोपी पहनाने निकले हैं तो यहां के नेताओं को क्या जरूरत है टोपी पहनाकर बताने की अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। देश के चुनिंदा लोगों ने राहुल गांधी के साथ मोदी जी को डिबेट करने को कहा है और राहुल गांधी तैयार हैं तो मोदी जी को भी डिबेट करना चाहिए। उन्हें राहुल गांधी का सामना करना चाहिए, ताकि पता चल सके कि आप मुद्दों पर बात करना चाहते हैं या मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की बात कही है, जबकि हकीकत यह है कि राशन 2013 के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदान किया जाता है जिसे डॉ. मनमोहन सिंह ने पारित किया था और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विरोध किया था।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू।
(प्रेस विज्ञप्ति)
मतदाताओं से अपील

प्रिय मतदाताओं !

लोकसभा आम चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 मई 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है, उसकी परिपूर्ति होना सम्भव नहीं है।

हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें। मुझे पूर्ण भरोसा है कि आप हमारी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे एवं इस नारे को सार्थक करायेंगे।

लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने हेतु मैं शशि रंजन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में 13 मई 2024 को सुबह 07:00 बजे से 05:00 बजे शाम तक आपको अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए आमंत्रित कर रहा हूँ।

"इस बार दिन भर मतदान"

ह0/-
निवेदक
जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, पलामू।
PR 324679 Palamu(24-25)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)

**संशोधित आदेश**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक- 105/पो0बै0, लो0 दिनांक 09.05.2024 के आलोक में Facilitation Centre- 4 एवं Facilitation Centre- 5 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा (Dispatch Centre) में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी/कर्मियों को मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि को समय में आंशिक संशोधन करते हुए करते हुए सुविधा केन्द्र में निम्न प्रकार संशोधित समय सारणी निम्नवत है :-

सुविधा केन्द्र हेतु समय (संशोधित)

समयः- दिनांक 11.05.2024 को पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक एवं दिनांक 12.05.2024 को पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक

| पार्टी सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रारूप 13क सत्यापन हेतु राजपत्रित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (as incharge of FC) | नामित मतदान पदाधिकारी | सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Facilitation Centre – 4 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 10.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | कृष्णा यादव, सहायक शिक्षक, मो0 9334232319 |
| | | | | Polling Officer 2 | भिखराम भगत, सहायक शिक्षक, मो0 9123289262 |
| | | | | Polling Officer 3 | विजय बैठा, सहायक शिक्षक, मो0 9386609699 |
| 5 | Facilitation Centre – 5 समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। (Dispatch Centre) 10.05.2024 से 12.05.2024 तक | झारखण्ड के सभी विधानसभा क्षेत्र | विजय रंजन तिर्की, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा, 9931570766 | Polling Officer 1 | मो0 मेराजूल हक, सहायक शिक्षक, मो0 9693815411 |
| | | | | Polling Officer 2 | अजीत कुमार भारती, सहायक शिक्षक, मो0 8210768108 |
| | | | | Polling Officer 3 | शिव कुमार प्रजापति, सहायक शिक्षक, मो0 7277988092 |

शेष कंडिका यथावत रहेगा।

ह0/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा
PR 324706Lohardaga(24-25)#D


### भाजपा नेता अमित शाह की भाषा पर जतायी नाराजगी

## अर्धसैनिक बल के मंत्री हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे : झामुमो

### हिम्मत है तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखाएं




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा है कि अमित शाह हमारे लिए वरदान हैं। वह जहां-जहां आयेंगे, वहां 2 से 4 हजार लोग जुटेंगे। रविवार से 30 मई तक अमित शाह झारखंड में ही रहें। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 14 सीट इंडी गठबंधन को मिले। सुप्रियो शनिवार को मीडिया से बात कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि अमित शाह की जो भाषा है, वो बड़ी अजीब किस्म की है। उन्होंने कहा कि उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। यह गुजरात नहीं झारखंड है। यहां कोई धमकी नहीं दे सकता। जनता जवाब देगी। यहां बीजेपी को उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा। 13 मई को ही जवाब मिल जायेगा।

**पहले चरण की चारों सीटों पर बीजेपी के साथ है संघर्ष :** सुप्रियो ने कहा कि पहले चरण की चारों सीटों में सीधा चुनावी संघर्ष बीजेपी के साथ है। संयोग से ये चारों सीटें आरक्षित सीटें है। ये चारों सीटें स्पष्ट रूप से इंडिया के पक्ष में आयेंगी। बीजेपी का सफाया होगा। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि गत शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। वहां ढोये गये 5 हजार लोग ही थे। झारखंड के लोग सीधे हैं। ये बिरसा की भूमि है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। ये गुजरात नहीं है। खदेड़ दिए जायेंगे।

सुप्रियो ने कहा कि यदि 2024 में हिम्मत तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखाएं। हर चीज में केवल गीदड़ भभकी देते हैं। भाषा संयमित रखना होगा। शुक्र मनाइये कि वहां कोई आदिवासी नहीं था। मुद्दों पर लड़िए। मुद्दों पर बीजेपी बात करती नहीं है। अर्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे। क्यों श्रीनगर नहीं जाते। अमित शाह जवाब दें। केवल और केवल भयादोहन किया जा रहा है। वित्त मंत्री यहां आती हैं। लैंड स्कैम के आरोपी से मिलती हैं। पेपर का आदान-प्रदान होता है। चुनाव आयोग इस पर संज्ञान लें।

## जनता के समर्थन से खूंटी सीट बड़ी मार्जिन से जीतेंगे कालीचरण: कांग्रेस



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। खूंटी लोकसभा क्षेत्र स्थित तोरपा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, शकील अख्तर एवं प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण बंधुओं एवं सरना समिति के सदस्यों के साथ मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आग्रह किया गया।

इस दौरान सभी नेताओं ने बोला कि कांग्रेस अपनी पांच गारंटी के प्रति प्रतिबद्ध है एवं सरकार बनते ही देश की जनता को उसका खोया हुआ हक कांग्रेस वापस करेगी।

नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में आने का एक ही मकसद है कि वह अपने पूंजीपति मित्रों को मदद पहुंचा सके। जितना धन भाजपा ने अपने मित्रों को दिया है कांग्रेस पार्टी उतना ही धन देश की गरीब जनता को वापस करेगी। नेताओं ने कहा कि फैसला जनता को करना है कि वह किसके साथ जाएगी? जिस तरह से पिछले 10 साल से सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी चल रही है। अब समय आ गया है कि जनता उसे वोट के रूप में अपना जवाब दें एवं भाजपा को सत्ता से बेदखल करे।

नेताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री होते हुए भी अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कोई काम नहीं किया एवं उनका जनता के साथ कोई भी कोई संपर्क नहीं रहा। वहीं कांग्रेस ने जमीनी नेता कालीचरण मुंडा को टिकट दिया है,जो हर समय जनता के लिए समर्पित है और सांसद बनने के बाद आगे भी रहेंगे। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि खूंटी लोकसभा का रुझान हमारे पक्ष में है एवं यह सीट हम बड़ी मार्जिन के साथ जीतेंगे। जनता का अपार समर्थन मिल रहा है जो वोट में भी तब्दील होगा।

# पोलिंग बूथ के आसपास तंबाकू बेचते पाये गये तो होगी कार्रवाई, डीसी ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पोलिंग बूथ के आसपास तंबाकू आदि बेचते कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसे लेकर रांची जिला प्रशासन की ओर से आदेश जारी किया गया है। रांची डीसी सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने 13 मई और 25 मई को सभी प्रकार के तंबाकू और सिगरेट बेचने पर रोक लगा दी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। चुनाव में मतदान करने के लिए जहां एक-एक मतदाता को जागरूक किया जा रहा है, वहीं रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा मतदान केंद्र पर मतदाताओं को सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते नजर आ रहे हैं। इसी के मद्देनजर 13 मई और 25 मई को रांची जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों और उसके आसपास तंबाकू उत्पादों या सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला जर्दा आदि के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। वहीं 13 मई को होने वाले चुनाव में रांची जिले की भी दो विधानसभा सीटें खूंटी और लोहरदगा हैं।

रांची जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के दिन मतदान केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के नशे की बिक्री पर सीधे तौर पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 25 मई को रांची लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के दिन भी जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति मतदान केंद्र के आसपास मादक पदार्थ बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

## माइक्रो आर्ब्जवर, पीठासीन पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों का रैन्डमाइजेशन



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रांची जिला के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इसे लेकर शनिवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीसी नेगी व निवार्ची पदाधिकारी 08-संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में माइक्रो ऑब्र्जवर, पीठासीन पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की थर्ड रैन्डमाइजेशन पूरी की गयी। इस दौरान रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी मांडर विधानसभा क्षेत्र, सहायक निवार्ची पदाधिकारी तमाड़ विधानसभा क्षेत्र, जिला सूचना पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही पोलिंग पार्टियों की बूथ टैगिंग भी पूरी हुई।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह, शिवलाल सहित कई लोग पार्टी में शामिल

# झारखंड भाजपा की देन इसलिए इसका विकास भी एनडीए ही करेगा : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 11 मई को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की मौजूदगी में शिवलाल महतो भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। श्री साहू ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई।



मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। किसानों के लिए काम किया है। मां-बहनों के लिए काम किया है। गांव के लिए काम किया। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। चार करोड़ गरीबों को घर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि फिर से सत्ता में आने पर बेघर गरीबों को घर दिया जाएगा। गरीबों को घर ही नहीं गैस कनेक्शन-चूल्हा भी देने का काम किया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसकी चिंता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। हर महीने गरीबों को मुक्त अनाज दिया जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि कोई गरीब अगर बीमार हो जाए तो अपना इलाज अच्छे अस्पताल में करा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री ने उनका 5 लाख रुपए बीमा किया। इससे वे अपना इलाज अच्छे अस्पतालों में करा सकेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग विकास और झारखंड के विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन वर्षों से चल रहा था। देश की आजादी के समय से चल रहा था, जो लोग अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे, उन लोगों को कांग्रेस ने खरीद लिया, पर झारखंड अलग राज्य नहीं दिया। झारखंडियों की भावना और सम्मान का ख्याल नहीं रखा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि केंद्र में सरकार बनते ही झारखंड अलग राज्य देंगे। केंद्र में सरकार बनते ही अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया। अलग राज्य भाजपा की देन है। कांग्रेस पार्टी देश में 55 वर्षों तक राज की, लेकिन गांव में बिजली नहीं पहुंची। गांव में सड़कें नहीं थी। बीजेपी की सरकार और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिजली और सड़कें गांव-गांव तक पहुंची।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राज्य को लूट रहे हैं। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 350 करोड रुपए मिले थे। भ्रष्ट अधिकारी और उनके सिंडिकेट से 22 करोड रुपए मिले थे। अभी मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए मिले हैं। ये पैसे लूट के हैं। इन लोगों ने नदी के बालू को नहीं छोड़ा। पहाड़ को काटकर बेच दिया। जमीन के फर्जी कागजात बनाकर उसे बेच दिया। झारखंड का विकास भारतीय जनता पार्टी ही करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा के सदस्य ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी काम देगी, उसका इमानदारी से निर्वहन करेंगे। झारखंड में एनडीए को 14 में से सभी 14 सीट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

**इन्होंने थामा भाजपा का दामन**

भाजपा के सदस्यता ग्रहण करने वालों में किशोर राणा, उर्मिला देवी, वासुदेव यादव, चंडिका रजक, अशोक गुप्ता, पवन तुरी, टेकलाल महतो, मुकेश उपाध्याय, अनुज दुबे, मुनीनाथ महतो, भोला सिंह, शुकरा ठाकुर, रोशनी देवी, आकाश कुमार, राकेश चौहान, राजेश चौधरी, दीपक गुप्ता, कैलाश राणा, बबलू वर्मा, कुलेश्वर महतो, सुरेंद्र सिंह, देव कुमार राणा, विजय ठाकुर, चंद्रिका रजक, वकील राणा, खेमराज महतो, राजेंद्र कुमार वर्मा, गणेश रजक, दिलीप राणा भी शामिल थे।

# मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को कराऊंगी निरस्त : यशस्विनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने एनएसयूआई के छात्र पंचायत में कहा कि बीजेपी सरकार की ओर से चलाई जा रही अग्निपथ योजना को निरस्त किया जाएगा। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। छात्र पंचायत का आयोजन एनएसयूआई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नामकुम में किया गया था।




यशस्विनी सहाय ने कहा कि संवाद से ही समाधान निकलता है। छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हूं। जिससे उनकी समस्याओं को समझ कर समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा, मोदी सरकार में पूरे देश के छात्र और नौजवान सबसे अधिक परेशान हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन मोदी सरकार के पास अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने के अलावा कोई दूसरी योजना नहीं है। उन्होंने पंचों को न्याय के बारे में समझाया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह ने कहा कि केंद्र में सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करने के साथ सभी खाली पड़े पदों को भरने का काम करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख पदों को भरने का काम करेंगे।

# नहाने के दौरान धुर्वा डैम में गहरे पानी में डूबे दोनों छात्रों की मौत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा डैम नहाने के क्रम में शनिवार को दो स्कूली छात्र डूब गए। जानकारी मिलने के बाद स्थनीय गोताखोर दोनों छात्रों को डैम से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गये। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान दोनों छात्र डैम में बने खतरे के निशान को पार गए, इसी दौरान दोनों छात्र डूब गए। गोताखारों की टीम को शाम तक दोनों बच्चों का शव नहीं मिला था। दोनों बच्चे धुर्वा के प्रभात तारा स्कूल के छात्र थे।

ये दोनों बच्चे 16 वर्षीय आर्य शर्मा और 17 वर्षीय आलोक शर्मा हैं। आर्य शर्मा के पिता सुदीप शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चे घर से कब धुर्वा डैम चले गए उन्हें पता ही नहीं चला। उन्हें पुलिस के द्वारा फोन पर जानकारी दी गई।

**गहरे पानी मे डूबे :** स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बच्चे डैम में नहा रहे थे इसी दौरान नहाते नहाते खतरे के निशान को पार कर गए और डूबने लगे। जिस समय दोनों बच्चे डूब रहे थे उस समय मौके पर कोई गोताखोर नहीं था इसलिए उन्हें बचाया नहीं जा सका।

नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पुलिस के द्वारा स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया था लेकिन वे शाम तक बच्चे को निकाल नही पाए हैं।

## वेबसाइट पर जारी की गयी चार माह की रिपोर्ट

# हाईकोर्ट ने 4 माह में निबटाए 19928 केस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले चार माह में 19 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया है। यह आंकड़ा इसलिए अपने आप में बड़ा है क्योंकि हाईकोर्ट में फिलहाल 19 न्यायधीशों की बेंच ही बैठ रही है। वहीं, झारखंड हाईकोर्ट में बेंच की कुल संख्या 25 है।

झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक कुल 19028 मामलों का निष्पादन किया, जिसमें सिविल और क्रिमिनल नेचर के दोनों मामले शामिल हैं। 1 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट में सिविल नेचर के कुल 38445 मामले लंबित थे, वहीं क्रिमिनल नेचर के कुल 47148 मामले सुनवाई के लिए लंबित थे। लेकिन 30 अप्रैल तक हाईकोर्ट ने सिविल नेचर के 6942 मामले सुनवाई के बाद निष्पादित कर दिए। वहीं क्रिमिनल नेचर के 12286 मामले सुनवाई के बाद निष्पादित कर दिए गए। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 16918 था।

हाईकोर्ट की वेबसाइट पर जारी की गई चार माह की रिपोर्ट में सभी जजों द्वारा सुने गए मामलों और उनके द्वारा निष्पादित किए गए मामलों की संख्या भी जारी की गई है। जिसके मुताबिक, हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने पिछले चार महीने में झारखंड हाईकोर्ट में सबसे ज्यादा मामलों का निष्पादन किया है। उन्होंने 1 जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक कुल 3402 मामले निष्पादित किए हैं। वहीं उनके बाद सबसे ज्यादा केस निष्पादित करने वाले न्यायाधीश राजेश कुमार हैं। जिन्होंने इस अवधि में 3106 मामले निष्पादित किए हैं। लंबित मामलों के निष्पादन के ये आंकड़े तब हैं, जब हाईकोर्ट में फिलहाल सिर्फ 19 न्यायधीशों की बेंच ही बैठ रही है। जबकि हाईकोर्ट में बेंच की टोटल संख्या 25 है।

# गर्मी से मिलेगी राहत, 14 तक गरज के साथ बारिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। शनिवार की दोपहर रांची से सटे तमाड़ में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम केंद्र के अनुसार 14 मई तक मेघ गर्जन के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए तात्कालिक अलर्ट जारी किया है। मौसम में आयी बदलाव के कारण गर्मी से राहत मिलेगी। बादल छाये रहेंगे।

**40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा :** मौसम केंद्र के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर तेज गति से हवा चलने की आशंका है। इसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका प्रभाव चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, रामगढ़, रांची, सरायकेला-



खरसावां, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, कोडरमा, पलामू जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा।

**और चार दिनों तक बदलता रहेगा मौसम का मिजाज :** मौसम केंद्र के अनुसार 15 मई तक राज्य के मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। 12 से 15 मई तक राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं गर्जन के साथ भी बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है।

# ट्रेन में यात्री का मोबाइल चोरी कर देवघर में एटीएम से निकाला 3.25 लाख रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआईडी की रांची साइबर क्राइम थाना पुलिस ने युवक के मोबाइल चोरी कर उसके खाते से 3.25 लाख उड़ने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। धनबाद के चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लालडंगा निवासी आरोपी संतोष कुमार मंडल के पास से एक मोबाइल, दो सिम ओर एक एटीएम पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार रांची साईबर क्राईम थाना (काण्ड संख्या 130/2024) में पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर काण्ड दर्ज किया गया था। पीड़ित का मोबाईल अज्ञात साईबर अपराधियों ने धनबाद स्टेशन के करीब चोरी कर विभिन्न बैंक खातो में 3,25,000 रू ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित रांची से हाथिदा जा रहा था।



28 अप्रैल को अहले सुबह धनबाद स्टेशन पहुंचने पर मालुम चला की दोनो फोन बैग से चोरी हो गया। आरोपी पीड़ित के मोबाईल का पासवर्ड खोलकर खाता से रुपये उड़ा लिया। इस काम को करने के लिए साईबर अपराधी चोरी का मोबाईल इंतजाम कर लॉक पैर्टन खोल देते हैं। इसके बाद फोन में मौजूद निजी एवं बैंकिग संबंधित जानकारी एकत्र करके बैंक रजिस्टर्ड सीम का प्रयोग कर इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करके अलग-अलग बैंक खाता में ट्रांजेक्शन कर देवघर के विभिन्न एटीएम से निकासी की थी। पैसे ट्रांसफर करने के लिए साईबर अपराधी वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल के विभिन्न बैंक खाताओं एवं फर्जी सीम का प्रयोग करते हैं।

## रांची में कार से 4.56 लाख नकद बरामद



**रांची।** विधानसभा थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक कार से करीब 4.56 लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार एक लाल कलर की स्विफ्ट कार से कैश बरामद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक कार में तीन युवक सवार थे, जिसमें से एक युवक मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी फिलहाल रांची पुलिस को दी गई है। जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस जांच में जुटी हुई है। इधर कैश बरामद होने की सूचना के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी के कान खड़े हो गए है।

# पिछड़ा विरोधी सांसद हैं निशिकांत दुबे : ओबीसी मोर्चा

**रांची।** सांसद निशिकांत दुबे घमंडी व पिछड़ा विरोधी मानसिकता के हैं। ओबीसी समुदाय को वे कुत्ता-बिल्ली से भी बदतर समझते हैं। 2022 में संकट की घड़ी में मांगे गए मदद को 2024 में राजनीतिक रंग देना यह निहायत ही निम्न स्तर की बात है, जबकि उन्होंने स्वीकार किया कि मैं राजकुमार भगत को मदद नहीं किया है। बावजूद फेसबुक पर पोस्ट करना इंसानियत को शर्मसार करना है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार भगत के साथ सांसद ने भावनात्मक ब्लैकमेलिंग किया है। दरअसल सांसद निशिकांत दुबे को विकट घड़ी में मदद की मांग की भाषा समझ में नहीं आती है क्यों की वे घमंडी और पिछड़ा विरोधी है।

# डॉ बीरेन्द्र महतो और डॉ रीझू नायक को रवीन्द्रनाथ टैगोर गौरव सम्मान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लुप्त होती कठपुतली कला के संरक्षण व संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ रीझू नायक को रविन्द्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान प्रदान कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ महतो व डॉ नायक ने बताया कि बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, फतेहाबाद, आगरा द्वारा आयोजित किये गए एक समारोह में उनको शिक्षा, संस्कृति, नागपुरी साहित्य सेवा, कला, शोध, समाज सेवा, तथा राजनीति आदि क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए संस्था के मुख्य अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा रविन्द्र नाथ टैगोर गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# न्यूक्लियस मॉल में किसका-किसका पैसा लगा है हिम्मत है तो बीजेपी इसकी जांच करे : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि 9 मई के दिन बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सेना की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम कराने के मामले में ईडी की कार्रवाई में आरोपी विष्णु अग्रवाल से मुलाकात किसके माध्यम से हुई इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को बताना चाहिए कि न्यूकिल्यस मॉल में किसका पैसा लगा है। इसकी जांच भी कराये।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि भगवान ने बाबूलाल मरांडी का चरित्र सार्वजनिक कर दिया है, अब उन्हें भ्रष्टाचार पर बोलने का



कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सेना की जमीन हड़प ली है, वित्त मंत्री से उनकी मुलाकात और वहां उनकी उपस्थिति को लेकर राज्य की जनता बाबूलाल मरांडी से नफरत कर रही है और बाबूलाल मरांडी पर थू-थू कर रही है।

बंधु तिर्की ने कहा कि बाबूलाल मरांडी खुद को बहुत ईमानदार और महान व्यक्ति बताते हैं। अब बाबूलाल मरांडी बताएं कि सेना की जमीन तक नहीं छोड़ने वाले विष्णु अग्रवाल से उनका क्या रिश्ता है? बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में विष्णु अग्रवाल की केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात से साफ पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी का भ्रष्टाचार के प्रति दोहरा रवैया है और उसकी कथनी और करनी में अंतर है।

बंधु तिर्की ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को विष्णु अग्रवाल जैसे लोगों से सबके सामने निर्मला सीतारमण से मिलने में कोई झिझक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) वित्त मंत्रालय के अधीन है। जिसकी मंत्री निर्मला सीतारमण हैं और हर समझदार व्यक्ति निर्मला-विष्णु और बाबूलाल की इस मुलाकात का मतलब समझ सकता है। उन्होंने कहा कि दो-चार दिन पहले जब कांग्रेस विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर पर ईडी ने छापेमारी की तो बीजेपी नेता आलमगीर आलम पर आरोप लगाने लगे। तो फिर बीजेपी को बताना चाहिए कि जमानत पर बाहर चल रहे कारोबारी विष्णु अग्रवाल से वित्त मंत्री की मुलाकात पर क्या कहा जाना चाहिए।

बंधु तिर्की ने कहा कि बीजेपी को झारखंड और यहां की जनता को सिर्फ अपने चश्मे से देखना बंद कर देना चाहिए क्योंकि एक तरफ प्रधानमंत्री लव जिहाद और लैंड जिहाद की बात करते हैं तो दूसरी तरफ केंद्रीय वित्त मंत्री की तस्वीर ऐसे आरोपियों के साथ छपती है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा संथाल में जनसांख्यिकी की बात करती है, तो उन्हें रांची जिले, जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), धनबाद, बोकारो को भी उसी नजर से देखना चाहिए, जहां आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है और उन्हें विस्थापन और पलायन की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बंधु तिर्की ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश से आकर लोग शहर पर कब्जा कर रहे हैं, राजधानी रांची की डेमोग्राफी ही बदल गयी है। जिसका आदिवासियों के जीवन, सभ्यता और संस्कृति के साथ-साथ उनकी आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर मेडिका हॉस्पिटल में सेवा का संकल्प कार्यक्रम

## अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर विशेष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को मेडिका हॉस्पिटल की ओर से हफ्ते भर चली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन को एक विशेष आयोजन के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ एवीपी अनिल कुमार, डॉ. आशुतोष, डॉ. विजय मिश्र, डॉ. पंकज मिश्र, डॉ. गणेश कुमार, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. निर्मल, डॉ. योगेश जैन, डॉ. अंतरिक्ष, डॉ. अंजना गाँधी, डॉ, दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ.स्निग्धा, डॉ. शीतल,डॉ.रोहित, नर्सिंग हेड सिस्टर तंजीत कौर और नर्सिंग टीम लीडर्स द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



मौके पर अनिल कुमार ने कहा कि मेडिका हॉस्पिटल की नर्सिंग टीम की योग्यता, समझ, सेवा और टीम भावना झारखंड में अप्रतिम है। मेडिका की नर्सिंग टीम ने अपने समर्पण और सेवा भाव को झारखंड में स्थापित किया है।

अस्पताल के वरिष्ठ प्रबंधन और स्टाफ जैसे कि जीएम मनीष गुरुदत्त, एडीसी जीएम रामअवतार जांगिड़, फाइनांस हेड नीरज कुमार, डीजीएम डॉ. दीपक मल्लिक, मार्केटिंग हेड मानस लाभ, ब्रांड, इवेंट्स और मीडिया हेड भारती ओझा, डायटीशियन हेड डॉ. विजया, आईटी हेड सुहैल कैसर, पूरे नर्सिंग स्टाफ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। एक सप्ताह तक चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में नर्सेज ने क्विज, म्यूसिकल चेयर, ट्रेडिशनल ड्रेस, फैशन शो, नॉन-फायर कुकिंग आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया गया। मौके पर सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी गयी और नर्सिंग समुदाय के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

खबर एक नजर में

## हज यात्रियों का जत्था रवाना



**रांची।** कोलकाता एयरपोर्ट से झारखंड के हाजियों का जत्था रवाना किया गया। इसमें लगभग 643 हाजी झारखंड के अलग अलग ज़िला से है। हाजियों के रवानगी से पहले झारखंड हज कमिटी के चेयरमैन सह विधायक जामताड़ा डॉक्टर इरफान अंसारी मुस्तैद दिखे। विधायक ने एक एक हाजियों से मिलकर उनका हालचाल लिया। उन्होंने हाजियों से झारखंड व देश में अमन चैन की दुआ की गुजारिश की।

## श्री श्याम भंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल हरमू के द्वारा शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में प्रवेश मोहन मधु कुमारी एवम परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। यजमान सिन्हा परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था।

## नर्स सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा के द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर नर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा कि नर्स बहनों की ड्यूटी दिन रात रहती है। अपनी मेहनत और सेवा से मरिजो के चेहरे पर मुस्कान ला देती है। आयोजन में मुख्य जन सेवा प्रभारी दीपिका मोतिका, चंद्रकला एवं संयोजिका कविता सोमानी का योगदान रहा। मौके पर सचिव सुभा अग्रवाल, दीपिका मोतिका, चंद्रकला, कविता सोमानी, कविता जालान,सरिता बथवाल, पूजा जैन आदि उपस्थित थी।

## पटेल बी.एड कॉलेज में कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची।** पटेल बी .एड .कॉलेज के सत्र 2023 –25 के छात्र–छात्राओं द्वारा शनिवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्राचार्या डॉ . अनुराधा कुमारी उपस्थित थी। प्रदर्शनी की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्य डॉ .अनुराधा कुमारी ने रिबन काटकर एवं दिया प्रवचलित कर किया। छात्र–छात्राओं ने सुंदर–सुंदर कलाकृतियां बनाई।

## विद्यार्थियों ने बताया मतदान का महत्व

**रांची।** सेंट गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल, एदलहातू में शनिवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत बच्चों ने स्लोगन, कविता लेखन, कविता वाचन तथा पेंटिंग में भाग लिया। छात्रों ने स्कूल परिसर के बाहर राहगीरों को मतदान का महत्व भी बताया। प्राचार्या डॉ सुषमा केरकेटटा, उप प्राचार्य साइमन सारकी, सचिव डेजी मुस्कान केरकेप्ता, शिक्षिका उषा रानी देमता, संध्या शर्मा, मनोरमा सिंह, प्रेमा कुमारी मौजूद थीं।

## खुशी के लिए राजयोग का अभ्यास जरूरी



**रांची।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शनिवार को ओम शांति रिट्रीट सेन्टर दिल्ली से मोटिवेशनल स्पीकर ब्रम्हाकुमारी ईशू बहन का आगमन हुआ। ईशु बहन ने कहा हमेशा खुश रहने के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने कहा खुशी जैसी कोई खुराक नहीं। हमें हर पल जीवन का आंनद लेना चाहिए। परमात्मा सदा हमारे साथ है। इस मौके पर केन्द्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी निर्मला बहन मौजूद थी।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना मातृ दिवस



**रांची।** मां ईश्वर की अप्रतिम कृति और मातृत्व एक अनमोल उपहार है। मां संस्कार, प्रेम, दया और त्याग की प्रतिमूर्ति होती है। ये बातें कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या नीता पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि मां सर्वोच्च और पूजनीय है। मौके पर मां पर आधारित गीतों का एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर आशा राज, विनीता वर्मा, सतीश कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडू, ईशान कालिंदी, रेशमा, सानिया राजवंशी, रचिता सिंह और मणि मुर्मू ने भूमिका निभाई।

## संत जेवियर्स कॉलेज में नाटक पर कार्यशाला



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में अंग्रेजी (भाषा व साहित्य) विभाग, पत्रकारिकता विभाग व आईक्यूएसी के द्वारा शनिवार को तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रंगमंच व नाटकों के मूल सिद्धांतों की विवेचना करते हुए इनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड थियेटर के सिद्धार्थ प्रधान ने विद्यार्थियों को थियेटर के सिद्धांत से अवगत कराया। उन्होंने कार्यशाला में कहानी कहने के तत्व, अभिनय तत्व, अभिनय के दौरान उत्पन्न होने वाले मानवीय भावनाएं व व्यक्तित्व महत्व के चार तत्व आंगिक, वाचिक, अहार्य व सात्विक की जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एन. लकड़ा, एस जे ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ शिव कुमार, डॉ सीमा खलखो, डॉ उदिता, शुभम कुजूर, सौरव सिंह व छात्र– छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रोफेशनल कांग्रेस के शक्ति कार्यक्रम में यशस्विनी सहाय ने महिलाओं की भूमिका पर विचार रखा

# राज्य के विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना हमारा लक्ष्य : यशस्विनी सहाय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में शनिवार को करमटोली चौक स्थित प्रेस क्लब रांची में शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय उपस्थित हुई एवं कार्यक्रम का संचालन झारखण्ड प्रोफेशनल्स कांग्रेस वॉर रूम के स्टेट कॉर्डिनेटर विद्याकर कुँवर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर अभ्युदय एनजीओ के नदीम,अनुष्का एवं बड़ी संख्या में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, डॉक्टर्स, लाव्यर्स एवं अन्य प्रोफेशनल्स मौजूद थे।

रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय ने कहा कि स्टेट डेवलपमेंट एवं ग्रोथ में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना एवं इकोनॉमिकली मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। हमलोग महिलाओं को जागरूक कर उनका हक अधिकार और इनसे जुड़े हुए जो कानून है उनपर जागरूकता अभियान चलायेंगे एवं सरकार से बात कर अधिक से अधिक महिला थाना बनवायेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के काम करने के लिए एक वर्किंग एनवायरनमेंट, महिला सुरक्षित फ्रेंडली एनवायरनमेंट और पालिसी फार्मेशन हमारा लक्ष्य है।

यशस्विनी सहाय ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 लोकतंत्र का महापूर्व है, इसमें सबों की सहभागिता बहुत ही जरूरी है तभी समाज व देश तरक्की कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं युवतियों की जो सोच है विजन है उसको कैसे आगे लेकर जाएं वो मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा हमारा पहला लक्ष्य झारखण्ड के हर एक वर्ग के प्रोफेशनल्स के साथ मिलकर एक थिंक टैंक प्लेटफार्म बनाना है। मजबूत समाज या मजबूत देश बनाना हो तो महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है। आज महिलाएं सशक्त हैं और बढ़-चढ़कर सभी क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। इसे और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज हमलोगों के बीच इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी बहुत ही अच्छे विजन के साथ रांची के विकास के लिए खड़ी हुई है। पूरे रांचीवासी अपना प्यार और समर्थन दे रहे है और इनकी जीत भी होगी। कार्यक्रम में मिनाक्षी सिंह और डॉक्टर रीमा खलखों ने भी अपना विचार रखा।

शक्ति कार्यक्रम में भुवनेश ठाकुर, विद्याकर कुँवर, ऐलन एंड्रयू, प्रखर मोदी, मनीष मिंज, रवि खलखो, रंजित सिसोदिया, कृष्णा सहाय, संजीव महतो, अनिल सिंह, प्रमोद जयसवाल, डॉ आरपी शर्मा, मुनेश्वर सिंह, लता कुमारी, हरीश प्रभाकर, राहुल कुमार, उमेश कंठ, अनिल जायसवाल, दीपांशु साहू, तरुणा सिंह,आर्या कुमारी, भानु प्रताप सिंह, अर्चना, सोनू सिंह, इरफान, प्रेम कुमार मौजूद थे।

### सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

## अपने विचारों और ज्ञान में वृद्धि तथा नया कौशल ग्रहण करें युवा : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। युवा अपने विचारों व ज्ञान के साथ नए कौशल ग्रहण करें। सिल्ली विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्प्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ के दौरान कही।

क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है।

उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस नए विचारों व अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों एवं नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे तभी उपयोगी साबित होगा। मौके पर उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन की सफलता के लिए कॉलेज प्रबंधन, छात्र-छात्राओं और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## गोस्सनर कॉलेज में एंकरिंग कार्यशाला 16 मई से

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग में 16 से तीन दिवसीय एंकरिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 18 मई तक चलनेवाली इस कार्यशाला में ऑडियो तथा वीडियो माध्यमों के लिए एंकरिंग करना सिखाया जाएगा। मंच संचालन करने का तरीका बताया जाएगा।

**बेस्ट तीन एंकर्स किये जायेंगे पुरस्कृत :** को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर आशा रानी केरकेट्टा ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को एंकरिंग की जानकारी दी जाएगी। संयोजक प्रोफेसर महिमा गोल्डेन ने बताया कि कार्यशाला में 30 सीट रखा गया है। इसमें विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं। बेस्ट तीन एंकर पुरस्कृत होंगे।

## नवनिर्वाचित पासवा के अध्यक्ष और महासचिव को किया गया सम्मानित



**रांची।** पासवा की एडहॉक कमिटी के अध्यक्ष मो उस्मान और महासचिव मसूद कच्छी को झारखंड मुस्लिम मैनोरेटी स्कूल एसोसिएशन द्वारा शनिवार को संत जीएम स्कूल हिंदपीढ़ी में सम्मानित किया गया। इस मौके पर जमसा के महासचिव मो उस्मान ने पासवा के झारखंड अध्यक्ष मो उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी को मोमेंटो, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पासवा कोडरमा के अध्यक्ष डॉक्टर बीएनपी बरनवाल ने भी संबोधन किया। मौके पर जमसा के अध्यक्ष सैयद अंसरुल्लाह, उपाध्यक्ष महताब आलम, कोषाध्यक्ष मो अर्श, जिक्रा अरबिक स्कूल के हाफिज कलाम, शमश तबरेज, सहला मैडम, नाजिया अफजल, शमीमा खातून, गुफराना नाज, राज, अमित कुमार, मिनोती देवी, सोनी कुमारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## इफ्को ने आयोजित की किसान सभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अनगडा प्रखंड के गुन्दली टोली गाँव में शनिवार को इफको द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में गाँव के किसानों ने भाग लिया। मौके पर इफको के चंदन कुमार ने बताया कि इस गाँव के किसान मुख्यतः गोबर खाद आधारित खेती करते हैं और रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न के बराबर प्रयोग करते हैं। इनके द्वारा बाजार में उपलब्ध संकर और उन्नत किस्म के बीजों प्रयोग खेती में होता है। ये बीज पोषण यानि खाना के प्रति बहुत ही सुग्राही होते हैं। ऐसे में पोषण के उचित प्रबंधन नहीं होने के कारण इन महंगे बीजों के प्रयोग से जो उत्पादन मिलना चाहिए वो उन्हें नहीं मिल पाता है और रोग और कीटों का प्रकोप भी ज्यादा होने लगता है। ऐसे में इफको के विभिन्न तरह के उत्पाद जो फसलों के सम्पूर्ण विकास में अपना योगदान देते हैं।

इस गोष्ठी के अंत में सखी मण्डल के महिला किसानों को नैनो उर्वरकों के प्रयोग के लिए एक बैट्री चालित नैपसैक स्प्रेयर भी इफको के द्वारा निःशुल्क दिया गया।

### एसएस मेमोरियल की प्राचार्या से मिला छात्र आजसू का शिष्टमंडल

## महाविद्यालय में हो रहे मेंटेनेंस कार्य पर कड़ी नजर रखे महाविद्यालय प्रशासन : दीपक दुबे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें एसएस मेमोरियल महाविद्यालय मे छात्र छात्राओं को हो रही परेशानी से अवगत करवाया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे ने प्राचार्य महोदया को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की एसएस मेमोरियल महाविद्यालय मे जो मेंटेनेंस का काम चल रहा है। उसका सही तरीके से करवाया जाए। छात्र छात्राओं से खेलकूद के लिए जो फंड मे पैसा लिया जाता है। उस पैसे से यहां के छात्र छात्राओं को खेल की सामग्री उपलब्ध कराई जाये। महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत लाइब्रेरी में पुस्तक उपलब्ध कराई जाए। महाविद्यालय मे कक्षा समय से संचालित हो। वहीं मौके पर मौजूद एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के करण सिंह ने कहा की 7 दिनों में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्र आजसू महाविद्यालय मे तालाबंदी करेगी। मांगपत्र सौंपने वालों में मुख्य रूप से: दीपक दुबे, हर्ष उरांव, अश्विनी पंडित, कुणाल सिंह, कारण सिंह, जैद शाह थे।

## युवाओं के अधिकार के लिए संघर्ष करेगा संगठन : एस अली

**रांची।** न्याय और अधिकार के सवाल पर शनिवार को झारखंड छात्र संघ एवं आमया संगठन द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि छात्र युवाओं के अधिकार और सम्मान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यूनिवर्सिटी कॉलेज में छात्रहित से जुड़े मामले हल नहीं हो रहे हैं। जेपीएससी और जेएसएससी मनमानी कर रहा है, सचिवालय सहायक के स्वीकृत पद को घटाने का प्रयास हो रहा है, वहीं प्रारम्भिक सहायक शिक्षक और उर्दू सहायक शिक्षक पद का नाम बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया और ग्रेड पे 4200 एवं 4800 से घटाकर 2400 व 2800 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने कभी धर्म के आधार पर या एसटी एससी, एसटी आरक्षण में हिस्सेदारी कि मांग नहीं की बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के आधार पर आरक्षण कि वकालत की।

### मदर्स डे पर पारस हॉस्पिटल, एचइसी के डॉक्टरों की सलाह

## बढ़ती उम्र में अपनी मां का समय-समय पर हेल्थ चेकअप जरूर कराएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मदर्स डे मनाया जाता है। इस मदर्स डे पर एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल ने जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा हो गयी है, उन्हें कई प्रकार के जांच करने की सलाह दी है। खासतौर पर 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा है। गाइनाकोलॉजिस्ट डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि बढ़ती उम्र में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा होता है और इससे बचने के लिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने चाहिए। इससे बीमारियों से बचने में मदद मिलेगी और सही समय पर उन्हें डिटेक्ट कर इलाज करने में भी आसानी होगी। गाइनाकोलॉजिस्ट डॉ अंशु अग्रवाल ने कहा कि 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के शरीर में कई जरूरी विटामिन्स व न्यूट्रिएंट्स की कमी हो सकती हैं। इससे कई बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। इसलिए कुछ जरूरी टेस्ट करवाएं ताकि वह लंबे समय तक सेहतमंद बनी रहे। सभी महिलाओं को हर साल कुछ हेल्थ हेल्थ चेकअप कराने चाहिए, ताकि बीमारियों का पता सही वक्त पर चल सके और बेहतर इलाज हो सके। इनमें ब्रेस्ट एग्जामिनेशन, गायनी एग्जामिनेशन, पैप स्मीयर, अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट कराने चाहिए।

गाइनाकोलॉजिस्ट डॉ स्निग्धा चटर्जी ने कहा कि जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा से है, तो मैमोग्राम टेस्ट कराना चाहिए। ये टेस्ट अनिवार्य होते हैं और सभी महिलाओं को हर साल करवाने चाहिए। इससे बीमारियों से बचने में मदद मिल सकती है। 50 की उम्र में हर साल ईसीजी, इको, ईकेजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) बीपी और टीएमटी कराने चाहिए। हर साल कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए। अगर आपको डायबिटीज, हार्ट या किडनी से जुड़ी कोई समस्या है तो इससे भी जल्दी डॉक्टर की सलाह पर टेस्ट करवाते रहें। उम्र बढ़ने के साथ आंखों में मोतियाबिंदु या ग्लूकोमा का शिकायत होने लगती है। हर छह माह पर डॉक्टर की सलाह से आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए।

## दवा ने मातृ दिवस की थीम पर किया रंगारंग कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने शनिवार को मातृ दिवस की थीम पर आईएमए हॉल में रंगरंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर सदस्यों के द्वारा कविता पाठ, मदर्स डे आधारित रैंप वॉक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष श्रीला चौधरी, चेयरपर्सन विनीता शरण तथा को-चेयरपर्सन झूमा सरकार ने सभी मातृ शक्तियों को बधाई दी। सचिव अमृता वैद्या ने चैरिटी कार्यक्रम के बारे में सदस्यों को बताया। कार्यक्रम में मिथिलेश सिंहा, सविता रानी सिंहा, मीरा गुप्ता, रुखसाना बानो, निभा मिश्रा, सुमन झा, डॉ सुषमा सिंहा, तबस्सुम हसन, रंजना भगत, शालिनी भगत, मीनाक्षी बजाज, डॉ रश्मि अनुपम, डॉ अर्पिता मिश्रा, डॉ अंकिता वर्मा, अंजलि आर सिंह, रेखा मिश्रा, विभा सिंह, शिवानी साहू, नीलम शेखर, सुप्रिया ठाकुर, अंजू कुमारी सिंह, प्रीति कश्यप, रश्मि सिंहा, डॉ नेहा प्रिया, रेनू तिवारी, डॉ शालिनी गुप्ता, अंजना बरनवाल, नीता सहाय, श्रावोणी गंगोपाध्याय, बिंदु प्रसाद, अंजलि गणेश, डॉ स्मृति नारायण, सीमा माहेश्वरी, रीना शाह, रश्मि अग्रवाल, श्वेता सुरभि, रश्मि बक्शी, मीनाक्षी महतो, रंजना जैन, डॉ कुमारी आभा, आरती सिन्हा, डॉ अनु, तरुणा छाबड़ा, निर्मला गाड़ोदिया, पूर्णिमा लाल, अनिता पंकज, रिंकू चौधरी, पूनम झा, सुनीता सिंहा, प्रभा दारुका, आशा श्रीवास्तव, पल्लवी सुनील, अर्चना जगनानी, तनु, डॉ रश्मि कुमारी, पल्लवी शरण, सुफिया अली, सविता जारिका,डॉ वनिता वैशाली उपस्थित थी।

स्पीड न्यूज

## ओरमांझी बाजार से बाइक की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी बाजर से एक स्पेलेंडर बाइक की चोरी हो गई है। थाना क्षेत्र के बरवे निवासी हैदर अली अपनी बाइक जेएचव1एपी-1996 में सवार हो ओरमांझी बाजार गया था। बाजार के समीप बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने गया। लौटा तो बाइक गायब थी। आसपास तालास करने पर बाइक का कोई पता नही चला। जिसके बाद वह ओरमांझी थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ माला दर्ज कराया गया। बताया गया ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजार व प्रखंड मुख्यालय आसपास से बाइक की लगातार चोरी हो रही है।

## मांडर सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**मांडर ।** मांडर नारो मुख्य पथ पर शुक्रवार की रात लगभग 10 :00 बजे विसाही मोड़ के निकट हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय रोहित सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रोहित सिंह अपने जरूरी कार्य से अपनी बाइक पर सवार होकर नारो से मांडर की ओर जा रहे थे । इसी दौरान बिसाही मोड पर काफी तीखा मोड होने के कारण और संतुलित होकर में सड़क पर गिर पड़े। सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर उस पर पड़ी। परिजनों और पुलिस ने सूचना मिलने पर रोहित को मिशन स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। शनिवार की देर शाम पोस्टमार्टम से आने के बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने महिला का शव बरामद किया

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गवर बेड़ा गांव से पुलिस ने सिमती देवी नामक एक 50 वर्षीय महिला का शव शनिवार की सुबह बरामद किया है। उसकी हत्या सिर में पत्थर अथवा किसी भोतरे हथियार से प्रहार कर की गयी है। उसकी हत्या रात में किए जाने की आशंका है सुबह उसके घर से हीं कुछ दूरी पर उसका शव को देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस ने तत्काल घटना स्थल में पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे रिम्स भेज दिया । पुलिस मामले की छान बीन में जुट गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी इस मामले में किसी की विधिवत गिरफ्तारी नहीं हुयी है।

## सामाजिक संगठन जमीयत उल मोमिनीन बैठक

**इटकी।** सामाजिक संगठन जमीयत उल मोमिनीन लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को समर्थन करेगा। जमीयत उल मोमिनीन के सदर हाजी तस्लीम अंसारी की अध्यक्षता में इटकी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में शनिवार यह घोषणा किया गया। बैठक में जमीयत उल मोमिनीन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा की आप सभी अपने अपने क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्यशी को भारी से भारी मतों से विजय बनाने का कार्य करें। बैठक में जमीयत उल मोमिनीन के सेक्रेटरी अब्दुल रकीब, नायब सदर अफरोज अंसारी, नायब सेक्रेटरी सज्जाद अंसारी, इकबाल अंसारी, मंसूर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, कलीम अंसारी, मोईन अंसारी, अब्बास अंसारी, वसीम इकबाल, गुलजार सहित अन्य शामिल थे।

## जरिया पिपरटोली गांव में आंधी से उड़ा छप्पर

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत स्थित पिपरटोली गांव में शनिवार की शाम लगभग छह बजे अचानक आई तेज आंधी से गोयंदा उरांव के घर का छप्पर उड़ गया। जिससे घर के अंदर रखे चावल, धान व अनाज भींग गए। वहीं दो कुर्सी व एक चौकी टूट गया। इधर छप्पर के उड़ जाने से पीड़ित को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आंधी में उड़े घर के छप्पर से हुए नुकसान को लेकर प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन को जीतना जरूरी : हिमांता

# लुटेरों से झारखंड और देश को बचाना है : मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**तमाड़।** भारी बारिश और आंधी के कारण असम के मुख्यमंत्री हिमांता विश्व शर्मा शनिवार को तमाड़ नहीं पहुंच सके। झारखंड के प्रथम और देश में चौथे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्हें बोकारो से हेलीकॉप्टर से तमाड़ आना था और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए उन्हें चुनावी सभा करनी थी। श्री शर्मा के आने की असमर्थता के पश्चात मोबाइल स्पीकर से उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित किया। तमाड़ के अमलेशा मैदान में उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा खूंटी का तो बेटा है ही देश के आदिवासी समाज का सबसे बड़ा नेता है। खूंटी के लिए तो काम करते ही हैं बल्कि असम सहित अन्य क्षेत्रों में जाकर आदिवासी समाज का कल्याण करते हैं। देश के आदिवासियों के कल्याण के लिए अर्जुन मुंडा को जीतना जरूरी है। आप देख रहे हैं कि झारखंड में क्या चल रहा है कुछ दिन पहले मंत्री के पीए के घर से ईडी को 35 करोड़ रुपए मिलता है, तो आप समझ सकते हैं कि मंत्री के घर में कितना कैश मिलेगा। अर्जुन मुंडा जीत कर आएंगे तो मंत्री बनेंगे उसके बाद झारखंड में भी भाजपा का सरकार बन जाएगा। बांग्लादेशी घुसपैठी आदिवासी इलाकों में घुसकर आदिवासी बहनों से शादी करते हैं और उसके बाद आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। झारखंड में जितना कन्वर्जन चल रहा है उनके खिलाफ भी हमें आवाज उठाने की जरूरत है। हमारे देश में बीजेपी का सरकार बनेगा उसके आगे झारखंड में डबल इंजन सरकार बनेगा। और हम लोग सब मिलकर झारखंड का कल्याण के लिए झारखंड की अस्मिता के लिए और झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध होगा कि अर्जुन मुंडा को जिताऐं देश और आदिवासी समाज को अर्जुन मुंडा की जरूरत है। सभा को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि ये चुनाव हमारे लिए नकारात्मक सोच वाले से लड़ाई है। समाज को तोड़ने वाली शक्ति के खिलाफ है। ये चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है, देश कौन चलाएगा और देश को प्रगति पथ पर कौन ले जाएगा इसका चुनाव है। फूल छाप और एनडीए को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा यह घर-घर के लोग जानते हैं। इंडी गठबंधन को वोट देने पर प्रधानमंत्री कौन बनेगा यह कोई नहीं जानता। बारात तैयार है दुल्हा कौन बनेगा ये कोई नहीं जानता। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करता है। झामुमो और कांग्रेस झारखंड में आदिवासी और जनजातीय समाज को बढ़ने नहीं देना चाहता। इंडी के जो प्रत्याशी हैं वह 13 तारीख के बाद कहीं नहीं दिखने वाले। इससे पहले भी उन्होंने चुनाव लड़ा उसके बाद भी वह कहीं नहीं दिखा। 14 सीट जीतकर जाने वाले लोग होंगे उसमें यह बात की गारंटी है कि खूंटी सीट जीत कर अर्जुन मुंडा जाएंगे, तो वहां पर मंत्री बनेंगे इसकी पूरी गारंटी है। अर्जुन मुंडा को पिछली बार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 86 हजार वोट दिलाया था, जिससे 40000 की बढ़त मिली थी। इस बार तमाड़ से हम एक लाख वोट दिलाएंगे। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड और देश में जो राजनीति चल रही है। जिस तरीके से झारखंड को लूटा जा रहा है और मंत्री के पी एस के नौकर के घर से करोड़ों नगद मिल रहे हैं। तो मंत्री का क्या हाल है और बाकी मंत्रियों का क्या हाल है। इस हालत के लिए झारखंड बना था क्या ?ये लुटेरों की जमात है। इन लुटेरों से झारखंड और देश को भी बचाना है। राज्य में लूट का धंधा चल रहा है। यह धंधा बंद होना चाहिए इसके लिए तमाम लोगों को विकास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए हर घर में मुस्कान होना चाहिए। मोदी सरकार एफआरए नियम लागू करने का काम कर रही है। जंगल और जमीन तमाड़ गांव में है तो यह तमाड़ गांव के लोगों का है इसको इंप्लीमेंट करने समय काम किया जा रहा है। पिछली बार तमाड़ की जनता ने 86000 वोट देकर इतिहास बनाया उस इतिहास से आगे भी एक इतिहास बनाएंगे। यह जीत अर्जुन मुंडा की जीत नहीं होगी बल्कि तमाड़ की जनता की जीत होगी।

## चुनाव को लेकर सभी दलों का जनसंपर्क जोरों पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो /मांडर।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से क्षेत्र के लगभग सभी गांव में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया गया । इस दौरान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मांडर के चटवाल, नारो, झिंझरी समेत कई गांवों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दस सालों में बीजेपी ने देश को बहुत पीछे धकेल दिया है। संविधान बचाने के लिए देश में इंडिया गठबंधन की सरकार को लाना है। भाजपा के लोहरदगा लोकसभा के सहसंयोजक सन्नी टोप्पो ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई । सन्नी टोप्पो ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने केवल 10 सालों में भारत को विकसित देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने अबकी बार जो 400 पर का सपना देखा है वह निश्चित थी भारत को 2047 तक विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनकर ही रखेंगे।

वहीं दूसरी ओर चान्हो के करकट, रोल , टांगर , बेयासी , मूरतो आदि गांव में जिप सदस्य आजसू के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सोच और नियत स्पष्ट है । आए दिन भ्रष्टाचारियों पर ई डी द्वारा की जा रही कार्रवाई और भारी मात्रा में नोट बरामद की इसका एक उदाहरण है। नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा है ना खाएंगे और ना खाने देंगे।

## भाजपा ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया : कालीचरण मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** खूंटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को विभिन्न तमाड़ से चुनाव प्रचार समाप्त किया। इस दौरान उनके साथ रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने बताया कि लोगों का जमसमर्थन भी मिल रहा है। वह जरूर जीत दर्ज कर खूंटी का प्रतिनिधित्व सांसद में करेंगे व खूंटी लोकसभा के विकास में अपनी महथी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने हेतु आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता हैआप लोगों के द्वारा मिल रहे अपार स्नेह व आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हूँ। नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया है। भाजपा ने दस वर्ष पहले युवाओं को रोजगार देने, महंगाई कम करने का वादा कर सरकार में आयी थी। लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए हाथ छाप में बटन दबकर मतदान करेगी।

## एक नजर में

### फ्लोरेंस नर्सिंग कालेज में मनाया गया नर्सेज-डे

**ओरमांझी।** फ्लोरेंस कालेज ऑफ नर्सिंग इंस्टिट्यूशन में शनिवार को नर्सेज-डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने किया और कहा नर्सिंग प्रोफेशन आज की दुनिया में एक चुनौतीपूर्ण प्रोफेशन हैं। चुनौतियों को पार कर ही नर्सिंग सेवा की लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के निदेशक डा. शाहीन कौशर ने नर्सिंग प्रोफेशन चुनने वली छात्राओं की सरहाना की और कहा नर्सिंग क्षेत्र में हमें बीमार लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने व उनके आंसू पोछने का अवसर मिलती है। इस अवसर पर नर्सिंग छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या विनिसा टी बॉंसरीर, डा सुधीर कुमार, ज्योति कुमारी, बिनीता खालको, बिन्हा बारबरा, शोएब अख्तर, प्रतिभा कुमारी, माधुरी कुमारी, वर्षा कुमारी, शुभम कुमार, नम्रता शीतल, मधु कुमारी, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, शाहनवाज अंसारी, मुसर्फ अंसारी व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

कांग्रेस नेताओ ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे चलाया जनसंपर्क अभियान

अनगड़ा । कांग्रेस के पश्चिमी मंडल अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष बरतु मुण्डा के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न इलाकों में शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया । इस क्रम मे पैका पंचायत बोंगेबेड़ा चतरा हेसल तथा साल्हन पंचायत में लोगों से मिलकर कांग्रेस के युवा प्रत्याशी यसश्वनि सहाय को भारी मतो से विजय बनाकर महागठबंध सरकार बनाने के लिए श्री राहूल गाधी के हाथों को मजबूत करने की अपील की गई । जन-संपर्क अभियान में कांग्रेस नेता जगन लिंडा मुमताज खान मुन्ना मुंडा मिन्हाज आलम दसवां उरांव इत्यादि शामिल थे।

### सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया कलस्टर केंद्रों का निरीक्षण

**खलारी।** लोकसभा चुनाव 2024 (आम) के मद्देनजर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने शनिवार को लोक सभा चुनाव को लेकर खलारी प्रखण्ड के लपरा और मायापुर कलस्टर का निरीक्षण किया । बीडीओ सन्तोष कुमार ने बताया कि वे मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार के साथ आदर्श हाई स्कूल मैकलुस्कीगंज और सेवामार्ग विद्यालय में बनाए जानें वाले कलस्टर केंद्रों में पानी, बिजली, कमरे ,शौचालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि जिलाधिकारी की ओर से निर्देशित किया गया है कि कलस्टर केंद्र का सत्यापन कर लें और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसी को लेकर कलस्टर केंद्रों का जायजा लिया गया है ।मतदान कर्मी मतदान से एक दिन पूर्व ही कलस्टर में पहुंच जाएगें। उन्होंने कहा कि कलस्टर में मतदान कर्मी और सुरक्षा कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाना है।

### संयुक्त श्रमिक संगठन /संयुक्त मोर्चा की बैठक आज

**खलारी।** डकरा सभागार में संयुक्त श्रमिक संगठन /संयुक्त मोर्चा की आवश्यक बैठक 12 अप्रैल दिन के 11 बजे रखा गया। बैठक में संडे डियूटी, पेड हॉलिडे ड्यूटी, चुनाव कार्य पर जाने वाले सी सी एल कर्मियो के अग्रिम भुगतान सहित अन्यान कई मुद्दो पर चर्चा कर आगे का रणनीति बनाई जयएगी। इस बैठक में संयुक्त श्रमिक संगठन के सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव, परियोजना के सभी अध्यक्ष, सचिव, सहित प्रमुख एवं आगे बढ़ कर यूनियन का कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मजदूर साथी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकरी कृष्णा चौहान संयुक्त श्रमिक संगठन उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र ने दिया।

### भाजपा चुनावी कार्यालय का उदघाटन

**सिकिदिरी।** भारतीय जनता पार्टी सिकिदरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के अध्यक्षता में शनिवार को सिकिदिरी में चुनावी कार्यालय का उदघाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया । इस मौके पर खिजरी विधानसभा चुनाव संयोजक सह पूर्व विधायक रामकुमार पहान,ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी,नसीब लाल महतो, सह संयोजक अमरनाथ चौधरी, रोशनी खलखो, मानकी राजेन्द्र शाही, प्रभु दयाल बड़ाईक,पूर्व प्रभारी प्रमुख जयगोविंद साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष ?धीर चौधरी,रामवृक्ष महतो आदि उपस्थित थे।

### एनके एरिया कर्मचारियों के लिए तौलिया व पानी बोतल की मांग यूनियन ने किया

**खलारी।** गर्मी के बढ़ते तापमान अथवा कर्मियों के बचाव के लिए एनके एरिया अंतर्गत सीसीएल कर्मियों के लिए बीते दो वर्षो से तौलिया व पानी बोतल की मांग यूनियन संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। दो वर्षो से एनके प्रबंधन से श्रमिको के बचाव के लिए कई बार सीसीएल प्रबंधन के समक्ष रखा गया। सीसीएल प्रबंधन अपना अकड़ रैवये के कारण एनके श्रमिकों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर प्रबंधन को पुनः ध्यान आकर्षित करते हुए राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने मांग करती है की श्रमिको को शीघ्र तौलिया वितरीत किया जाए, ताकी गर्मी में राहत मिल सके।

### हाथियों के झुंड ने सब्जी फसल को किया नष्ट

**सोनाहातू।** प्रखंड के हेसाडीह पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव में शुक्रवार की रात 10 - 12 की संख्या में हाथियों के झुंड जमकर उत्पात मचाया है। गांव के किसान बुद्धेश्वर मुंडा और जगदीश मंडा के सब्जी के फसल को हाथियों ने जमकर खाया और रौंद दिया है। किसानों ने फसल नुकसान की जानकारी वन विभाग को देकर मुआवजा की मांग किया है।

## बीएस इंटर कालेज में मेधावी सम्मान समारोह

# पढ़ाई के साथ तकनीकी क्षेत्र में अवसर तलासें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मुख्य अतिथि के साथ प्रखंड टापर छात्राएं।

**ओरमांझी।** बीएस इंटर कालेज मनातु ओरमांझी में शनिवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जैक बोर्ड मैट्रिक परिक्षा के प्रखंड टापर व उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानि किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कील मिषन झारखंड के परामर्षी विनय कुमार महतो के साथ उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बीएस इंटर कालेज के छात्राओं द्वारा आदिवासी जंगल का रखवाला है सहित कई कर्णप्रिय नागपुरी गीत पर आकर्षक नृत्य कर प्रस्तृत किया गया। एसपीवी विद्यालय दड़दाग की टॉपर छात्रा शांति कुमारी सहित अन्य टापर छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि ने नगद राषि भी प्रदान किया। कहा जीवन में पढाई काफी महत्वपूर्ण है, इसके साथ अन्य क्षेत्र में भी अवसर तलाषना जरूरी है। कहा सरकार द्वारा तकनीकी को बढावा देने की दिषा में कार्य कर रही है। वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र में षिक्षा का अलख जगा रहे झारखंड पब्लिक स्कूल व बीएस इंटर कालेज की सरहाना की, कहा षिक्षा के लिए बेहतर वातावरण भी बेहतर होती है। नृत्य व गांनो के माध्य से जंगल व प्रकृति बचाने की बात होती है। हमें धरती में जीवन बचाने के लिए प्रकृति संरक्षित रखना जरूरी है। वहीं निदेषक बिरेंद्र वंषवार ने बताया कि बीएस इंटर कालेट में जीमेंस व नीट की भी षिक्षा दी जाती है। कालेज में नमांकण कराने वालों को 50 प्रतिषत हॉस्टल चार्ज में छुट देने की घोषणा किया। मौके पर प्राचार्य संजय कुमार, बिरेंद्र महतो, सुरेंद्र उरांव, गीता कुजूर, सुनीता बंषवार, सागर महतो, नागेंद्र महतो, जलेष्वर महतो, रूपेष महतो, दीपक बेदिया, मंजु कुमारी, कंचन महतो, मधुबाला कुमारी, मनिष कुमार, बाबुलाल महतो, राजेष करमाली, राजेष करमाली, नीरज कुमार, नीतीष, रजनी कुमारी, सुजाता कुमारी, सीता कुमारी व गुनगुन कुमारी व अभिभावक गण उपस्थित थें।

## आम आदमी पार्टी ने सुखदेव के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर ।** शनिवार को मांडर प्रखण्ड के विभिन्न गाँव में आम आदमी पार्टी ने जनसम्पर्क अभियान चला कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में प्रचार किया। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी समुदाय के लोग एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को हाँथ छाप में वोट देकर विजय बनाने का अपील किया गया ।प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने मौके पर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जनता का मिल रहे जन समर्थन से सत्ताधारी दल के नेता बौखलाए हुए हैं और हिन्दू मुस्लिम करने में उतर गए है। जनता मन बना लिए है इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित है। जनसम्पर्क अभियान में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत, प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, राँची जिला कार्यकारी अध्यक्ष अल्बर्ट एक्का, रांची जिला ग्रामीण संयोजक अशोक उराव,जिला उपाध्यक्ष मनोज राम, रांची जिला नगर उपाध्यक्ष मनोज पूनोरिया, राजेश लिंडा, महिला नेत्री माधुरी सोरेंग, महिला नेत्री विमला सोरेंग, लिली केरकेट्टा, नरेन्द्र कुमार, नीलेश उराव रौशनी खलखो सहित अन्य उपस्थित थे ।

# 251 महिलाओं के साथ निकला कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कलश यात्रियों का अभिनंदन करते सांसद संजय सेठ।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के मनातु पुंदाग स्थित श्रीश्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की तृतीय वार्षिक यज्ञ समारोह को लेकर शनिवार को गांव के 251 महिलाओं व युतियों द्वारा कलष यात्रा निकाली गई। बाजे-गाजें के साथ मंदिर परिसर से पिस्का डुंडे होते हुए कलश यात्रा भैरवी नदी जलाशय पर पहुंची। वहीं पंडित सुधीर मिश्रा, बालगोविंद मिश्रा व सुनील मिश्रा द्वारा विधिवत मां गंगा की पूजा व मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरवाया गया। सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, आजसू जिला सचिव सह मुखिया रामधन बेदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार व पूर्व प्रमुख सह पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयगोविंद उर्फ लालू साहू द्वारा देवी देवताओं की जयकारा के साथ कलष यात्रा में शामिल महिलाओं का अभिनंदन किया गया। कलश यात्रा व यज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय करमाली, सचिव सुरेष मुंडा, फुलचंद साहू, सुरेष करमाली, लषन गंझु, विस्टु मुंडा, संजय कुमारी, अरविंद कुमार पतरस, विरेंद्र साहू, मनीराम मुंडा, चतुर साहू, शंभु साहू, धनीराम मुंडा, शंकर गंझु, बिनोद बेदिया, कामेष्वर बेदिया, सिकंदर मुंडा, महावीर यादव, अमरनाथ भोक्ता सहित कई लोग शामिल थें।

## गौ माता मंदिर की 11वां वार्षिक पूजा



ओरमांझी के मंदिर में स्थापित गौ माता।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के गांगुटोली ओरमांझी के किसान डेरी फार्म में स्थित स्थापित झारखंड का एकलौता गौ माता मंदिर ओरमांझी का 11 वार्षिक पूजा शनिवार को धूमधाम से किया गया। मंदिर के संस्थापक प्रगतिषिल किसान षिवनारायण साहू व प्रमेष्वर साहू द्वारा विधिवत पूजा की गई। बताया कि गौ माता में 33 कोटी के देवी देवताओं का वास है और गौ माता ही सनातन धर्म का पर्याय है। पूजा में पूर्व प्रमुख जयगोविंद साहू, पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिषोर महतो, दुगार्षंकर साहू, उमाषंकर साहू, शंकर गुप्ता, दिवाकर साहू, तालकेष्वर गुप्ता, नोना पाहन, योगेंद्र मुंडा, मोहन नायक, सुनील नायक, महावीर साहू, भुषण साहू, महेश साहू, सुंदर नायक सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थें।

**समय संवाद**

बाजारवाद के आगे आप और हम हारते इसलिए हैं क्योंकि हम अपनी ईगो या अहंकार के गुलाम बने रहते हैं। ऐसा करना सुगम होता है क्योंकि ईगो के बहाव के साथ बहना आसान है। समाज व्यक्तियों से बनता है और जब ज्यादातर लोग उसी बहाव में बहते दिखते हैं तो समाज भी उसी बहाव में बहता दिखता है। और जैसे ही समाज बहता दिखता है बाजारवाद की लहर में, हम अपने बहने को सही मान लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, बहाव के साथ मुर्दा लाशें ही बहती हैं और इसी चाल को भेड़ चाल कहते हैं। बहाव के खिलाफ तैरने के लिए हुनर और हिम्मत चाहिए। नौसेना में तो बाकायदा इसकी ट्रेनिंग होती है, वो भी समुद्र में। खैर, अब कंज्यूमर किंग तो बना दिया गया है। महीने के अंत में मिलना वही बंधी तनख़्वाह है।

# बाजारवाद की आंधी में क्या-क्या बह जायेगा

**निशान्त**

**वहीं** बाजारवाद में सामान पहले बनाया जाता है, और जरूरतें फिर पैदा की जाती हैं।

इसे ऐसे समझिए कि जब आपकी जरूरत साफ पीने योग्य पानी है, तो बाजारवाद आपको बिसलेरी का पानी पीने को बाध्य करेगा। समझाया जाएगा ये प्योर है, सबसे अच्छा है, सबसे साफ है। ऐसे ही, जब आपकी जरूरत तेल, साबुन, मंजन है, तब बाजारवाद आपको समझायेगा कि फलाना ब्रांड का तेल, साबुन, मंजन लेना चाहिए क्योंकि वो सबसे अच्छा है, बेहतरीन क्वालिटी का है। खैर, बात वापस अपने मुद्दे की। चर्चा ईगो पर पहुंची थी। तो फि लहाल बाजारवाद आपकी-हमारी ईगो का मसाज ऐसे कर रहा है कि हमें-आपको कंज्यूमर इज किंग कर राजा घोषित कर रहा है। एक आभासी दुनिया में राजा बना रहा है।

अब आपको राजा घोषित कर दिया गया तो आपको राजा की परिभाषा पर पूरा भी उतरना पड़ेगा। मतलब राजसी तरीके से रहना और खर्चा करना। खर्च करने के लिए बाजारवाद ने आपके लिए सामान पहले ही बना कर रख लिए हैं, मसलन सबसे अच्छा



तेल, मंजन, शैम्पू।

तो अब आप राजा बनने के एहसास में राजसी खर्च करने लगे। भले ही आपको जरूरत न हो, आपने नयी जरूरतें बना लीं। मसलन कोई खास क्रीम या कोई स्पेशल फूड। और उन जरूरतों को पूरा करने और राजा सा दिखने के चक्कर में आपने अपने आर्थिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया। और अब आपके इस किंग होने के एहसास के चलते, आपके परिवार की आदतें भी वैसी बनने लगीं। अब आपके बच्चे भी प्रिंस और प्रिंसेज बन गए। अब राजा साहब और रानी साहिबा सुबह से शाम या रात तक दफ़्तरों में काम करते हैं चुपचाप क्योंकि अब वो राजा सा दिखने के लिए दफ़्तर के गुलाम बन चुके हैं। नौकरी नहीं तो राजसी शौक और जीवनशैली कैसे मैनिज करेंगे? और राजा भी अब अमूमन वीकेंड पर ही बन पाते हैं, या बहुत हुआ तो दफ़्तर के बाद कभी-कभी शामों को जब ईगो मसाज के लिए राजा साहब, क्वीन और प्रिंस और प्रिंसेज के साथ किसी रेस्टोरेंट में राजसी खाने के अनुभव के लिए जाते हैं।

इस सब के बीच वो बाजारवाद का चेहरा खी-खी कर छिप कर हंस रहा होता है। बिल्कुल वैसे ही, जैसे आप हैरत से हंसेंगे अगर आप सड़क पर किसी परिवार को राजसी वेशभूषा में टहलता और नॉर्मल सा बिहेव करता देखेंगे। आपको पता है वो राजा नहीं, न किसी फि ल्म की शूटिंग चल रही है, और न कोई फैंसी ड्रेस शो। आपके मूँह से शायद निकले ह्ये पगला गए हैं क्या?ह्

बस ठीक ऐसा ही बाजारवाद को बढ़ाती ब्रांड्स को लगता है। वो हँसते हैं आप पर मन ही मन क्योंकि आप उसी फजी राज परिवार से हैं जैसा सड़क पर आपने घूमता देखा। वो हँसते हैं आपको देख कर क्योंकि आप उनके जाल में फंस उनकी जेब गरम कर रहे हैं। और वो ब्रांड्स आपके सामने अब और ज्यादा जोश और संजीदगी से बताते हैं कि आप जो कर रहे हैं वो सही है क्योंकि आपके ह्यपरिवार की सेहत और सुरक्षा और खुशीह् के लिए वो सब जरूरी है। और आप फिर इमोशनल गेम में उनके फंस गए।

खैर, अब राजा साहब ने इतना प्रचार कर दिया अपने राजा होने का कि वो अगर अपने नॉर्मल रूप में घूमेंगे को उन्हें अजीब लगेगा और शायद शर्मिंदा महसूस करेंगे। इसलिए अब राजा साहब ओढ़े रहते हैं वही घिसा हुआ राजसी चोला जिसके पीछे से झाँकती है असलियत।

वैसे न जाने क्यों राजा साहब का सुनते ही शादियों में गेट पर खड़े उन चमकीले कपड़ों और नकली मूंछों और भाले लिए राजसी सुरक्षा कर्मी याद आ गए। जिन्हें मेजबान ने शायद किसी राजसी आभास के लिए खड़ा किया था लेकिन असलियत आपको पता होती है। अंदर न राजा होता है न रानी, और प्लेट पर मिलती है वही पुड़ी-पनीर और ग्लास में होता है वही पानी। सब सोच कर हंसी आ रही है।अब अगर नार्मल बाजार से खरीदारी करते तो जाहिर है ज्यादा तनख़्वाह बचती, ज्यादा तसल्ली रहती, और टेंशन कम रहते क्योंकि जेब में बच रहा है ज्यादा कैश।

# समाज में मजबूती प्रेम से ही संभव है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था। यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

**क्या हैं लक्षण**

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

**इस सिंड्रोम के कारण और निदान**

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# तुलसी कभी न जाइये मातृभूमि के ठाम



**मनोज शर्मा**

**तुलसी कभी न जाइये मातृभूमि के ठाम**
**गुण अवगुण देखत नाही लेत पुरानो नाम**

तुलसीदास भले दुनिया के लिये रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास बन गये , पर गांव में लोग कहते थे कि अरे ऊहे तुलसिया है। उनके ज्ञान, रचना को उनके अपने गांव में घंटा नही भाव मिला।

गांव अभी भी बाहर रहने वालों को उनके सौंदर्य, धन वैभव, दिखावे से ही आंकता है।अगर आप अपने गांव गये और जिट जाट में नहीं रहे, ब्रांडेड जूते, घड़ी, कपड़े , स्मार्टफोन और लफ्फाजी वगैरह यूज नहीं किये, कुछ डिंगबाजी और दिखावा नहीं किये तो संभवतः आपको शहर में रहकर भी लेंढ़ा और बेकार बेवकूफ करार दे दिया जायेगा।

गांव जाइये तो वो दो चार दिन जेतना फोकासी मारना है मारिये। मेरे पूर्व निदेशक रहे डॉ शाही जो अंग्रेजी के वरिष्ठ प्राध्यापक थे बताते थे कि..

वो भागलपुर अपने गांव में अंगिका ही बोलते थे। मित्र पूछते थे कि .. मने तुम सचमुच अंग्रेजी बोलते और पढ़ाते भी हो? शाही सर कहते थे कि मनोज मैं वहां अंगिका के बजाय अंग्रेजी ही बकते रहता तो मुझ पर कोई शक नहीं करता।

खाकसार भी गांव जाता है तो आत्मियता के लिये ज्यादा जिट जाट में नहीं रहता, भोजपुरी ही बोलता है और बहुत साधारण कपड़ों में रहता है। बताता भी नहीं कि मैं क्या करता हूं। गांव मुझे आज भी तीस साल पहले की नजर से ही देखता है। एक बार गांव से लौटते समय औटो ड्राइवर ने पूछा आप क्या करते हैं? मैने कहा रांची यूनिवर्सिटी में हूं, तो सीधे बोल दिया नांह आप के ड्रेस से तो ऐसा नहीं लगता। कमबख्त गर्मियों में परेशान रहने वाले मुझको जौगर और शर्ट में देख गिरमिटिया समझ लिया।

गांव में कुछ बाहर से आने वालों को देखता हू हमेंशा जूता मोजा और क्रीचदार पैंट के अंदर शर्ट और बेल्ट के साथ जिट-जाट में ही रहते हैं। दस मिनट बात किये तो वो अपने कार के फीचर, एसी, शहर में फ्लैट से सीधे हवाई यात्रा वृतांत तक सुना देंगे। कुछ तो एनिवर्सरी पर पत्नी के होठ में होठ सटाये लिप किस्स लेते फोटो भी चस्पा कर देते हैं। कुछ ने स्मार्टफोन खरीदा तो अपने पिता के मृत्यु पर शवदाह और चिता सजाते फोटो भी सोशल मीडिया में डाल देगा और बारहवीं से लेकर मृत्युभोज तक को लाइव कर सकता है। मेरा सजने संवरने का कोई लोभ नहीं रहा है। अब जो पेशा सब को आंक लेता हो उसे खुद सजने का क्या लोभ?आज ही दोस्तों संग पुरी घुमने का फोटो डाले, खाने पीने और समुद्र तट पर अल्हड़ता से लोटते इस पके दढ़ियल की तस्वीर देख गांव के पंडी जी राय दे दिये कि चेहरे पर ध्यान दिजिये। अब पंडी जी को कौन बताये कि अपुन लोग इन सब से ऊपर हो गया है।

हमारी चिंता गांव के पगडंडी, बगीचे, नदी, खेत और लुप्त होते महुये पीपल के साथ गांव में हर उम्र के लोगों के बन रहे अश्लील टिकटौक वीडियो पर है। जिस गांव में मांस मछली का बर्तन तक अलग हुआ करता था वहां अब विश्वकर्मा पूजा में भी चिकेन बनते और चाचियों को लेग पीस चबाते देखते हैं तो बड़ा अफसोस होखता है।

(लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुड़ें हैं।)

# इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स करने के बाद कैरियर की जबरदस्त संभावनाएं

**सुबोध कुमार**

आजकल हर क्षेत्र में विशेषज्ञता की मांग को देखते हुए ऐसे पाठ्यक्रम आरंभ किए जा चुके हैं जो विद्यार्थी को 12वीं के बाद ही अपने मनपसंद विषय में विशेषज्ञता प्रदान कर सकते हैं। ऐसे इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम 12वीं के पश्चात 5 या 6 वर्ष की अवधि के उपलब्ध हैं। दरअसल, 12वीं के विद्यार्थी को स्नात्तक की पढ़ाई करनी होती है वहीं विशेषज्ञता का विषय भी साथ-साथ चलता है। कानून यानी लॉ भी ऐसा ही फील्ड है। प्रमुख इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स की बातें करें तो बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, बीएससी एलएलबी और बीटेक एलएलबी आदि हैं। इनका स्तर अंडर ग्रेजुएट के साथ पोस्ट ग्रेजुएट होता है। इन पाठ्यक्रमों की अवधि पांच साल की होती है।

इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स में दो डिग्री शामिल हैं। एक कानून की और दूसरी आर्ट, वाणिज्य या फिर साइंस की कोई भी ब्रांच की हो सकती है।

**कैरियर संभावनाएं**

इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स करने के बाद कैरियर की जबरदस्त संभावनाएं हैं। मसलन आप एडवोकेट बन सकते हैं, लीगल काउंसलर बन सकते हैं, कॉरपोरेट लॉयर बन सकते हैं , लॉ ऑफिसर के रूप में काम कर सकते हैं और क्रिमिनल लॉयर जैसे ऑप्शन भी मौजूद होते हैं। अनुभव और योग्यता के अनुसार सैलरी पैकेज 8 लाख से 15 लाख वार्षिक हो सकता है।

**न्यूनतम योग्यता**

इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स करने के लिए आपकी शैक्षणिक योग्यता 10+2 होनी चाहिए, लेकिन न्यूनतम अंक अलग-अलग कॉलेज या यूनिवर्सिटीज के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। इसी तरहं इस कोर्स करने के लिए परीक्षाओं के प्रकार भी अलग-अलग हो सकते हैं जो आमतौर पर सेमेस्टर पद्धति और वार्षिक पद्धति पर बंटे होते हैं।

**इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स ही क्यों?**

सामान्य रूप से एलएलबी करने की जगह इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स करने पर कैरियर की संभावनाएं बेहतर होती हैं, क्योंकि तब एक से अधिक अवसर उपलब्ध होते हैं। क्योंकि इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स में आपको एक नहीं बल्कि दो-दो कोर्सेज का फायदा मिलता है। दूसरा फायदा ये है कि अगर आप ग्रेजुएशन के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन करना चाहते हैं तो कम से कम आपका एक साल बच जायेगा। क्योंकि इसमें तीन




साल बैचलर डिग्री के लिए और दो साल मास्टर डिग्री के लिए मान कर कोर्स का डिजाइन निर्धारित किया गया है। पढ़ाई के लिए खर्च होने वाले पैसे की बचत होती है।

**प्रवेश प्रक्रिया**

ज्यादातर एडमिशन मेरिट बेस्ड होते हैं यानी आप अपने बेहतर नंबरों के आधार पर बेहतर पाठ्यक्रम हासिल करते हैं। लेकिन कई संस्थानों में नंबरों की बजाय प्रवेश परीक्षा को तरजीह दी जाती है। क्लैट (उछअळ) का पूरा नाम कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट है। क्लैट 5-वर्षीय एकीकृत एलएलबी (यूजी) और एक-वर्षीय एलएलएम (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित किया जाता है। परीक्षा यूजी पाठ्यक्रमों के लिए 24 एनएलयू ( नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ) और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 21 एनएलयू में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

**पढ़ाई पर खर्च**

देश में इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स करने के लिए कम से कम 3 लाख रुपये और अधिकतम 50 लाख रुपये तक की जरूरत होती है। यह कोर्स के लिए आपमें कई स्किल्स का होना जरूरी है। जैसे रिसर्च स्किल, जजमेंटल स्किल, क्रिटिकल थिंकिंग, भाषाई प्रवाह, वाकपटुता भी जरूरी है ताकि आपकी कम्युनिकेशन स्किल धारदार बनें।

**महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम**


बैचलर ऑफ आट्र्स, बैचलर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ- कानून कोर्स के क्षेत्र में यह भारत की सबसे लोकप्रिय डिग्री है। वहीं बी बी ए-एल एल बी करें तो यह मैनेजमेंट और मुख्य कानून विषयों का एक आदर्श मिश्रण है। जो बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के साथ साथ कानूनी विषयों में पारंगत बनाती है। ऐसे ही बीएससी झ्र एल एल बी के तहत बैचलर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ कोर्स में लीगल मैथड्स, लॉ आफ कॉन्ट्रैक्ट, फेमिली लॉ, बिजनेस लॉ आदि विषयों के साथ फिजिक्स और केमिस्ट्री की मूलभूत अवधारणाओं और औद्योगिक विकास में विज्ञान और तकनीकी का भी अध्ययन किया जाता है।

**पढ़ाई के लिए प्रमुख विश्वविद्यालय**

देश के लगभग सभी सेंट्रल और स्टेट विश्वविद्यालय लॉ का इंटीग्रेटेड कोर्स ऑफर करते हैं। इनमें प्रमुख विश्वविद्यालय / संस्थान हैं : नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडी एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद, डॉ बी आर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत, हरियाणा, वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंसेज, कोलकाता, , नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल , नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर, हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ, राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला, महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, मुंबई, हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला इसके अतिरिक्त स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज जैसी विदेशी यूनिवर्सिटीज भी लॉ के पाठ्यक्रम / शिक्षा / विशेषज्ञता कोर्स ऑफर करते हैं। (लॉ इंट्रेंस क्लासेज)

# ओरल हेल्थ केयर

**मिताली जैन**



जब भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-

### लहसुन

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# अधिक बोलने से नहीं कभी खामोशी में भी जीत का फामूर्ला निकलता है

**दीप्ति अंगरीश**

कुछ बातों में तर्क देना अच्छा होता है और अपनी बात रखनी चाहिए, लेकिन बहुतेरी बार चुप रहना चाहिए। यह बात घर-परिवार से लेकर वर्कप्लेस पर लागू होती है। इस बात को ऑफिस लेकर चलते हैं। यहां आपके बॉस या कुलीग किसी बात पर कुछ कह देते हैं, तो आप गुस्सा पीते नहीं, बल्कि अनाप-शनाप बोल देते हैं। माना कि आप की इस आदत से आपका मन तो हल्का हो जाता है, पर देर-सवेर किसी न किसी रूप में इसका खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। अगली बार ऑफिस में कोई कुलीग कुछ अप्रिय कहे या फिर विशेष तौर पर सीनियर लेवल पर भी, उस समय चुप रहें और टेंशन नहीं लें। ऐसे में कुछ गोल्डन रूल अपनाएं

### चुप रहें, इमेज को बेहतर करें

बात कब बिगड़ती, इस बारे में कभी शायद ही आपने सोचा हो। जवाब है आपके बड़बोलेपन से। अगली बार ऑफिस में सीनियर फटकार लगाएं, जहां आपकी गलती नहीं है, तो चुप रहें। और गलती है, तो चुपचाप सुन लें। कुछ घंटे या एक दिन के बाद आपनी बात शालीनता से रखें। यदि आप सबके बीच में तू-तड़ाक करेंगे, तो बात बनेगी नहीं, बल्कि बिगड़ जाएगी। साथ ही आपकी इमेज ऑफिस में गुस्सैल बन जाएगी। इस बात का ध्यान रखें कि प्रोफेशनल




लाइफ में इमोशन के लिए कोई जगह नहीं होती।

### गलतियों से सीखें

बॉस भला-बुरा कुछ कह देता है, तो आप गुस्से में आ जाते हैं और यहीं से बात बिगड़ती ही जाती है। ऐसी नौबत ही नहीं आए तो इसके लिए अपनी गलतियों से सीखें। डांट को चुपचाप सुनें और अपनी गलतियों को सुधारने की कोशिश करें। ऐसा करने से सामने वाले के मन की भड़ास निकल जाएगी और आपको भी अपनी गलतियों को सुधारने का मौका मिल जाएगा। इस बात को अपनाएं, बेकार की टेंशन नहीं लें। फिर देखें कि कैसे आपका काम और आपकी इमेज निखरती है। इसे हार का नहीं जीत का फामूर्ला समझें। लेकिन आपकी एक कूल व समझदार-गंभीर व्यक्ति के रूप में छवि बनना तभी संभव है जब आप अपनी कमजोरियां दूर करने में लगे रहें। विशेषकर उन कमजोरियों पर काम करें जो दूसरों ने गुस्से में कही हों या इंगित की हों।

### कोशिश करें

तुरंत गुस्सा होना जायज नहीं हर बात पर। खासतौर से गलती सुनने पर। सबसे पहले तो आप स्वीकार कर लें कि आप परफेक्ट नहीं हैं। साथ ही गलती सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस आदत को अपना लेंगे, तो वर्कप्लेस में आपकी जीत होगी। यदि आप अपनी गलती सुधारने की कोशिश करेंगे, तो आपके सीनियर भी इसमें आपकी मदद करेंगे। इससे कभी प्रोमोशन आदि के मौके पर आपकी गंभीरता आपका प्लस प्वाइंट बनकर सीनियर्स, मैनेजमेंट या प्रबंधन के समक्ष जरूर आयेगा। इस फामूर्ले को आप सिर्फ पढ़ें ही नहीं, लाइफ में अपनाएं भी।

### सोच बदलें खुद की

अगर सीनियर आपको आपकी गलतियां गिना रहे हैं, तो वहां रिएक्शन देने के बजाय आप अपनी सोच बदलें। सोचें कि वह आपको गलतियां बताकर आपको सुधारने का एक मौका दे रहे हैं। यह भी कि उन कमियों- गलतियों को जेहन में बैठा लें व चुपचाप उन्हें दूर करने में लगे रहें। है भी आसान तरीका कि जरा सी सोच बदलने से तनाव छूमंतर और काम में निखार आएगा।




गाजा की दुर्गति...

साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक



रामगढ़। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### आइडीबीआई बैंक में विदाई समारोह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आईडीबीआई बैंक चैनगड़ा में शनिवार को विदाई समारोह हुआ। समारोह में बैंक प्रबंधक अनिल कुमार, उप शाखा प्रमुख रिशु जमुआर और सुनैना के चैनगडा से अन्यत्र जगह ट्रांसफर होने पर स्थानीय समाजसेवी बिट्टू कुमार महतो सहित सहकर्मियों ने उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। इसके पूर्व केक काटा गया। साथ ही सबों के बीच मिठाई व केक का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी बिट्टू महतो ने कहा कि आपसभी के रहने से आसपास के क्षेत्रवासियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ आसानी से मिल जाता था। मौके पर अकाउंटेंट अभिषेक कुमार, झलकू बेदिया, उमेश बेदिया, वीरसेन अग्रवाल, गौतम कुमार, आशीष करमाली, दीपक ओरिया आदि मौजूद थे।

### पटेल की जीत निश्चित : चंदेल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीएम पतरातु लोकल कमेटी की शनिवार को भुरकुंडा शाखा कार्यालय में बैठक हुई। पार्टी के रामगढ़ जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को समर्थन देने के लिए राज्य कमेटी के फैसले के आलोक में पार्टी कार्यकताओं और जनसंगठनों के सदस्यों को ईमानदारी से सघन प्रचार–प्रसार कर उनकी जीत सुनिश्चित करने की बात कही। चंदेल ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों बिजयी बनाने के लिए कार्य करने, पार्टी शाखाओं की नियमित बैठक कर नये सदस्यों की भर्ती करने, चुनाव के बाद जनसमस्याओं के समाधान को ले प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचलाधिकारी पतरातु को एक मांग–पत्र सौंपा का निर्णय लिया गया।

### मोदी की सभा में भाजपा कार्यकर्ता शामिल



कुजू। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चतरा के सिमरिया में सभा में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित होकर विभिन्न वाहनों पर सवार होकर मोदी के संबोधन को सुनने के लिए रवाना हुए। रवाना होने वालों में तोकेश सिंह, रवि साहू, रवि यादव, भीम तिवारी, अभिषेक झा, मननु महतो, भीम महतो, अशोक कुमार, उमेश चन्द्र पटेल, शभुलाल ठाकुर, बालचंद महतो, गणेश सोनी, अंबिका सिंह, नागेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ज्ञानी साव, लोकनाथ प्रजापति, बालगोविनद बेदिया, धनेलाल बेदिया, डेगन बेदिया, संजीत सोनी, धर्मेन्द्र सिंह, निर्मल करमाली, सुधान सिंह, जयराम प्रजापति, अनिल सोनी, दशरथ प्रसाद केशरी आदि मौजूद थे।

### निजी विद्यालयों के साथ है पासवा : आलोक दुबे



बरही।शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) पासवा की टीम ने दौरा किया। पासवा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पासवा की टीम ने रेनबो स्कूल बरही के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा से औपचारिक मुलाकात की। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि संगठन निजी विद्यालयों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को अछुन्न बनाए रखने की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा शिक्षा जगत की है। इस दौरान आईसीएसई, जैक एवं सीबीएसई बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वालों बच्चों को पासवा की ओर से बरही में कार्यक्रम करने को लेकर चर्चा की गई।

### मनीष जायसवाल ने बड़कागांव और केरेडारी में किया पदयात्रा

**हजारीबाग ।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित ग्राम जीहु में जनसंवाद किया और फिर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्थित बड़कागांव चौक और केरेडारी चौक पर पदयात्रा करते हुए जनसंपर्क कर भाजपा और 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट करने का अपील की। जायसवाल ने बड़कागांव पहुंचकर सबसे पहले यहां स्व. गुरुदयाल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी स्वागत किया। जायसवाल भाजपा और आजसू कार्यकताओं के साथ बड़कागांव चट्टी, बड़कागांव चौक, बड़कागांव मुख्य बाजार से सूर्य मंदिर तक पदयात्रा के माध्यम से हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। यहां से केरेडारी पहुंचे जहां केरेडारी चौक पर भाजपा आजसू कार्यकर्ताओं ने उनका जबदस्त स्वागत किया और फिर केरेडारी मार्केट क्षेत्र में पदयात्रा के माध्यम से लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, अमर कुमार बाउरी जिंदाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे खूब गुंजायमान हुआ।

# कोल इंडिया के अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा को हरायें : यशवंत सिन्हा

- कांग्रेस उम्मीदवार जेपी पटेल के पक्ष में ट्रेड यूनियनों की सभा
- जीतने पर हजारीबाग क्षेत्र का समुचित विकास करूंगा : पटेल
- जनता ने परिवर्तन का मन बनाया : उमाशंकर अकेला
- भाजपा को पूरे देश से उखाड़ फेंकना है : अंबा प्रसाद
- ज्यादा से ज्यादा वोट कांग्रेस को दिलायेंगे : संजीव बेदिया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में ट्रेड यूनियनों की सभा का आयोजन किया गया।

सभा का शुभारंभपूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने किया। यशवंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें मजदूरों का कोई भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार कोल इंडिया सहित अन्य उद्योगों को निजीकरण की ओर ले जाने की साजिश कर रही है। कोल इंडिया के अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। तभी कोल इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बचाया जा सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है।

उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से भारी मतदान करने की बात कही। सभा को राजद के प्रदेश महासचिव सह स्टार प्रचारक गिरधारी गोप, रामनरेश सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल सिंह, आरपी सिंह चंदेल सहित दर्जनों लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल और संचालन राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव व कोफिमयू के केंद्रीय सदस्य पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पटेल ने कहा कि लोगों का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। गठबंधन की जीत हुई तो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखेंगे। हर ओर विकास ही विकास दिखेगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचेगी। बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव ने कहा कि जनता परिवर्त्तन का मुड बना चुकी है। निस्वार्थ भाव से कार्य करें, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है तो मोदी सरकार को हटाना होगा। इंडिया गठबंधन को लोगों का मिल रहा जनसमर्थन जीत की गारंटी दे रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी का पूरा समर्थन मिलेगा। इसके लिए जितना भी प्रयास हमको करना पड़ेगा हमसभी करेंगे। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यक्रम करूंगा और इंडिया गठबंधन को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाऊंगा।

# पतरातू को मोदी ने अडानी को बेच दिया : जेपी पटेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को पतरातू प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क चलाया। चुनावी जनसंपर्क में जेपी ने 25 से अधिक गांवों का दौरा किया। वो जहां भी गए, ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया। जैसे-जैसे काफिला आगे बढ़ता गया जनसमूह जनसैलाब में बदलता चला गया। सैंकड़ों की संख्या में उनके समर्थक उनके साथ चल रहे थे। जनसंपर्क के बाद जय प्रकाश भाई पटेल हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित चानो में आयोजित हजारीबाग समन्वय समिति इंडिया गठबंधन की लोकसभा स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। सभी ने आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य कर जय प्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। जेपी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पतरातू को अडानी के हाथों बेच दिया है। विकास के झूठे सपने दिखाए है। वही सपने जो बड़कागांव के लोगों को दिखाया गया था। वहां क्या हुआ सभी को पता है। कई लोग विस्थापित हो गये, कई ने अपनी जमीन बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया, कई आज भी कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंसे हुए हैं।

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, सच्चिदानंद पांडेय, झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु, झामुमो नेता संजीव बेदिया, विधायक अम्बा प्रसाद, राजद के गौतम सागर राणा, अशोक चौधरी, सचितानंद पांडेय, सीपीआई के गणेश सीटू ने बारी बारी से संबोधित किया और अपने विचार साझा किए। मौके पर सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झरपो में जेपी वर्मा ने किया कार्यालय का उद्घाटन



**टाटीझरिया।** बुध बाजार झरपो प्रांगण में शनिवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी जेपी वर्मा के समर्थकों में युवा नेता गौतम कुमार , प्रो. विवेकानंद ,विवेक गुप्ता , बब्लू चौरसिया के हाथो संयुक्त रूप से चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया ।युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि काम दमदार, बड़ा बदलाव के तहत अबकी बार जय प्रकाश वर्मा को बाल्टी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाये। मौके पर f-वजय कुमार,राजेश प्रसाद,सुनील कुमार, हरी प्रसाद , रवि यादव ,सरजू प्रसाद, प्रो. रामप्रकाश प्रसाद, जगदीश पासवान,रघुनंदन प्रसाद, मनोज सिंह,पिंटू सोनी, अशोक कुमार कुशवाहा,शंकर सोनी व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार सबकी बदलेगी किस्मत : मनीष



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव की दुदुंभी बजने के पहले और बाद बतौर सदर विधायक मैंने सदैव जनता का साथ निभाया। एनडीए से टिकट की घोषणा के बाद से संसदीय क्षेत्र हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत 70 दिनों से बिना आराम किए 18-20 घंटे जन-जन की बात सुनी। अगर धरातल पर जनसमस्याओं का समाधान करना है, तो लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान अवश्य करें और मुझे संसद भेज कर अपना साथ दें। संसद भवन में उन जनसमस्याओं के निदान के लिए मुखर बन कर आवाज उठाएंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने क्षेत्र में मतदाताओं से जनसंपर्क के दौरान यह बात कही। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। सभी लोगों की किस्मत बदलेगी, अगर एनडीए को देशभर में 400 सीटों का आंकड़ा पार करा दें।

उन्होंने कहा कि इन 70 दिनों में मैंने हजारीबाग सदर के अलावा मांडू, बरही, बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर वर्ग, हर तबके के लोगों से रू-ब-रू हुआ और उनकी समस्याओं को करीब से जाना। मन में यही संकल्प है कि अगर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका दिया, तो जिस तरह बतौर विधायक सदर विधानसभा क्षेत्र का विकास कर कायापलट की, वैसे ही पूरे संसदीय क्षेत्र में लोगों की परेशानियां दूर होंगी। रोजी-रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। हर काम छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें, तभी देश का लोकतंत्र पहले से कहीं अत्याधिक मजबूत होगा ।

### दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज ने किया वृक्षारोपण



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नवाटांड़ उत्क्रमित विद्यालय परिसर एवं सामुदायिक भवन में वृक्षारोपण किया ।प्राचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि जैव विविधता की सुरक्षा एवं सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से वायु,जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। मौके पर सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा, वीरेन्द्र देव, प्रवीण जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ. अम्बरीश दुबे, डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, शशिभूषण देव,सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो,राघवेंद्र प्रताप,दिलीप पाठक, सीमा, छबि राम सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा हर पंचायत में करेगी पथसभा

**बरही में भाजपा प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की बैठक संपन्न**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। बरही स्टेशन रोड स्थित होटल एके इंटरनेशनल में चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी टुन्नू गोप, लोकसभा प्रभारी अभय सिंह, विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक बरही विधानसभा मनोज कुमार यादव, सह संयोजक अर्जुन साव, प्रत्याशी मनीष जयसवाल के छोटे भाई प्रशांत जायसवाल मौजूद थे। बैठक के दौरान बरही विधानसभा के सभी छह मंडल के अध्यक्षों के साथ भी बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा प्रभारी टुन्नू गोप ने कहा कि लोकसभा का चुनाव पांचवें चरण में है और कार्यकताओं के पास पर्याप्त समय है लेकिन हम आप सभी एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है, जो सतत कार्य करते रहती है और संगठन की गतिविधियों को अंजाम देती है। लोकसभा प्रत्याशी का जब भी दौरा या प्रवास का कार्यक्रम हो तो उसमें विधानसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां पर प्रत्याशी का दौरा होगा, पार्टी के द्वारा जो कार्यक्रम तय किए गए हैं उन्हें निश्चित तौर पर कार्यकताओं को संपादित करना है जैसे बूथ विजय, संकल्प अभियान, शक्ति केंद्र टोली प्रवास, लाभार्थी से चाय पर चर्चा सहित विभिन्न कार्यक्रम है। यह सभी कार्य अगर कार्यकर्ता संपादित करते हैं तो पार्टी की जीत और ऐतिहासिक होगी। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से पूरे देश में एक सकारात्मक माहौल है पर हमें बुथ स्तर तक और मेहनत करना है ताकि एक ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हो सके। केंद्र की सरकार ने जो कार्य किए हैं वह कार्य हमें आम जनमानस के बीच भी लेकर जाना है। केंद्र में मोदी की गारंटी को जायसवाल ने पूर्ण करने का प्रयास किया है । बैठक में निर्णय लिया गया कि आठ मई से विधानसभा के हर पंचायत में पथ सभा का आयोजन किया जाएगा। जहां आम जनमानस को केंद्र सरकार की योजनाएं व पार्टी के नीति और सिद्धांत से अवगत कराया जाएगा।

## एक नजर में

### पटेल के समर्थकों ने चलाया जनसंपर्क



**विष्णुगढ़ ।** विष्णुगढ़ प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील किया। जनसंपक में परमेश्वर महतो लखन महतो गिरजानंद चौधरी निरंजन महतो हेमलाल महतो बहादुर पटेल मुनीलाल महतो धनेश्वर महतो बुद्धन महतो लखन महतो चेतलाल महतो फूलचंद महतो एवं कालेश्वर महतो समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

### दिव्यांगों का खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित



हजारीबाग। लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांजनों का खेल–कूद प्रतियोगिता एम्फी थियेटर, झील परिसर हजारीबाग में किया गया। बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। इन्दु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेकर अपने मत का प्रयोग करें एवं अपने परिवार तथा अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। दिव्यांगजनों ने 'पाँव नहीं तो पहियों पे आओ, लेकिन अपनी राय बताओ' का नारा लगाया। दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता हुआ, ट्राई साईकिल रेस, सूई–धागा, बास्केटबॉल, म्यूजिकल चेयर एवं नेत्रहीन दिव्यांगों के बीच दौड़ आदि। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी / पदाधिकारी संजय प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, सतीश कुमार रजक, विजय कुमार दास, नागेन्द्र शर्मा, अनुभा श्वेता होरो, प्यारी रबिदास, मुक्ति डालिम कुजूर, दीप नारायण, प्रणव तिवारी, यमुना साव, दिव्यांग आइकन एवं एम्बेसडर टिंकू मेहता, सचिन सोनी, साईट सेवर के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिवार के लोग उपस्थित थे।

### इचाक : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने की बैठक



**इचाक।** इचाक के पुरानी काली मंडा के प्रंगण में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने की बैठक। इसकी अध्यक्षता निर्मल उर्फ नीमू मेहता तथा संचालन इंद्रदेव प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय महासचिव सह हजारीबाग जिला संजोजक संजीव बेदिया तथा पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड, पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव का कार्यकताओं ने स्वागत किया। बेदिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह को जिताएं। पूर्व विधायक ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से विनोद सिंह के पक्ष में झंडे के तीन तारा पर वोट करने का अपील गाँव–गाँव, गली मोहल्ले व कस्बों में कार्यकता पहुंचे व भारी मतों से विजयी बनाकर, देश में नफरत फैलाने वालों को मुँहतोड़ जवाब दें। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव उर्फ पुटुश महतो, प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, विस्सूत्री अध्यक्ष चलकुशा सलीम अंसारी, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक उर्फ दीपू चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष चलकुशा आलोक सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, मुखिया सुखदेव यादव, दयानंद कुमार मेहता,सुनील कुमार मोदी सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण, समाजसेवी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### ईट लदा टर्बो नदी में गिरा, दो घायल

**दारू।** झुमरा से मेडकुरी सेवाने नदी पर शनिवार को ईट लदा एक टर्बो चार पहिया वाहन जिसका नंबर जेएच 02 एवाई 5227 नदी में गिरा। नवनिर्मित सेवाने नदी के पुल पर मजदूर एवं राहगीरों ने मिलकर वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा। दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने दलबल के साथ पहुंचकर वाहन को अपने कब्जे में लिया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि टर्बो में ईट लदी थी और यह झुमरा से मेडकुरी कि ओर जा रही थी पूल पर जाने की जगह कम है और विपरीत दिशा में एक टेंपो आ रही थी इतने में चूक के बाद टर्बो के बाई पहिया पुल के किनारे चली गई और रेलिंग के एक पिलर को तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। साथ ही उन्होंने बताया कि गाड़ी पर चार लोग सवार थे जिसमें से दो की हालत काफी गंभीर है।

### दारू प्रखंड में हाथियों की उत्पात जारी

**दारू।** प्रखंड में दो दिनों से हाथियों की उत्पात लगातार जारी है ।प्रखंड के रामदेव खरिका , जिनगा में हाथियों की झुंड ने काफी तबाही मचा रखा है ।इस झुंड में छोटे–बड़े मिलाकर लगभग 17 की संख्या है वहीं शुक्रवार की रात्रि लगभग 2:00 बजे रामदेव खरिका के रंजीत महतो, किसून महतो,रूपलाल प्रसाद, गिरधारी प्रसाद, विशुन महतो ,गायनी महतो के बगान में बाउंड्री तोड़ते हुवे अंदर घुस गए और लगाए गए फसल में गाजर, मकई, खीरा, केला, पपीता, कटहल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया ग्रामीणों का कहना है कि इस चिलचिलाती धूप में भी किसान अपने कार्यों में दिन–रात कड़ी मेहनत करता रहता है गर्मी की वजह से जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है पटावन में भी काफी समस्याएं होती है इस तरह के नुकसान से अब किसानों का कमर टूट गया है। ग्रामीणों ने इस क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग एवं सरकार से मदद की गुहार लगायी।

### यशोदानंदन जी महाराज आज से करेंगे कथा



बरही। शनिवार को प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक यशोदानंदन जी महाराज का बरही पहुंचे। धनबाद रोड निवासी सेठ बिनोद प्रसाद केशरी, पिता यमुना साव, माता कंचन देवी, उनकी पत्नी रेणु केसरी, भाई मंटू प्रसाद केसरी, पत्नी कविता केसरी, बहु महिमा केसरी, इंद्रदेव यादव, उनकी पत्नी मुन्नी देवी, रवि केसरी, पप्पू केसरी और उनके परिजन आदि ने लड्डू गोपाल सहित पूरी टीम का पूरे विधि विधान से स्वागत करते हुए आवासीय प्रवेश करवाया। श्री केसरी ने बताया कि लड्डू स्वामी ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार से सात दिवसीय भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। जिसके लिए रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे उनके आवासीय परिसर से जलयात्रा निकाला जाएगा। इस जलयात्रा में बरही के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। संध्या 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन महाराज जी के मुखारबिंद से भागवत कथा वाचन किया जायेगा। इस कथा में सभी भागवत प्रेमी सादर आमंत्रित हैं। 18 मई को पूणाहुति व भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

### तेज हवाओं में उड़ा मुर्गी का शेड धवस्त

बरही। गरजामो निवासी सदीमा की मुर्गी का शेड तेज हवाओं के कारण ध्वस्त हो गया। सूचना पाते ही पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दुख व्यक्त किया। कहा कि प्रशासन आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार को सहयोग प्रदान करें। मो क्यूम ने बताया कि मसोमात सदीमा के जीविकोपार्जन का एक मात्र श्रोत था। इसके टूट जाने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

स्पीड न्यूज

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओ पारुल पहुंची

**जमशेदपुर।** धालभूम अनुमंडल की एसडीओ पारुल सिंह ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के लिए आज हिल टॉप स्कूल का दौरा किया, ताकि अभिभावकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीओ पारुल सिंह और प्रिंसिपल श्रीमती उमा तिवारी द्वारा वोट दिया सही किया नारे के साथ गुब्बारे छोड़ने से हुई। एसडीओ पारुल सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को मतदान देने की शपथदिलाई।

## रक्षित झा ने मिस्टर बिहार पावरलिफ्टिंग चैंम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर दयाल सिटी निवासी रक्षित झा ने बिहार के सिवान में आयोजित मिस्टर बिहार पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया हैं। यह प्रतियोगिता पावरलिफ्टिंग फेडरेशन की ओर से रखी गई थी। जिसमें अनेक राज्यों से प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें दयाल सिटी के रक्षित झा को 170 किलो वजन उठाने पर गोल्ड मेडल मिला रक्षित जाने बताया कि यह उनकी पहली ही प्रतियोगिता थी। जिसमें उनका चयन हुआ और उन्होंने भी अपनी मेहनत से गोल्ड मेडल हासिल कर शहर का नाम रोशन करने का प्रयास किया। आगे भी यह प्रयास उनके द्वारा जारी रखा जाएगा। पावरलिफ्टिंग फेडरेशन ने रक्षित झा को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित एवं सहयोग करने की बात कही है।

## गम्हरिया में 30 बूथ ऐसे जहां वोटिंग करायेंगी महिला अफसर व कर्मचारी

**गम्हरिया।** लोकसभा चुनाव के दौरान सरायकेला विधानसभा अंतर्गत आदित्यपुर नगर क्षेत्र में 30 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पोलिंग अफसर से लेकर पोलिंग एजेंट तक सभी महिलाएं होंगी। इस बाबत गम्हरिया के अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में 30 महिला बूथों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इन बूथों पर मतदान के दिन पोलिंग अफसर से पोलिंग एजेंट तक सभी महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बताया कि उन बूथों पर पुरुष और महिला कोई भी मतदाता अपना मतदान कर सकते हैं। बताया गया है कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र में 20 तथा आरआईटी थाना क्षेत्र में 10 महिला बूथ बनाए गए हैं।

## गोलमुरी में शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में चला जन संपर्क अभियान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत पुर्वी विधानसभा में भाजपा गोलमुरी मंडल ने सांसद बिद्युत महतो के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान, कार्यकताओं ने घर-घर जाकर बताई मोदी सरकार की उपलब्धि, भाजपा के पक्ष में समर्थन व आशीर्वाद देने की अपील की।

## गोलमुरी मंडल में सघन जनसंपर्क अभियान

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव की रणनीति के अनुरुप भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों को मजबूत करते हुए जमशेदपुर लोकसभा अधीन पुर्वी विधानसभा के गोलमुरी मंडल में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। शनिवार को गोलमुरी मंडल अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में न्यू केबुल टाउन, डीएस फ्लैट, सी टाइप एवं वर्कर्स फ्लैट में पदयात्रा कर कार्यकताओं ने लोगों के घर-घर जाकर बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत महतो द्वारा किये गए विकास कार्यों एवं प्रयासों को जनता के समक्ष रखकर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।
इस दौरान पुर्वी विधानसभा के संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, खेमलाल चौधरी, रामरेखा सिंह, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, अनिल ठाकुर, विपिन झा, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, बिनोद झा, हरेराम यादव, सतीश शर्मा समेत कई भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिंहभूम लोकसभा सीट : झामुमो ने निकाली बाइक रैली, जोबा माझी ने भरा जोश

### प्रचार के अंतिम दिन झामुमो और सहयोगी दलों ने दिखाया जगह-जगह दम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन झामुमो ने चक्रधरपुर में बाइक रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन किया। दर्जनों लोग बाइक में सवार होकर पार्टी प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में नारेबाजी की। कारमेल स्कूल के पास प्रत्याशी जोबा माझी ने बाइक सवार कार्यकताओं और समर्थकों का स्वागत करते हुए जोश भरा। बाइक रैली हुडांगदा से नकटी, कराईकेला, चक्रधरपुर मेन रोड, इतवारी बाजार, चैनपुर, महुलपानी, गोपीनाथपुर, चारमोड, टोकलो, झरझरा, केरा बांझीकुसुम होते हुए वापस लौटी।




बाइक रैली निकाल रहे समर्थकों के साथ झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी, बाइक रैली का दृश्य।

बाइक रैली में समाजसेवी विजय सिंह गागराई, दिनेश जेना, रवि मंडल, दया सागर केराई, चुन्नू रहमान समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट : ईवीएम के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल तथा प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में मतदान केन्द्रवार ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित रेंडमाईजेशन में प्रत्याशी व इलेक्शन एजेंट की सहमति पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रवार रेंडमाईजेशन की सूची तैयार की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नीकरण कर लिया गया है। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेडमाइजेशन किया गया है जिससे प्रत्याशियों को ईवीएम मशीनों को लेकर किसी प्रकार का कोई संदेह न रहे। रेंडमाईजेशन के दौरान प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट द्वारा किसी भी पोलिग बूथ का नंबर बताकर प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रमाणित करने के लिए री-रेंडमाईजेशन किया गया। सामान्य प्रेक्षक, प्रत्याशी व इलेक्शन एजेंट द्वारा जिला प्रशासन द्वारा रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. अर्चना द्विवेदी, रिटर्निंग आफिसर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार शर्मा सहित सहित सभी दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झामुमो प्रत्याशी समीर से मिले मुखी समाज के लोग

**जमशेदपुर।** आज प्रातः काल साकची स्थित आवास में समस्त मुखी तथा हरिजन समाज के मुखियाओं से जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी समीर महंती की मुलाकात हुई। इस अवसर पर मुखी समाज ने तीर-धनुष पर एकतरफा बटन दबाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी से उपस्थित थे। मिलने आये हुए मुख्य रूप से मुखिया सुरेश मुखी (वर्मा माइंस), मुखिया राजा कालिंदी (टुईला डूंगरी) मुखिया मनोज मुखी नंबर 06(बिरसा नगर), मुखिया त्रिनात मुखी (टिनप्लेट),मुखिया नितिन मुखी (बारीडीह) आदि शामिल थे।

### भाजपा ने सोनारी, कदमा, साकची पश्चिम एवं बिस्टुपुर मंडल में खोला चुनावी कार्यालय

# भाजपा प्रत्याशी सह सांसद ने कार्यकताओं से चुनावी चर्चा की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा ने जमशेदपुर लोकसभा में चुनावी रणनीति को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से पश्चिम विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। शनिवार को जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने पश्चिम विधानसभा के सोनारी, कदमा, बिस्टुपुर एवं साकची पश्चिम मंडल के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। सांसद बिद्युत महतो ने सोनारी मंडल के गुदड़ी बाजार, कदमा मंडल के कदमा बाजार, बिस्टुपुर मंडल के राम मंदिर के समीप एवं साकची पश्चिम के ए एस जी अस्पताल के समीप बने कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पश्चिम विधानसभा के प्रभारी चंद्रशेखर मिश्रा, देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, राजेश सिंह, संजय तिवारी, बजरंगी पांडेय समेत पार्टी के अन्य वरीय नेतागण मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के पश्चात सांसद बिद्युत महतो ने मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं के संग चुनावी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी कार्यक्रम के संबंध में विचार-विमर्श किया।

वहीं, चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के मौके भाजपा कार्यकताओं ने जमशेदपुर सीट पर प्रचंड जीत का दम दिखाया और विश्वास जताया कि इस बार बिद्युत महतो रिकॉर्ड 5 लाख से अधिक मतों से विजयी होकर दिल्ली जाएंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत महतो ने कहा कि कार्यकताओं का जोश एवं जुनून बयां कर रहा है कि हवा का रुख किस तरफ है। बिद्युत महतो ने कहा कि जिस तरह से पिछले 10 वर्षों में भारत की चौतरफा तरक्की के साथ विकास के ऐतिहासिक काम हुए हैं, उसे देख कर देशवासी चिंतन करते हैं कि नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व देश को पहले क्यों नहीं मिला। आज भारत ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी चाहते है कि नरेंद्र मोदी ही फिर से भारत के प्रधानमंत्री बने। लोकसभा चुनाव के अभी परिणाम भी नहीं आए हैं लेकिन कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष नरेंद्र मोदी को अपने देश आने का निमंत्रण दे चुके हैं।



चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युतवरण महतो।

यह कार्यकताओं की मेनहत, जनता के आशीर्वाद और प्यार से संभव हुआ है। सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जनता की दशकों पुरानी कई मांग पूरी हुई है। विकास की इस रफ्तार को और तेज करने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए नरेंद्र मोदी को इस बार 400 से ज्यादा सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं ने सभी बूथों पर वीजयी कमल खिलाने का संकल्प लिया है।

कार्यकताओं के परिश्रम और अनुभव के आधार पर चुनाव परिणाम ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, कमल किशोर, रीता मिश्रा, जटाशंकर पांडेय, अनिल मोदी, विजय तिवारी, धर्मेंद्र प्रसाद, राजीव रंजन सिंह, संजीव कुमार, अजय श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, दीपू सिंह, शंकर रेड्डी, पूरण वर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, गोपाल लहरी, रीता सिंह, महावीर सिंह, पंचम जंघेल, संजय गोराई, कर्मु हांसदा, सोनु ठाकुर, विनोद राणा, रवि ठाकुर, अजय झा, प्रेम कुमार, भोला शर्मा, उमाशंकर सिंह, अभय सिंह उज्जैन, सुनील तिवारी, कार्तिक गोप, विक्की यादव, शोभा श्रीवास्तव, निर्दोष वर्मा, वर्मा प्रसाद, कृष्णा देवी, तपन सरकार, राजेश सिंह, जितेंद्र पटेल, संतोष सिंह, रंजीत सिंह, समल किशोर समेत अन्य कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

एक नजर में

## जोबा माझी ने चक्रधरपुर में किया डोर टू डोर जनसंपर्क



**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने शुक्रवार की शाम चक्रधरपुर शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। नगर परिषद के पीछे स्थित हरिजन बस्ती, पवन चौक, बाटा रोड, कपड़ा पट्टी, तम्बाकू पट्टी, असलम चौक में लोगों से मिलकर लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान काफी संख्या में झामुमो-कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे।

## किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल ने वेव इंटरनेशनल में मनाया मदर्स डे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल के द्वारा छः दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया । पहले दिन बूट कैंप , दूसरे दिन जस्ट जंपिंग,तीसरे दिन स्नोलैंड, चौथे दिन पीजेपी सिनेपोलिस और पांचवे दिन पूल पार्टी और पजामा पार्टी में बच्चों ने बहुत मस्ती की । साथ ही बच्चो ने फ्रूटी , दोसा , पिज्जा , शेक , चाउमीन, सैंडविच का भी लुफ्त उठाया । इस दौरान बच्चो की हर जरूरत का पूरा खयाल रखा गया । समर कैंप के पांचों दिन अलग अलग थीम को बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के अनुसार रखा गया था जिसमें पहले दिन बूट कैंप में बच्चों ने बूट कैंप के बारे में जाना, ट्रैकिंग की, गन्ने से रस निकालना सीखा, पॉट पेंटिंग सीखा, बारबेक्वी किया और एक स्पोर्ट चैलेंज में पार्टिसिपेट किया। दूसरे दिन बच्चों को बिस्तुपुर स्तिथ पी एम मॉल के जस्ट जंपिंग में ले जाया गया जहां बच्चों ने खूब मस्ती की, तीसरे दिन उन्होंने स्नोवर्ल्ड में खूब मस्ती की, स्नोमैन बनाया तथा इग्लू बनाया। चौथे दिन बच्चों को पीजेपी सिनेपोलिस ले जाया गया जहां उन्होंने मूवी देखा और पांचवे दिन उन सबने पूल पार्टी और पजामा पार्टी का मजा उठाया जिसमें उन्होंने मोजितो और कैंडी फ्लॉस बनाई। समर कैंप का समापन द वेव इंटरनेशनल में मदर्स डे सेलिब्रेशन के साथ हुआ।

जिसमे मॉम्स के लिए डिज्नी थीम पर रैंप वॉक , म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं ने माहोल ही बना दिया । सारे प्रतियोगिताओं को जीतकर सुपर मॉम का खिताब श्रीमती गुलनाज को मिला तथा अपने उत्कृष्ठ परिधान के लिए दिवा मोम का खिताब श्रीमती सबा को मिला । इस अवसर पर चीफ गेस्ट शेफ प्रिया गुप्ता (मास्टर शेफ,मल्टीक्यूसिन एंड कंफेक्शनरी ट्रेनर) और शिल्पी पलसानिया (एंटरप्रेन्योर एंड हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट) गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद थीं। अनिथियो को प्ले स्कूल की मैनेजर ने टोकन ऑफ लव से सम्मानित किया। अतिथियो की मौजूदगी ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। अतिथियों ने सारे प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाही की। ऐंकर शफक्वेट और पूनम ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पटमदा में मुख्यमंत्री का चुनावी सभा आज, तैयारी पूरी



तैयारी का जायजा लेते विधायक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के दिघी पंचायत अंतर्गत लोवाडीह मैंदान में राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनाव प्रचार करने हेलिकॉप्टर से लोवाडीह मैंदान सुबह 10 बजे आएंगे। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के देखरेख में आयोजित चुनावी सभा की सारी तैयारियां शनिवार की देर शाम तक पूरी कर ली गई है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जनसभा में पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की हेलीकॉप्टर तय समय सुबह 10 बजे मैंदान में लेंडिंग करेगी। विधायक ने भारी संख्या में कार्यकताओं को शामिल होने की अपील की है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, मंटू महतो, दयाल महतो, माणिक महतो, सिजेन हेम्ब्रम समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने प्रचार के अंतिम दिन चाईबासा में किया रोड शो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज चाईबासा में रोड शो कर मतदाताओं को कमल छाप पर बटन दबाने की अपील की। सिंहभूम सीट पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे। श्रीमती गीता कोड़ा ने आज चाईबासा शहर के बाबा सिद्धेस्वर नाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ से विजय का आशीर्वाद लेकर महिला पुरुष कार्यकताओं,पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हाँथ जोड़कर जनता से 13 मई को कमल फूल निशान के 1 नंबर बटन दबाकर समर्थन मांगते हुए विराट पद यात्रा-रैली निकाल कर ,शक्ति प्रदर्शन किया। बरसते वारिश के बीच पद यात्रा में शामिल कार्यकताओं का हुजूम पूरे जोशो खरोश से भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद,नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद,गीता कोडा जिन्दाबाद की नारा लगाते रहें। वरीय नेताओ,शक्ति वंदन महिलाओं और कार्यकताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा की पद यात्रा सिद्धेस्वर मंदिर से भगवान बिरसा मुंडा चौक-शाहिद राम भगवान स्मारक -पोस्ट आफिस चौक-दुर्गा मंदिर-सदर थाना -जैन मार्केट चौक -भगवान बिरसा मुंडा स्मारक बस स्टैंड - रतनलाल पेट्रोल पंप होते -गांधी मैदान स्व0 राधे सुम्बरई स्मारक -माहत्मा गांधी स्मारक- नगाडा चौक - मधु बाजार होते लोकसभा पार्टी कार्यालय मधुबाजार तक गई।



रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करती गीता कोड़ा।

# झामुमो सह इंडि प्रत्याशी समीर महंती ने मिथिला समाज के साथ की चाय पर चर्चा



होटल केनेलाइट में समीर महंती का अभिनंदन करते मिथिला समाज के लोग।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मिथिला परिवार के ओर से जमशेदपुर इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी समीर कुमार मोहंती जी से साकची स्थित होटल में चाय पर चर्चा। इस दौरान समाज के बबलू झा ने 2 ट्रेन की मांग की। पहला टाटानगर से जयनगर एवम दूसरा टाटा नगर से सहरसा तक।

डायरेक्ट रेल सुविधा पर प्रत्यासी समीर महंती ने से साफ शब्दों में कहा कि अगर मै जीतता हूं तो कलम की सिहाई से पहला हस्ताक्षर यही करूंगा।

## केजरीवाल के अंतरिम जमानत की खुशी में शामिल हुए समीर

आज शाम को आम आदमी पार्टी जमशेदपुर महानगर इकाई की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी को अंतरिम राहत मिलने की खुशी में साक्ची मुख्य गोल चक्कर पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार जी के नेतृत्व में लड्डू वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती जी, आप प्रदेश उप संयोजक श्री प्रेम कुमार जी और प्रदेश संयुक्त सचिव रईस अफरीदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री समीर मोहंती जी को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष संतोष भगत, महानगर उपाध्यक्ष मनोज सिंह, महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल ठाकुर, विधानसभा सचिव मणि यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा, विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष हरीभजन सिंह, वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, वरिष्ठ नेता हकीमुद्दीन वारिस, महानगर सहसचिव आमिर, महानगर सहसचिव सागिर, सक्रिय कार्यकर्ता संजीव वर्मा एवं अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



आप नेता प्रेम कुमार को साकची गोलचक्कर पर लड्डू खिलाते समीर महंती।

## एनटीटीएफ के 5 छात्रों को टार्क रोबोटिस ने किया चयन, 2.80 लाख के पैकेज पर लॉक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 05 छात्रों को 02.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।

सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई।

स्पीड न्यूज

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन में अरमान खान के द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आंख के डॉ.सूरज साव के सहयोगी वसीम खान, विनय कुमार, रंजीत कुमार के नेतृत्व में 52 लोगों को आंखों का जांच किया गया।

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता संबधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्राानाध्यापक वरूण कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित की गयी। वहीं क्विज प्रतियोगिता में बराकर हाउस पहले स्थान पर रहा, वहीं दूसरे स्थान पर पेट्रो हाउस रहा। मौके पर नरेंद्र नाथ यादव, सौरभ सुमन, संजय कुमार पांडेय, सरयू प्रसाद यादव, अंजलि कुमारी, परवेज मुशर्रफ, बिनीता शर्मा, रामेश्वर साव, नलिन कुमार, रवि रंजन वर्मा, किरण कुमारी, शिव शंकर प्रसाद, विकास कुमार, जितेंद्र कुमार, शंभू, भोला, श्याम सुंदर यादव, कुमारी निशा समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी एवं क्षेत्र के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जागरूकता रैली विद्यालय से निकलकर बाघमारा चौक होते हुए रूपायडीह तक भ्रमण किया। वहीं प्राचार्य ने जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अभी चल रहा है चुनाव का पर्व, जिसपर हम सभी को है गर्व। मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार और इसी में लोकतंत्र की खूबसूरती भी बसती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी 20 मई को जब अपने क्षेत्र में मतदान होगा तो सबसे पहले अपना बहुमूल्य मतदान करें, उसके बाद ही कोई काम करें। मतदाता जागरूकता रैली में विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, मुकेश राणा, दीपक कुमार, सनोज कुमार, नीलम प्रभा, रिंकी देवी और दशम के विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, नरेश सिंह, सीताराम यादव, इस्तियाक अंसारी, पप्पु कुमार, पंकज साव, सुनील कुमार यादव, शमशेर आलम, शाहिद हुसैन, केदार यादव आदि समेत सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी ने कराया नुक्कड़ सभा का आयोजन

**कोडरमा।** मुख्यालय स्थित राजेंद्र चौक के समीप भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधानसभा के प्रभारी इंजीनियर विनय सिंह उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पीएम मोदी को सुनने सिमरिया में उमड़ी भीड़, हर वर्ग में था उत्साह

खबर मन्त्र टीम



**चतरा।** लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों कालीचरण सिंह (चतरा) और मनीष जयसवाल (हजारीबाग) के पक्ष में चुनावी सभा करने शनिवार को सिमरिया पहुंचे पीएम मोदी को देखने भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उन्हें देखने और सुनने हर वर्ग में उत्साह था। चतरा लोकसभा के सिमरिया में पीएम मोदी की चुनावी सभा तीन बजे से थी, पर मोदी को सुनने के लिए सुबह 11 बजे से ही लोगों का हुजूम सभास्थल पर ग्यारह बजे से ही जुटने लगा था। सभी सड़कों पर भीड़ नजर आ रही थी। इनमें महिलाओं और युवा की भीड़ अधिक थी।

**मोदी को देखने आये है :** मुख्य सड़क के अलावा सभास्थल तक पहुंचने वाली सभी पगडंडियों और कच्चे रास्तों पर भी लोगों की कतार दिख रही थी। सभी आयुवर्ग के लोग सभा में पहुंच रहे थे। आने वाले लोगों से पूछने पर कि कहां आये हैं और किसकी रैली है? जवाब में कुछ लोग किसकी रैली है बता पाने की स्थिति में नहीं थे, परंतु वह यह जरूर कह रहे थे कि मोदी की हकार (निमंत्रण ) पर आये हैं। मोदी आये हैं। उनको देखने आये हैं। मोदी को सुनने 80 साल की फूलवा देवी ने 35 रुपये किराया देकर अपने घर से सिमरिया पहुंची थीं। वह बस से उतरकर लगभग पांच किमी पैदल चलकर सभास्थल तक पहुंची थीं। 70 वर्षीय सोनी मुसमाथ डाढ़ी गांव से पैदल ही मोदी को सुनने आयी थीं। वह कहती हैं कि वृद्धा पेंशन मिल रही है, लेकिन अब तक घर नहीं बना है। इस बार मोदी जीतेंगे, तो घर भी बन जायेगा। 60 वर्षीय घूरन भुइयां ने बताया कि क्षेत्र का विकास पूरा नहीं हुआ है, पर काम जरूर हो रहा है।

**मुस्लिम समुदाय के लोग भी पहुंचे :** मोदी को सुनने मुस्लिम समुदाय के लोग भी आये थे। हालांकि, खुल कर उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा। बुरका पहनी एक महिला छोटे बच्चे के साथ सभास्थल की ओर जा रही थी। नाम पूछने पर वह झेंप गयी। आने का कारण पूछने पर कहा कि मोदी को सुनने आये हैं। सभास्थल पर इरफान खान भी मिले. पूछने पर उन्होंने कहा कि मोदी देश के पीएम हैं, सभी को उनको सुनना चाहिए।

**विधानसभा में भी बनेगी एनडीए सरकार बनेगी :** जनसभा में पीएम मोदी ने कहा, मैं ओडिशा से आ रहा हूं। उसके पहले तेलंगाना में था। आंध्र भी जाकर आया हूं। मैं जिम्मेवारी के साथ कहता हूं कि इस चुनाव के साथ-साथ जहां-जहां विधानसभा चुनाव भी साथ चल रहे हैं, विधानसभा में भी भारी बहुमत से एनडीए की सरकारें बनेगी।

**भ्रष्टाचारियों पर तो कार्रवाई होगी ही :** पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है न काम करेंगे ना करने देंगे और बिना बिना दाम काम का नाम नहीं करेंगे। यह इनका खेल है। खुद तो भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते नहीं, मोदी जो काम करता है, उसे भी रोकने में लगे रहते हैं। मोदी ने कहा, मैं एक बार फिर वादा करता हूं कि भ्रष्टाचारियों पर तो कार्रवाई करूंगा ही। उन्हें जनता का पैसा लौटाना भी पड़ेगा और जेल भी जाना होगा। आप देख ही रहे हैं, इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। मोदी देश के गरीबों को राशन मुफ्त भेजता है, पर ये चाहते हैं कि मोदी का भेजा राशन गरीबों को मिले ही नहीं। जब गरीब मोदी को आशीर्वाद देता है, तो उनको चिढ़ होती है। । झारखंड सरकार में तो सबकुछ गड़बड़ ही है। पाइप डाल दिये गये, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं की गयी है। पीएम मोदी ने कहा कि चतरा से कालीचरण सिंह व हजारीबाग से मनीष जायसवाल को विजयी बनायें।

**झारखंड में घुसपैठ को बढ़ावा :** पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड में झामुमो की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। गरीब आदिवासियों की बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। कांग्रेस का पंजा दलितों, ओबीसी, एसटी व एससी का आरक्षण छीनने पर लगा है। उन्होंने धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आज कल नया फॉमूर्ला लेकर आ रहे हैं। वे आपकी संपत्ति की जांच करायेंगे, कितनी जमीन है, इसकी भी जांच की जायेगी, वे ऐसा कानून लाने वाले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अपमान को लेकर विपक्ष पर बरसे। उन्होंने कहा, आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना तो देश के लिए अभिमान है। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों ने राजकुमार राम को मयार्दा पुरुषोत्तम बना दिया था।

**भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है इंडी गठबंधन की सरकार :** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। झारखंड के हर घर जल पहुंचाने के लिए नल-जल योजना शुरू की गयी है, लेकिन झारखंड सरकार इसे रोकने में लगी है। भ्रष्टाचार ही इनका मुख्य काम है। मोदी का काम रोकते रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि एनडीए लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में भी शानदार जीत दर्ज करेगा।

**मैं दिल की बात करने आया हूं :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं दिल की बात करने आया हूं। इससे पहले 3 मई को दो दिवसीय दौरे पर पीएम मोदी झारखंड आये थे, इस दौरान तीन मई को चाईबासा में सभा को संबोधित किया था और शाम को रांची में रोड शो में शामिल हुए थे। वहीं, चार मई पलामू बीजेपी प्रत्याशी वीडी राम और लोहरदगा में बीजेपी प्रत्याशी समीर उरांव के लिए आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया था।

## दो मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में एक की मौत, दो घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा बारियातू मुख्य मार्ग में सराढू बगीचा के पास विपरीत दिशा से आ रहे दो मोटरसाइकिल की आपस में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में हुए मृत महेश गंझू उम्र लगभग 22 वर्ष बालूमाथ थाना के आरा गांव निवासी है, वहीं अन्य दो घायल पवन भुईयां पिता बासुदेव भुईयां ग्राम राहम (बडकी टाड) एवम् मुकेश भुईयां ग्राम कशीयातु सिमरिया के रहने वाले हैं दोनों का उम्र लगभग 23 एवम् 24 वर्ष हैं। इस घटना के संबंध में मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि मृतक महेश गंझू व इसके साथ एक अन्य साथी टंडवा से अपने गांव आरा जा रहा था, वहीं काशीयातु सिमरिया से अपने घर राहम बड़की टाड़ जा रहे मोटरसाइकिल सवारों के बीच में यह घटना घटी। इस घटना में घायल हुए पवन भुईयां का बायां हाथ टूट गया परंतु हेलमेट पहनने रहने के कारण स्थिति सामान्य है। वहीं मृतक महेश गंजू बिना हेलमेट के बाइक चला रहा था, जिससे की सर में गंभीर चोट लगने के कारण अत्यधिक खून का बहाव हुआ, जिस कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों को आम्रपाली परियोजना के एंबुलेंस के मदद से टंडवा सदर अस्पताल भेजा गया।

राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा पहुंचे कोडरमा, प्रेसवार्ता कर भाजपा पर बोला हमला, कहा

## ढिबरा उद्योग बचाने के लिए भाजपा सांसद ने संसद में कभी नही उठाई आवाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह की कोडरमा में ऐतिहासिक जीत होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा के विभिन्न खेत खलिहान और गांव में बदलाव की लहर स्पष्ट दिख रही है। शनिवार को झुमरीतिलैया में चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता को राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता वाले देश के पीएम नरेंद्र मोदी है। भारत में अलग अलग पंथ को मानने वाले लोग है। मगर संविधान और आचार संहिता के विरुद्ध पीएम मोदी केवल ध्रुवीकरण के लिए बयान दे रहें है। पीएम मोदी के बयान से देश के नागरिकों के बीच मनभेद और मतभेद पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नही है, इसलिए भाजपा अपने घोषणा पत्र को दरकिनार कर इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र की आलोचना कर रहे। भाजपा 2014 में सत्ता में आने के लिए जो वादा किया था, जिसमे 2 करोड़ रोजगार, महंगाई पर लगाम लगाने का वादा किया था, उसपर चुप्पी साध ली है। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा में ढिबरा व्यवसाय पर भारत सरकार की नीतियों की वजह से व्यवसाय को हाशिये पर ढकेल दिया गया। सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि ढिबरा उद्योग बचाने के लिए स्थानीय भाजपा सांसद ने संसद में कभी आवाज नही उठा पाई। वहीं इंडिया गठबंधन के विनोद सिंह ढिबरा की आवाज विधानसभा में भी उठाई और ढिबरा आंदोलन में जेल भी गए। उन्होंने कहा कि कोडरमा बदलाव की ओर बढ़ चुकी है, इसबार विनोद सिंह की जीत सुनिश्चित है। वहीं इंडिया गठबंधन के संयोजक रामधन यादव और राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, जेएमएम जिला सचिव श्यामदेव यादव, कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा की कोडरमा में लड़ाई जनता वनाम भाजपा की है।

## जनता के आह्वान पर कोडरमा लोकसभा का चुनाव लड़ रहा हूं : जय प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के वृंदा भवन में कोडरमा लोकसभा चुनाव में दमखम आजमा रहे निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा ने एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत किया। सम्मेलन की अध्यक्षता देवेंद्र कुमार मेहता ने किया। मौके पर उपस्थित निर्दलीय प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पिछले 5 सालों में एक भी विकास के कार्य नहीं हुए हैं। कोडरमा का मेडिकल कॉलेज का अब तक पूर्ण नहीं होना इसका एक प्रमाण है। साथ ही श्री वर्मा ने कहा कि जनता के आह्वान पर उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है और लगातार क्षेत्र के मतदाताओं का मिल रहा सहयोग बता रहा है कि उनकी जीत शत प्रतिशत तय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है कि इस बार क्षेत्र की जनता ने वैसे लोगों की पहचान कर ली है जो जनता को गुमराह कर अब तक ठगने का प्रयास किया है। पिछले चुनाव में कार्यों के लिए किये वादों मे एक भी कार्य को अमली जामा नहीं पहनाया गया यदि इस बार जानता मुझे मौका देती है।

## भाकपा माले ने झूठ को हथियार और चोरों को यार बना रखा है : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विकास की एक बड़ी लकीर खींची है, विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है, भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त-निर्णायक कार्रवाई की है और आज़ादी के बाद से लंबे समय तक काबिज रहे कांग्रेस और उसके साथियों की गलतियां उजागर करते हुए उन्हें सुधारा है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई कार्रवाई में ज्यादातर कांग्रेस, राजद और झामुमो के शीर्ष नेता पकड़े गए। अब आम चुनाव के दौरान अपनी चोरी की सजा से बचने, लूटकर इकट्ठा की गई संपत्ति बचाने और अपनी ऐतिहासिक गलतियों पर परदा डालने के लिए सारे चोर इकट्ठा हो गए हैं। इन्होंने अपने बचाव और भाजपा के ऊपर हमले के लिए झूठ को हथियार बना रखा है। झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र की इंदरवा, तिलैया बस्ती, नवादा बस्ती आदि बस्तियों में जन संपर्क के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहीं। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखण्ड की हेमन्त सोरेन की सरकार पत्थर, बालू और ढ़िबरा को लूट का जरिया बनाया और इसके लिए गरीबों के रोजी रोजगार पर डाका डाला। ढिबरा, बालू, पत्थर ये सभी राज्य सरकार के नियंत्रण में हैं। एक भ्रम फैलाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने ढिबरा चुनने-बेचने पर रोक लगाई है। मैं ऐसा कहने वालों को इससे संबंधित पत्र या दस्तावेज सार्वजनिक करने की चुनौती देती हूं। वहीं उन्होंने कहा कि भाकपा माले और इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि ढिबरा, बालू का कारोबार बंद होने के बावजूद इसका अवैध कारोबार हो रहा है या नहीं, इस अवैध कारोबार का सरगना इंडी गठबंधन और माले से जुड़ा हुआ है या नहीं और इस अवैध कारोबार को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है या नहीं। वहीं उन्होंने कहा भाकपा माले और इंडी गठबंधन में यह बताने का नैतिक साहस भी नहीं है कि ज्यादातर विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार सिर्फ धन मुहैया कराती है, मगर योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन राज्य सरकार के हाथ में है।

फिर, तीन गुना पैसा केंद्र द्वारा भेजे जाने के बाद भी हर घर नल से जल योजना की खराब स्थिति के लिए भाकपा माले सहित इंडी गठबंधन के विधायक और राज्य सरकार जिम्मेवार क्यों नहीं? करमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण भले ही मोदी सरकार के पैसे से हो रहा हो, लेकिन निर्माण कार्य तो राज्य सरकार के उपक्रम भवन निर्माण निगम के पास है, फिर भाकपा माले और इंडी गठबंधन के नेता यह बोलने में क्यों डरते हैं कि इसके निर्माण में हुई देर के लिए हेमंत सोरेन की सरकार जिम्मेवार है। भाकपा माले के नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी बड़ी बातें करते हैं लेकिन ईडी द्वारा करोड़ों की बरामद्गी के बारे में बोलने की इनकी हिम्मत नहीं, क्योंकि इन्हें पता है कि अगर इनका मुंह खुला तो बंधे बंधाए कमीशन और लूट में हिस्सेदारी से हाथ धोना पड़ेगा। ऐसे और भी कई उदाहरण हैं जिनके जरिए जनता समझ चुकी है कि चुनाव में भाजपा के खिलाफ साजिश कर रही भाकपा माले के पास केवल और केवल झूठ का हथियार है और ईमानदारी, नैतिकता, पारदर्शिता का ढोंग करनेवाला भाकपा माले दरअसल चोरों का यार है।

एक नजर में

## इंडिया गठबंधन ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत इंडिया गठबंधन के समर्थित कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी बिनोद सिंह को भारी बहुमत से जिताने को लेकर राजद, कांग्रेस, जेएमएम व माले कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जनसम्पर्क अभियान चलाया। स दौरान कादोडीह पंचायत के ग्राम राजारायडीह, गादी, केतरोसिंगा, मंझला नगर समेत कई गांवो का दौरा कर गठबंधन के कोडरमा लोक सभा प्रत्यासी बिनोद सिंह के चुनाव चिह्न झंडे में तीन तारा निशान पर 20 मई को बटन दबा कर भारी मतों से विजय बनने का अपील किया। साथ ही बूथ कमेटी का भी गठन किया गया राजद नेता सह प्रखंड प्रमुख विजय सिंह ने कहा भाजपा के सांसद 5 वर्ष में कोडरमा के विकास करने के बजाय ढ़िबरा, पत्थर उद्योग को ही बंद कर दिया। कोडरमा के लोगों के बिच रोजी रोटी की समस्या उतपन्न हो गई है लोग पालायन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के दस वर्षो के कार्यकाल में देश का विकास की जगह विनाश ही हुआ है। बेरोजगारी चरम पर है गैस, डीजल, पेट्रोल के साथ साथ रोजमर्रा के उपयोग में आने वाला सामान का कीमत आसमान छू रहा है। इस चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखायेगी। मौके पर विजय सिंह, मो.खलील, सरफुद्दीन अंसारी, तौकीर अहमद, बिनोद साव, सरफराज खान, मनिंदर राम, भुनेश्वर यादव, अशोक दास, बिनोद साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा।** घर में घुस मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को कारू तुरी पिता स्व. काली तुरी लालगढ़ मरकच्चो निवासी को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर मरकच्चो थाना कांड संख्या 73/2018 एवं एसटी- 32/2020 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को आकि से आकि सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से आविक्ता दशरथ यादव एवं आविक्ता रामेश्वर प्रसाद यादव ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त कारू तुरी को दोषी पाते हुए सजा तय किया और जुर्माना लगाया। वहीं न्यायालय ने अन्य 10 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। इसे लेकर हीरा तुरी लालगढ़ मरकच्चो निवासी ने थाना को दिए बयान में कहा था की वह घटना के दिन अपने घर में बैठा था, इसी दौरान कारू तुरी, मनोज तुरी, अर्जुन तुरी, राजकुमार तुरी, अरुणा देवी सहित कुल 11 लोग नाजायज मजमा बनाकर उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान कारू तुरी जो अपने हाथ में तलवार लिए हुए था, तलवार से उसके पीठ पर मार दिया, जिससे उसकी पीठ पूरी तरह कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट किया। इस दौरान उसका छोटा लड़का उसे बचाने आया तो उसे भी उन लोगों ने मार कर घायल कर दिया। हल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीण जब आए तब जाकर उनकी जान बची। पुलिस ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज किया गया। वहीं हीरा तुरी ने पुलिस से आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** मां की ममता अनंत है और इसी ममता को याद करते हुए झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आठवीं तक की कक्षाएं बंद होने के बावजूद छात्रों ने अपनी मां के प्रति प्रेम को प्रकट करते हुए इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं ऑनलाइन मोड पर रखी गई थी, जहां पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों के बीच कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, चौथी से पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच हिंदी भाषण, छठी से आठवीं तक कक्षा तक के छात्रों के बीच अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता और नवीं से 12वीं तक के छात्रों के बीच पोएटिरी राइटिंग प्रतियोगिता रखी गई थी। जहां बच्चों ने अधिक से आकि संख्या में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया और मां के त्याग, बलिदान, उनकी सहनशक्ति एवं असीम प्रेम को दर्शाया। वहीं विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लिए सभी छात्रों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की और प्ले ग्रुप में अपने बच्चों के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उनकी माता को धन्यवाद सहित बधाइयां दी। वहीं उन्होंने कहा कि एक मां व बच्चे का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य मां के प्रति प्रेम व सम्मान को प्रदर्शित करना होता है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानी, पवन, धरती और आकाश हाउस के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक फैयाज कैशर की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता दो राउंड में हुई। प्रत्येक राउंड में प्रत्येक हाउस के प्रतिभागियों से चार-चार सवाल पूछे जा रहे थे। प्रतियोगिता में धरती हाउस ओवरऑल चैंपियन बना। जबकि पवन और पानी हाउस समान अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं आकाश हाउस तीसरे स्थान पर रहा। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने विजेताओं को बााई दी और कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि उत्पन्न होती है और उनकी समझ भी विकसित होती है। प्रतियोगिता में धरती हाउस के सत्यम कुमार, आराध्या जायसवाल, नीरज, निखिल राज, पवन हाउस के अर्चित अंकु, दीपांकित राज, आतिश राणा, सौरव रंजन, ऐश्वर्य प्रीत, पानी हाउस के पीयूष राज मोदी, फरहात, तन्वी, तैयबा जबिन, शिवम कुमार, शौर्य तिवारी, वर्षा रानी, तारिशा शर्मा, समर गौतम, अनुकल्प कुमार शामिल थे।

## हार्ट अटैक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद के प्रबंध निदेशक द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में बाजार समिति द्वारा बाजार प्रांगण झुमरीतिलैया में हार्ट अटैक संबंधित विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यालय में मुख्य रूप से बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद एवं डॉ.सुनील यादव उपस्थित रहे। वहीं डॉ.सुनील यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हार्ट अटैक आने के कुछ लक्षण है, जिसमें सीने में दर्द, कंधे में दर्द आदि है। जब भी ऐसा हो लोग डॉक्टर से सलाह लें और सही से उपचार करवाएं। इससे संबंधित उन्होंने एक डेमो का भी प्रदर्शन किया, जिसमें जब किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आता है तो किस प्रकार प्राथमिक उपचार किया जाए, इसकी संपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने लोगों को बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल के संबंा में भी किए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। मौके पर मुकेश कुमार सिंह, आनंद कुमार, गोविंद कुमार, रजत कुमार, रवि सलूजा, भगवान बर्णवाल, गणेश सोनकर, गुंजन देवी, मु देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, सीमा देवी आदि मौजूद थे।




# कोलकाता ने स्पिनर्स के दमपर मुंबई को दी मात

## केकेआर ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया, प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया



### मुंबई की बैटिंग पूरी तरह रही फेल

मुंबई इंडियंस को सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने बेहतरीन शुरूआत दिलाई। लेकिन उनके अलावा सभी बल्लेबाज जूझते रहे। ईशान ने 22 गेंदों पर 40 रनों की पारी खेली। रोहित शर्मा ने 19 रन बनाने के लिए 24 तो सूर्यकुमार यादव ने 11 रन बनाने के लिए 14 गेंदें खेलीं। हार्दिक पंड्या ने दो, नेहाल वढेरा ने 3 रन बनाए तो टिम डेविड का खाता नहीं खुला। तिलक वर्मा ने 17 गेंदों पर 32 जबकि नमन धीर ने 6 गेंदों पर 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक ले जाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे।आखिरी दो ओवर में मुंबई को 41 रनों की जरूरत थी। नमन और तिलक ने रसेल के खिलाफ 15वें ओवर में 19 रन बनाए। लेकिन आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर नमन आउट हो गए। फिर तीसरी गेंद पर हर्षित राणा ने तिलक वर्मा को आउट कर मुंबई की हार पक्की कर दी।

### कोलकाता 157/7 (16ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. कंबोज बो. तुषारा | 06 | 05 | 00 | 01 |
| नरेन बोल्ड जसप्रीत बुमराह | 00 | 01 | 00 | 00 |
| वेंकटेश कै. यादव बो. चावला | 42 | 21 | 06 | 02 |
| श्रेयस अय्यर बो. कंबोज | 07 | 10 | 01 | 00 |
| नितीश राणा रन आउट | 33 | 23 | 04 | 01 |
| रसेल कै. कंबोज बो. चावला | 24 | 14 | 02 | 02 |
| रिंकू कै. किशन बो. बुमराह | 20 | 12 | 00 | 02 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 17 | 08 | 01 | 01 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 02 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 6-1, 10-2, 40-3, 77-4, 116-5, 125-6, 148-7.

**गेंदबाज** : नुवान तुषारा : 3-0-31-1, जसप्रीत बुमराह : 4-0-39-2, अंशुल कंबोज : 3-0-24-1, हार्दिक पंड्या : 3-0-32-0, पीयूष चावला : 3-0-28-2.

### मुंबई 139/8 (16 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| किशन कै. रिंकू बोल्ड नरेन | 40 | 22 | 05 | 02 |
| रोहित कै. नरेन बोल्ड चक्रवर्ती | 19 | 24 | 01 | 01 |
| सूर्यकुमार कै. सिंह बोल्ड रसेल | 11 | 14 | 01 | 00 |
| तिलक कै. साल्ट बोल्ड हर्षित | 32 | 17 | 05 | 01 |
| हार्दिक कै. अरोड़ा बोल्ड चक्रवर्ती | 02 | 04 | 00 | 00 |
| टिम डेविड कै. श्रेयस बोल्ड रसेल | 00 | 03 | 00 | 00 |
| नेहाल वधेरा रन आउट | 03 | 03 | 00 | 00 |
| नमन धीर कै. रिंकू बोल्ड हर्षित | 17 | 06 | 01 | 02 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 02 | 02 | 00 | 00 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :12

**विकेट पतन** :65-1, 67-2, 87-3, 91-4, 92-5, 117-6, 136-7, 137-8.

**गेंदबाज** : वैभव अरोड़ा : 2-0-16-0, मिचेल स्टार्क : 1-0-11-0, हर्षित राणा : 3-0-34-2, सुनील नरेन : 3-0-21-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-17-2, आंद्रे रसेल : 3-0-34-2.

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बारिश से बाधित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया। केकेआर की यह नौवीं जीत है और वह 18 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। इसी के साथ कोलकाता आइपीएल 2024 सीजन के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले बारिश के कारण मैच दो घंटा 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ। बारिश ने इस मैच में खलल डाला जिससे मुकाबले को 16-16 कराने का फैसला किया गया। मुंबई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और गेंदबाजों ने कप्तान का फैसला सही साबित करने में देर नहीं लगाई। केकेआर शुरूआती झटकों से नहीं उबर सकी और टीम ने 16 ओवर में सात विकेट पर 157 रन बनाए। केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने 21 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। मुंबई की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन पावरप्ले के बाद सुनील नरेन ने ईशान को आउट कर मुंबई को पहला झटका दिया। यहां से मुंबई की पारी पूरी तरह लडखड़ा गई और फिर संभल नहीं सकी।




### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 | +1.428 |
| राजस्थान | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 16 | 06 | 06 | 00 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 06 | 06 | 00 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 06 | 06 | 00 | 12 | -0.796 |
| बंगलुरु | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 | -1.063 |
| मुंबई | 13 | 04 | 09 | 00 | 08 | -0.271 |
| पंजाब | 12 | 04 | 08 | 00 | 08 | -0.423 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बंगलुरु | 634 |
| गायकबाड | चेन्नई | 541 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| सुदर्शन | गुजरात | 527 |
| सैमसन | राजस्थान | 471 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| हर्षल | पंजाब | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 18 |
| अर्शदीप | पंजाब | 16 |
| नटराजन | हैदराहाद | 15 |

## पहले दौर में हारे दीपक पूनिया, ओलंपिक क्वालीफिकेशन को लगा झटका

**इस्तांबुल।** अनुभवी भारतीय पहलवान दीपक पूनिया को इस्तांबुल में जारी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे उनके पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि युवा पहलवान अमन सहरावत 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और वह ओलंपिक कोटा हासिल करने से महज एक कदम दूर हैं। अब तक कोई भारतीय पुरुष पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका है और भारतीय पहलवानों के पास पेरिस खेलों में शामिल होने का यह आखिरी अवसर है। टोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके दीपक पूनिया 86 किग्रा के पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए। अब पूनिया का भाग्य रेपेचेज दौर पर टिका है जिसके लिए चीन के इस पहलवान को फाइनल में पहुंचना होगा। अगर जुशेन लिन फाइनल में पहुंचने में सफल रहे तो दीपक रेपचेज के जरिये आगे बढ़ सकते हैं। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी पहलवान दीपक पूनिया पहले पीरियड में 3-0 से बढ़त बनाए थे। चीन के पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 4-3 कर दिया और अंत में जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## पाक को पस्त कर जापान ने जीता अजलान शाह कप

**इपोह (मलेशिया)।** जापान ने पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सुल्तान अजलान शाह हॉकी कप जीत लिया है। शनिवार को खेले गये फाइनल में निर्धारित समय तक दोनो टीमें दो दो गोल कर बराबरी पर रही जिसके बाद निर्णय शूटआउट में किया गया। जापान ने रयोमा ओका ने शूटआउट में बढ़त बना ली, जबकि उनके साथियों ने लय को बरकरार रखते हुये अन्य तीन गोल किए। इस बीच, पाकिस्तान पहले दो मौकों में चूक गया जबकि अम्माद बट ने तीसरे प्रयास में गेंद को नेट में डाल दिया।

## अदिति अशोक ने फाउंडर्स कप में कट हासिल किया

**क्लिफ्टन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने कॉग्निजेंट फाउंडर्स कप के दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ आसानी से कट हासिल कर लिया। अदिति ने पहले दिन दो बर्डी, तीन बोगी और एक डबल बोगी के साथ तीन ओवर 75 का निराशाजनक स्कोर किया। उन्होंने ने हालांकि दूसरे दौर में तीन बर्डी के बूते 69 के स्कोर के साथ शानदार वापसी की। दो दौर के बाद इवन पार स्कोर के साथ वह संयुक्त 48वें स्थान पर है।

## प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा चेन्नई




एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को आइपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में हैदराबाद और दिल्ली के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी।

## एक मैच के लिए निलंबित हुए ऋषभ पंत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिसका अर्थ है कि पंत बेंगलुरु आरसीबी के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। एक बयान में कहा गया, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें आइपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## बेंगलुरु के लिए दिल्ली के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी

**बेंगलुरु।** लगातार चार मैच जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत निलंबन के कारण इस मैच से बाहर रहेंगे। पंत को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। पंत की गैर मौजूदगी से आरसीबी को फायदा मिलेगा जबकि दिल्ली के लिये यह बड़ा झटका है। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाए थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 9 विकेट पर 153 रन ही बना सकी।




## एंडरसन ने टेस्ट से किया सन्यास का ऐलान

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। एंडरसन ने शनिवार को इंस्टाग्राम में यह जानकारी साझा की। उन्होने लिखा लॉर्ड्स में गर्मियों का पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। 20 साल तक अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए, उस खेल को खेलते हुए, जो मुझे बचपन से पसंद है, गर्व महसूस होता है। मैं इंग्लैंड के लिए बाहर जाना बहुत मिस करूंगा लेकिन मैं जानता हूं कि अलग हटने और दूसरों को उनके सपनों को साकार करने देने का यह सही समय है, जैसा कि मैंने किया, क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है। उन्होने कहा डेनिएला, लोला, रूबी और मेरे माता-पिता के प्यार और समर्थन के बिना मैं यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद। साथ ही उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ काम बनाया। खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त करते



हुये एंडरसन ने कहा उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है, यह हमेशा बहुत मायने रखता है, भले ही अक्सर मेरे चेहरे पर यह दिखाई न दे। गौरतलब है कि इसी साल के शुरूआत में एंडरसन ने भारत दौरे में अपना 700वां टेस्ट विकेट चटकाया था और यह कारनामा करने वाले वह दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने। 41 वर्षीय खिलाड़ी ने करियर के 187वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी। हालांकि उम्र का असर उनके प्रदर्शन पर साफ दिखा था और उन्होने सात पारियों में सिर्फ 110 ओवर गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाज ने अपने टेस्ट करियर के दौरान 32 बार पांच या उससे अधिक विकेट झटके हैं जबकि तीन बार उन्होने दस विकेट हासिल किये हैं।

## घरेलू क्रिकेट में बड़ा बदलाव करने जा रहा है बीसीसीआइ

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) घरेलू क्रिकेट में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। भारत के 2024-25 घरेलू सीजन में कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं जिसमें टॉस खत्म करने का प्रस्ताव भी शामिल है। पता चला है कि 2024-25 सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर के पुनर्गठन का एक मसौदा प्रस्ताव बोर्ड की शीर्ष परिषद को भेजा गया है। यह प्रस्ताव बीसीसीआइ सचिव जय शाह, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के परामर्श के बाद बनाया गया है।

### सीके नायुडू ट्रॉफी से हो सकता है बदलाव

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआइ सीके नायुडू ट्रॉफी से टॉस को खत्म करने पर विचार कर रहा है जिसका आयोजन एक नई अंक प्रणाली के साथ किया जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक, सीके नायडू ट्रॉफी में सिक्के से टॉस की प्रणाली को खत्म किया जाएगा और मेहमान टीम के पास पहले बल्लेबाजी या गेंदबाजी का विकल्प चुनने का मौका होगा। बोर्ड सत्र के अंत में सीके नायडू ट्रॉफी के लिए नियोजित नई अंक प्रणाली की प्रभावशीलता का भी आकलन करेगा और यह निर्णय लिया जाएगा कि क्या इसे रणजी ट्रॉफी के आगामी सत्र में लागू किया जा सकता है?

### दो चरणों में आयोजित होगी रणजी ट्रॉफी



बीसीसीआइ रणजी ट्रॉफी के आयोजन को दो हिस्सों में बांटने पर विचार कर रहा है। इसके अनुसार, इसका आयोजन 2024-25 सीजन में सफेद गेंद वाले टूनार्मेंटों सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूनार्मेंट से पहले और फिर इन टूनार्मेंट के बाद में होगा। इस प्रस्ताव के अनुसार घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा, जिसमें राष्ट्रीय चयनकताओं द्वारा चुनी जाने वाली चार टीमें शामिल होंगी। ईरानी कप दलीप ट्रॉफी के बाद होगी जिसके बाद रणजी ट्रॉफी के पहले चरण को आयोजित किया जाएगा। रणजी ट्रॉफी के नए प्रस्तावित प्रारूप के अनुसार लीग चरण के आयोजन के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे सीमित प्रारूप के टूनार्मेंट होंगे। शेष दो रणजी लीग मैच और नॉकआउट चरण के मुकाबले सीमित ओवरों के टूनार्मेंट के बाद आयोजित किए जाएंगे। इसका मकसद सर्दियों के महीनों में देश के उत्तरी हिस्से में खराब मौसम से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ मैचों के बीच अंतराल सुनिश्चित करना है।

### खिलाड़ियों के आराम को ध्यान में रखा

बीसीसीआइ ने इस तथ्य को भी ध्यान में रखा है कि पिछले सत्र की रणजी ट्रॉफी के दौरान दो मैचों के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतराल था। इसमें यात्रा भी शामिल थी, जिससे खिलाड़ियों को आराम करने और तरोताजा होने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने कहा, 'खिलाड़ियों को तरोताजा होने के लिए पर्याप्त समय देने और पूरे सत्र में शीर्ष प्रदर्शन बनाए रखने के लिए मैचों के बीच अंतराल बढ़ाया जाएगा। सीके नायडू ट्रॉफी में संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नई अंक प्रणाली लागू की जाएगी। इसमें पहली पारी में बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए अंक शामिल हैं। इसके अलावा पहली पारी में बढ़त या जीत के लिए अंक भी शामिल हैं।

# कोपा अमेरिका: ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार

एजेंसी

**रियो डी जनेरियो।** स्टार फुटबॉलर नेमार को घुटने की चोट के कारण कोपा अमेरिका के लिए 23 सदस्यीय ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने जानकारी दी। नेमार ने अक्टूबर में अपने बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट और मेनिस्कस के टूटने के बाद से नहीं खेला है और 32 वर्षीय के संयुक्त राज्य अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूनामेंट के लिए फिट होने की कोई संभावना नहीं है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम से बाहर हैं, जो अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे थे। जैसा कि अपेक्षित था, प्रबंधक डोरिवल जूनियर ने अपनी 23 सदस्यीय टीम में रियल मैड्रिड जाने वाले पाल्मेरास के युवा फॉरवर्ड एंड्रिक को टीम में शामिल किया है। एंड्रिक, जो जुलाई में 18 साल के हो जाएंगे, ने वेंबली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरूआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।



### कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम

गोलकीपरः एलिसन, एडर्सन, बेंटो।

डिफेंडरः डैनिलो, यान कूटो, गुइलहेम अराना, वेंडेल, बेराल्डो, मार्क्विनहोस, एडर मिलिटाओ, गेब्रियल मैगलहेस।

मिडफील्डरः एंड्रियास परेरा, ब्रूनो गुइमारेस, डगलस लुइज, जोआओ गोम्स, लुकास पाक्वेटा।


फॉरवर्डः एंड्रिक, इवानिलसन, गेब्रियल मार्टिनेली, रफिन्हा, सविन्हो, रोड्रिगो, विनीसियस जूनियर।

## एम्बाप्पे ने पीएसजी छोड़ने की घोषणा की

एजेंसी

**मार्सिले।** फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे सीजन के अंत में फ्रेंच लीग 1 क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) छोड़ देंगे। एम्बाप्पे ने इसकी पुष्टि की, हालांकि इसके बाद वह कौन से क्लब से जुड़ेंगे, इसका खुलासा नहीं किया। एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं आप सभी को यह बताना चाहता था कि यह पेरिस सेंट-जर्मेन में मेरा आखिरी साल है। मैं इसे आगे नहीं बढ़ाऊंगा और कुछ ही हफ्तों में रोमांच खत्म हो जाएगा। मैं क्लब के लिए अपना आखिरी मैच रविवार को पार्क डेस प्रिंसेस में खेलूंगा। फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 2017 में मोनाको से ऋण पर पीएसजी में शामिल हुए थे और सीजन समाप्त होने के बाद 180 मिलियन यूरो के हस्तांतरण शुल्क पर आधिकारिक तौर पर क्लब के साथ जुड़ गए थे। टीम के साथ अपने सात वर्षों के दौरान, एम्बाप्पे ने क्लब को छह लीग खिताब और तीन फ्रेंच कप जीत हासिल करने में मदद की, उन्होंने क्लब के लिए 306 मैच खेले और 255 गोल किए। वह टीम के इतिहास में शीर्ष स्कोरर हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बहुत सारी भावनाएं हैं, कई वर्षों में मुझे सबसे बड़े और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में से एक का सदस्य बनने का मौका और बड़ा सम्मान मिला। उन्होंने कहा, इसने मुझे यहां पहुंचने, बहुत दबाव के साथ एक क्लब में अपना पहला अनुभव प्राप्त करने, एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने, इतिहास के कुछ सर्वश्रेष्ठ, कुछ महान चैंपियनों के साथ रहने की अनुमति दी। यह कठिन है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसकी घोषणा करना इतना कठिन होगा... लेकिन मुझे लगता है कि सात साल बाद मुझे एक नई चुनौती के लिए इसकी जरूरत थी।






# तिलक करो इस मिट्टी से, नामक कार्यक्रम की शुरूआत


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पं.हर्ष द्विवेदी कला मंच के तत्वावधान में प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम की 167वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर के बंधन मैरेज हॉल में 167 दीप प्रज्जवलित कर तिलक करो इस मिट्टी से, नामक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अतुल्य भूमिका निभाने वाले प्रथम भारतीय जनक्रांति के प्रणेता गढ़वा जिले के चेमो-सनेया के बलिदानी नीलांबर-पीतांबर, रमकंडा के बलिदानी नारायण साव और बड़गड़ के बलिदानी भूखा साव हलवाई की जन्मस्थली से संग्रहित पावन मिट्टी के कलशों का उपस्थित जनों द्वारा पूजन किया गया। फिर सभी लोगों को उस पवित्र मिट्टी से तिलक किया गया। मौके पर मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने कहा कि गढ़वा जिला का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। प्रथम भारतीय जनक्रांति के प्रणेता शहीद नीलांबर-पीतांबर ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के दांत ऐसे खट्टे किए थे कि उसकी खबर ब्रिटेन तक जा पहुंची थी। उसी काल खण्ड के उनके जैसे अनेक भारत माता के वीर सपूतों ने जो अतुल्य योगदान दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक वासुकीनाथ ने कहा कि पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच का तिलक करो इस मिट्टी से. नामक कार्यक्रम अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा निवेदित करने का अनुकरणीय आयोजन है। मौके पर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, संरक्षक जगतारण तिवारी, अनिरुद्ध प्रसाद, अनिल सोनी, पीके मिश्रा, गौतम ऋषि, अनिल सोनी, नीरज मालाकार, शान्वी मुकर, विजय सोनी, प्रदीप कुमार, पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, कौस्तुभ, कुमार गौरव गर्ग, बृजेश आदि लोग उपस्थित थे।

## मतदान से पहले हथियारों का जखीरा बरामद

**पटना।** बिहार के मुंगेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लखीसराय जिले के विभिन्न होटलों में पुलिस ने शनिवार को ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को गढ़ी चौक स्थित होटल बुद्धा रेजिडेंट से मोडीफाई हथियार मिले। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। सभी लोग नवादा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। एसडीपीओ शिवम कुमार ने शनिवार को बताया कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत लखीसराय में शुक्रवार की रात एक साथ कई होटलों में ताबड़तोड़ छापेमारी की गयी। ये छापेमारी दो दिनों के बाद यहां होने वाले मतदान को देखते हुए की गयी है। मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) प्रतीक कुमार ने बताया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार तक वाहन जब्त करने का अभियान चलाया जायेगा। करीब 700 वाहनों की जब्ती अभी तक हो चुकी है।

## मतदान प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरव जोरवाल की अध्यक्षता में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा पोस्टल बैलेट से की जाने वाली मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण सेक्टर पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता ने बताया कि मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण 14 मई से 18 मई तक दिया जाएगा। इस अवधि में मतदान कर्मियों का वोटिंग प्रशिक्षण केंद्र पर ही विशेष फैसिलिटेशन सेंटर पर कराया जाएगा।

### 3-3 शादी बंद कर दो नहीं तो...' असम के सीएम की खुली चेतावनी

# 400 सीटें मिली तो फिर कोई लव जिहाद की हिम्मत नहीं करेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी और लालू प्रसाद पर जमकर हमला बोला। गिरिराज सिंह के समर्थन में बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें 400 सीट इसलिए चाहिए कि अभी पीओके भारत में लाना है, यूसीसी लाना है, काम का लंबा लिस्ट है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने धर्म के आधार पर आरक्षण, तीन-तीन शादियां करने और लव जिहाद पर पर निशाना साधा। साथ ही उन्हें चेताया भी। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को बेगूसराय में मतदान होना है।



**लव जिहाद बंद करो :** बेगूसराय में गिरिराज सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा 'लव जेहाद बंद करो।

उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि फेसबुक में नाम तो हिंदू का रख लेते हैं लेकिन शादी के बाद पता चलता है कि असली में कुछ और ही नाम है। इसलिए मैंने कहा कि फेसबुक में डुप्लीकेट नाम का इस्तेमाल नहीं करो। अगर कोई करेगा तो टांग तोड़ दूंगा। सरमा ने कहा कि इस बार मोदी को 400 सीट मिली तो देश में लव-जिहाद करने की कोई हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को तीन तीन शादी करना चहिए क्या? आमलोग एक ही संभाल नहीं पाता हूं, तुम लोग तीन-तीन शादी कैसे कर लेते हो। 'तुम 3-3 बीवी के लिए कैसे सोचते हो। मैं उन लोगों (मुसलमान) को कहता हूं पीएम ने देश में यूसीसी बिल लेकर आयेंगे। उन्होंने कहा मोदी आपको टाइट करेगा उससे पहले टाइट हो जाओ।

**लालू-राहुल रामलला के दर्शन के योग्य नही :** उन्होंने कहा कि लालू यादव और राहुल गांधी रामलला के दर्शन करने नहीं जाएंगे, क्योंकि उन्होंने इतना पाप किया है कि रामलला भी उन्हें दर्शन नहीं देंगे। इस जीवन में सौभाग्य नहीं होगा। इस जीवन में वे रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। भगवान ने उनकी बुद्धि ही भ्रष्ट कर दी है। इसलिए भगवान उसको दर्शन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

## लगातार 34वें सप्ताह फूड फॉर हंगर कार्यक्रम



**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 34वें सप्ताह शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन के समीप फूड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व. सत्यनारायण प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर जरुरतमंदो के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर स्वेता अग्रवाल ने कहा कि पिता की द्वितीय पुण्यतिथि पर 200 लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है। मौके पर मंजू अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, तेजस्व अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, मानस अग्रवाल समेत कई उपस्थित थे।

## चोरी के 16 बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के विभिन्न गाँव मे बाइक चोरी की घटना में लगातार घटित हो रही है,जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा ने रजौली थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर त्वरित कार्यवाई का निर्देश दिया, जिसके बाद रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने एक्शन में कार्य करते हुए शनिवार को थानाक्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत और सिरोडाबर पंचायत के कई ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया।

# गांजा समेत एक तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्वी चंपारण।** जिले के दरपा थाना क्षेत्र में 2 किलो 40 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद छौड़ादानो अंचल पुलिस निरीक्षक धनंजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कारवाई का निर्देश दिया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर बगही चौक के समीप एक तस्कर को एक किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर छापेमारी कर अन्य जगह पर छुपा कर रखे 1.040 कि०ग्रा० मादक पदार्थ (गांजा) और बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दरपा थाना क्षेत्र निवासी कलाम आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से कुल 2 किलो 40 ग्राम गांजा इलेक्ट्रॉनिक माप तौल मशीन,एक मोबाइल व एक बाइक बरामद किया है।इस मामले में दरपा थाना में मामला दर्ज करकांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस बल पर हमले के मामले में 23 नामजद तथा 5 अज्ञात बने अभियुक्त

एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली में शनिवार को अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर हमले कर ट्रैक्टर को को छुड़ा ले गया था, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बरामद भी कर ली थी। पुलिस पर हमले के मामले में दर्ज करते हुए 23 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है तथा पांच अज्ञात के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए हैं । पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार के बयान पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है,जिसमे 23 नामजद सहित 5 अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। रजौली पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के चितरकोली गाँव मे धनारजय नदी से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार को दलबल के साथ चितरकोली गाँव भेजा गया।जिसके बाद बालू लदी दो ट्रैक्टर को चितरकोली चौक के पास पकड़ लिया गया।दोनों ट्रैक्टर के चालक से बालू का खनन और परिवहन से संबंधित वैध कागजात की माँग पुलिस के द्वारा की गई।दोनों चालक ने किसी भी तरह के कागजात नही दिखाया, जिसके बाद दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस ने जप्ती सूची बनाने लगी। इसी दौरान चितरकोली गांव के गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक दीपक कुमार ने पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार के हाथ से जप्ती सूची का कागजात छीन लिया और फाड़ दिया।

## बैंक कर्मी यूपीआई से लेन देन पर रखें नजर:संयुक्त कर आयुक्त

**पूर्वी चंपारण।** निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सह-राज्य-कर संयुक्त आयुक्त मोतिहारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित डा० राजेन्द्र प्रसाद सभागार में जिले के सभी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक,जिला समन्वयक शाखा प्रबंधक एवं डाक अधीक्षक की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक के दौरान नोडल पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा चुनाव के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करने के उद्देश्य से संदेहास्पद लेन-देन, अभ्यार्थियो के खाता खोलने, खाता का संचालन, नगद राशि के परिवहन एवं यूपीआई यथा फोन पे, पेटीएम, गूगल पे एवं अन्य सभी प्रकार की यूपीआई से लेन देन पर नजर रखने को कहा गया। साथ ही इसको लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। संदेहास्पद लेन-देन या 10 लाख से अधिक नगद जमा व निकासी अथवा साथ रखा पाये जाने पर इसकी जानकारी आयकर अधिकारी/नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को भी प्रतिदिन देना सुनिश्चित करें।

## गढ़वा में भाजपा ने किया रोड शो


रोड शो में शामिल भाजपा प्रत्याषी बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने शनिवार को गढ़वा में रोड शो किया। भाजपा नगर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में आयोजित यह रोड शो मिनी टेंपो स्टैंड से शुरू होकर रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर में दर्शन पूजन कर मझिआंव मोड़, इंदिरा गांधी रोड होते हुए बाजार की सभी गलियों में भ्रमण के बाद रोड शो समाप्त हो गया। प्रत्याशी बीडी राम ने आम आवाम से मिलकर आशीर्वाद मांगा। उन्होंने ईवीएम में तीन नंबर पर स्थित कमल के फूल छाप पर मतदान कर विजयी बनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि आप सभी पुनः सेवा का मौका दें। पलामू की तस्वीर को भारत में नंबर वन पर लाने का पूरी तरह से प्रयास करूंगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व विाायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, लोकसभा प्रभारी अलख नाथ पांडेय, विधानसभा प्रभारी दुर्गा जौहरी, उमेश कश्यप, सूरज गुप्ता, भगत सिंह साहू, मुरली श्याम सोनी, राजकुमार मद्धेशिया, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, आजसू जिलायक्ष दीपक शर्मा, उमा तिवारी, त्रिपुरारी सिंह, रवींद्रनाथ ठाकुर, शंकर विश्वकर्मा, चंपा देवी, रीता देवी, इश्तियाक रजा, अरविंद तूफानी, चंदन जायसवाल, ।नंजय गोंड, यशवंत मिश्रा, विनय चंद्रवंशी, अंजली गुप्ता, उषा देवी, पार्वती सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चिनियां व रमकंडा से 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता


माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराते मंत्री

**गढ़वा।** जिले के चिनियां एवं रमकंडा प्रखंड के 200 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। शनिवार को चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में चिनियां प्रखंड के तहते हेताड़कला के जगमोहन कोरवा, रामजतन कोरवा, शिवलाल कोरवा, शिवधारी कोरवा, दिलीप कोरवा, नरेश मिंज, सतनी देवी, चंपा देवी, देवन्ती देवी, बिगनी देवी, रामाधार कोरवा, विरेंद्र कोरवा, जमुनियां टांड, लावादाग से मोहन सिंह, श्रवण सिंह, राजनाथ सिंह, सुनील सिंह, सुखदेव सिंह, रमनी देवी, लक्ष्मनियां देवी, बोधनी देवी, कविता देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, सीता देवी, मानमति देवी, घांसो देवी, रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत से भाजपा पंचायत अध्यक्ष रमण कुमार विश्वकर्मा, विनय प्रसाद, दिलीप बाखला, अमर सिंह, संतोष सिंह, राजेश उरांव, आशिष बाखला, अजय प्रसाद, दिनेष प्रसाद, दिनेश सिंह आदि का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। अभी राज्य की स्मिता देष का संविधान एवं लोकतंत्र बचाने का वक्त है। सभी लोग पूरी तत्परता के साथ लगकर पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान के लिए डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को जागरूक करें। लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत देश वासियों की जीत होगी। इस जीत से संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा होगी एवं जनता को उनका अधिकार मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेष सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, करीब अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आदर्श शिक्षक की भांति खुद का करें निर्माण : प्राचार्य

**सहरसा।** ईस्ट एन वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के डीएलएड सत्र 2023-25 प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों का अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया।इस अवसर पर डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को पाग चादर व बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय अनुभव समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा ने कहा कि शिक्षक को समाज का भाग्य निमार्ता कहा जाता है।उन्होंने कहा शिक्षक के गोद में प्रलय और निर्माण दोनों पलता है।इसलिए सभी प्रशिक्षुओं को एक कुशल शिक्षक बनने की दिशा में पहले वे खुद के अंदर परिवर्तन लाने का काम करें। उन्होंने कहा कि एक कुशल शिक्षक बन राष्ट्र व समाज के निर्माण में सभी प्रशिक्षु अपनी भागेदारी सुनिश्चित करने का काम करें। इस अवसर पर मध्य विद्यालय तिवारी टोला की प्रभारी प्रधानाध्यापिका आईसा ने ईस्ट एन वेस्ट टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं के कार्य कुशलता की तारीफ करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षु पुरी ईमानदारी से अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम को रूचि लेकर एक आदर्श शिक्षक बनने की दिशा में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी प्रशिक्षु के बेहतर व उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

मौके पर महाविद्यालय के नोडल अंशु कुमार गुप्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जन समपर्क पदाधिकारी अभय मनोज ने अपने संबोधन में ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कालेज की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सभी छात्राध्यापको को आदर्श शिक्षक बनने की दिशा में अपने लक्ष्य को हासिंल करने पर विशेष जोर दिया ताकि भविष्य में सभी एक आदर्श शिक्षक की भुमिका को समाज में स्थापित कर सके।

# कदम-कदम पर बदलती है भाजपा की बात व चाल : कल्पना सोरेन

### तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंके : मंत्री मिथिलेश

### आईटीआई मैदान में इंडिया गठबंधन की चुनावी जनसभा आयोजित




सभा को संबोधित करती कल्पना सोरेन, उपस्थित जनसमूह, बड़ा माला पहनाकर कल्पना सोरेन का स्वागत करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा की बात और भाजपा की चाल कदम-कदम पर बदलते रहती है। झूठे सपने दिखलाकर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है। उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए श्रीमती सोरेन ने कहा कि सभी लोग वोट की चोट कर भाजपा की चाल को ठीक कर दें। आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को लालटेन छाप पर वोट देकर पलामू की आवाज को बुलंद करें। श्रीमती सोरेन शनिवार को जिले के चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थी। श्रीमती सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को जीतायें। यदि लोकतंत्र नहीं बचेगा तो हम सभी का सारा अधिकार लूट जाएगा। उन्हांने कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन ने जिन उद्देश्यों के साथ झारखंड राज्य को अलग कराया था, उनके सपनों को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र से अपने राज्य का बकाया पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो केंद्र सरकार को तकलीफ हो गई। उस पैसे से पूरे झारखंड का, राज्य की एक-एक जनता का विकास होता। हेमंत सोरेन द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्यां से घबराकर उन्हें जेल में बंद कर दिया। श्रीमती सोरेन ने कहा कि झारखंड गरीब नहीं है। यहां ।रती के नीचे अथाह खजाना भरा हुआ है। झारखंड के इसी खाने पर केंद्र की गिद्ध नजर लगी हुई है। केंद्र सरकार झारखंड को लूटने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने कहा भाजपा के लोग अपने काम करेंगे नहीं और दूसरे के कामों का श्रेय लेने की होड़ मचाये रखते हैं। श्रीमती सोरेन की कहा कि अभी वक्त है सभी लोग एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखायें। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि तानाशाही ताकतों को उखाड़ फेंके। लोकतंत्र एवं संविधान का अपमान करने वालों को सबक सिखायें। यह लड़ाई झारखंड की आन, बान और शान की लड़ाई है। राज्य की स्मिता बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को वोट देकर दिल्ली पहुंचायें। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन घर परिवार को संभालने वाली महिला थी। केंद्र सरकार ने झारखंड की आवाज को दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया, तब ये झारखंड की आवाज बनकर राज्य की स्मिता बचाने के लिए सामने आयीं। तीन महीने से भी कम समय में केंद्र सरकार की अन्याय के खिलाफ पूरे देश में छा गई। पलामू की बेटी ममता भुईयां को आशीर्वाद देकर अपने हक, अधिकार की आवाज को बुलंद करें। मौके पर प्रत्याशी ममता भुईयां, डॉ. यासिन अंसारी, जेपी मिंज, शंभु राम, राजकिशोर यादव, सत्यनारायण यादव, राजद प्रदेश उपायक्ष फरीद खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, माले नेत्री सुषमा मेहता, जिप अध्यक्ष शांति देवी, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 34वें छात्र दरबार में 263 छात्रों को दी गई डिग्री

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) के सीनेट हॉल में शनिवार को 34वें छात्र दरबार का आयोजन कुलपति प्रो. जवाहर लाल की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर परीक्षा विभाग से जुड़े कुल 328 मामलों का निष्पादन किया गया। छात्र दरबार को संबोधित करते हुए तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने कहा कि छात्र दरबार के नियमित आयोजन से छात्रों को काफी फायदा मिल रहा है। छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन संवेदनशील, तत्पर और कटिबद्ध है। कुलपति ने कहा की छात्र दरबार का फीडबैक काफी अच्छा आ रहा है। इस पहल से छात्रों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो रहा है।

## पेज एक का शेष

### सिंहभूम, खूंटी, पलामू ...

ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक बूथ : झारखंड में पहले चरण के चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र हैं। इन चार क्षेत्रों में कुल 7595 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से 639 शहरी तथा 6956 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। चुनाव आयोग ने इन मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल, मतदान कर्मी और चुनाव संबंधित सामग्री भेज दिये हैं। इन चार सीटों में से सिर्फ सिंहभूम को छोड़कर सभी तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

**सभी दलों के आपने-अपने दावे :** चुनाव प्रचार समाप्त होते ही राजनीतिक दलों के द्वारा जीत के दावों का दौर शुरू हो गया है। 2019 के चुनाव में चार में से तीन सीटों को जितने में सफल रही भाजपा का मानना है कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर इसबार उसकी जीत होगी। जनता मोदी जी को एक बार फिर देश का पीएम बनाना चाहती है। सिंहभूम सहित सभी चारों लोकसभा क्षेत्र में कमल जरूर खिलेगा। वहीं इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस ने दावा किया है कि झारखंड में इस चरण की सभी चारों सीटें उसके खाते में आयेगी।

# चौथे चरण का थमा शोर, कल 96 सीटों पर होगा मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार (13 मई) को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। सभी क्षेत्रों की मतगणना चार जून को एक साथ कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

- आंध्र प्रदेश के 25, तेलंगाना के 17, उत्तर प्रदेश के 13, महाराष्ट्र के 11, बंगाल और मध्य प्रदेश के आठ-आठ, बिहार के पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार सीट पर डाले जाएंगे वोट
- गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, असदुद्दीन औवेसी, अजय मिश्रा टेनी, अखिलेश यादव, ललन सिंह और शत्रुघ्न सिन्हा के भाग्य का होगा फैसला




चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए । पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमशः 20 मई , 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। चाथे चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं। चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

चौथे चरण आंध्र प्रदेश की सभी सीटों एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट, अराकू, श्रीकाकुलम, विजयनगर, विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम और चित्तूर सीटा तथा तेलंगाना में मल्काजगीरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुरनूल, नलगोंडा, भोंगीर, वारंगल, महबुबाबाद, आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, करीमनगर, निजामाबाद, हैदराबाद, मेडक और खम्मम में मतदान होंगे। उत्तर प्रदेश जिन 13 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है उसमें हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, सीतापुर और बहराइच सीट शामिल है। महाराष्ट्र में पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल और बीड को रखा गया है। मध्य प्रदेश के धार, इंदौर, खरगोन, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम और खंडवा सीट पर इसी चरण में मतदान कराए जाएंगे।

इसके साथ बंगाल की आसनसोल, बोलपुर, बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान-दुर्गापुर और बीरभूम में भी मतदान होंगे। बिहार पांच संसदीय सीटों में बेगूसराय, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर और मुंगेर सीट शामिल है। इसके अलावा ओडिशा की बेरहामपुर, कालाहांडी, नबरंगपुर और कोरापुट, झारखंड की चार सीटों लोहरदगा, सिंहभूम, खूंटी और पलामू में सोमवार को वोट डाले जाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### बदरीनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे, तैयारी पूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई (रविवार) को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गये हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है।

### उत्तराखंड में भूकंप के झटके, दहशत

**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.8 मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है।

### पुणे में बम मिलने से दहशत, हुआ डिफ्यूज

**मुंबई।** पुणे के एनडीए इलाके में शुक्रवार शाम बम मिलने से दहशत फैल गई। बीडीडीएस ने शनिवार तड़के इसे डिफ्यूज कर दिया। बावजूद इसके लोग अभी दहशत से उबर नहीं पाए हैं। पुणे पुलिस बम रखने वालों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, एनडीए इलाके के उत्तम नगर क्षेत्र में कमला देवी मंदिर के पीछे एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। यहीं पर मजदूरों ने बम जैसी वस्तु देखी । मजदूरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाते ही उत्तम नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वाई एन शेख टीम के साथ पहुंचे। बाद में इसकी सूचना बीडीडीएस को दी।

### मप्र में बेकाबू कार पलटी, 6 की मौत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में सलकनपुर के पास एक टवेरा कार बेकाबू होकर भैरव घाटी पर बाउंड्रीवाल से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। कार सवार सभी भोपाल के रहने वाले हैं। सभी लोग शुक्रवार सुबह कार से सलकनपुर स्थित देवी धाम गए थे। शाम को सभी माता बिजासन के दर्शन कर भोपाल लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को रहटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### अफगानिस्तान में बाढ़ से 70 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बघलान और तखर प्रांतों में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक हेदायतुल्ला हमदर्द ने बताया कि बाघलान में, प्राकृतिक आपदा से गोजरगाह-ए-नूर, जेलगाह, नाहरीन, बघलान-ए-मरकजी और बरका जिलों के साथ-साथ प्रांतीय राजधानी पुल-ए-खुमरी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से घरों और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

### कार में आग लगने से दूल्हा समेत 4 मरे

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी-कानपुर हाईवे के पारीछा ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आगे चल रही कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में आग लग गयी और उसमें सवार दूल्हे समेत चार लोगों को जलकर मौत हो गयी। दुर्घटना शुक्रवार देर रातबड़ागांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे पर हुआ।

# देश के मन को भी मार रहे हैं मरे पड़े लोग :मोदी

## कहा-कांग्रेस ने बार-बार डराया, पाकिस्तान के पास है परमाणु बम

एजेंसी

**कंधमाल।** ओडिशा के कंधमाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार किया। मोदी ने कांग्रेस बार-बार अपने ही देश को डराने की कोशिश करती है। वह कहते हैं संभल कर चलो पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग देश के मन को भी मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हमेशा ऐसा ही रवैया रहा है, ये पाकिस्तान की बम-बम करते हैं, आज पाकिस्तान की हालत यह है कि अब वह बम बेचने के लिए निकले हैं। कोई खरीदने वाला मिल जाए। लेकिन, लोगों को उनकी बम की क्वालिटी का भी पता है वो माल भी बिकता नहीं है। अटलबिहारी वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में परमाणु परीक्षण किये जाने का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार यह कहकर देश को डराया है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। पाकिस्तान अब ऐसी हालत में है कि उसके पास परमाणु बम बनाये रखने के लिए पैसे नहीं हैं। कांग्रेस पर आतंकवादियों से हाथ मिलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने से वोट बैंक में नुकसान होगा। मोदी ने कांग्रेस नेता नाना पटोले के राम मंदिर का शुद्धिकरण करने वाले बयान को लेकर करारा जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या में रामलला के दर्शन करने गई थी। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में जाकर पूजा-अर्चना की और उन्होंने देश के कल्याण के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा। एक आदिवासी बेटी और देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामलला के दर्शन करके आई, तो उसके दूसरे दिन कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता ने घोषणा की कि अब हम राम मंदिर गंगाजल से धोकर इसका शुद्धिकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये देश का, आदिवासी समाज का और माताओं-बहनों का अपमान है।

**आदिवासी बेटी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामलला के दर्शन करके आई, तो कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि शुद्धिकरण करेंगे**



### नरेंद्र मोदी को वापस गुजरात भेजें : उद्धव

**छत्रपति संभाजीनगर।** शिवसेना (बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठा बताया है और उन्हें वापस गुजरात भेजने का आह्वान किया है। श्री ठाकरे ने शुक्रवार देर शाम औरंगाबाद संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे के समर्थन में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी के इंजन को बदलने की जरुरत है इसलिए उन्हें वापस गुजरात भेज दें। पिछले 10 सालों में मोदी के इंजन ने झूठ उगलने के अलावा कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमारी (भारत अघाड़ी) अलोचना करती है , लेकिन हमारे पास चेहरे हैं। हर कोई अब कह रहा है कि इंडिया समूह में सभी दावेदार प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी कर सकते हैं, जबकि भाजपा के पास केवल एक ही चेहरा है। इसलिए उन्हें अब एक नया चेहरा ढूंढना चाहिए।

# देश को तानाशाही से बचायें : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद पहली बार शनिवार को पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने देश को तानाशाही से बचाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी के साथ एक देश, एक नेता वाली स्थिति बन जाएगी। वे देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे जैसे उन्हें जेल में डाला गया। उन्होंने ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे और एमके स्टालिन का नाम लेते हुए कहा कि इन्हें जेल में डाला जाएगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी के नेताओं को ही साइडलाइन कर दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पद से हटा दिया। वे जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पद से हटा देंगे। उन्होंने भाजपा में 75 वर्ष की आयु के नियम का हवाला देते हुए कहा कि मोदी 75 साल का होने के बाद अगले साल पद छोड़ देंगे और अमित शाह को प्रधानमंत्री बनायेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें पद से प्यार नहीं है लेकिन पद पर बने रहना उनकी मजबूरी है। असल में वे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बिना बताये ही अपने कई नेताओं को भ्रष्टाचार के मामले में जेल में डाल दिया।



### अनुराग ठाकुर ने कुलदेवी से लिया आशीर्वाद

**हमीरपुर, । भाजपा नेता सह केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को अपनी कुलदेवी मां अवाहदेवी का पूजा कर विजय संकल्प के अभियान को निर्बाध पूरा होने का आशीर्वाद मांगा। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें एक बार फिर से जनता की सेवा करने का मौका दिया है। वे सोमवार को हमीरपुर से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।**

### गाजा में इजरायल ने की बमबारी, 31 मरे

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजरायली बमबारी ) में कम से कम 31 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने ये जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 24 लोग शुक्रवार को मारे गए। उसके बाद शनिवार को जबालिया में दर्जनों घरों को इजरायली विमानों ने निशाना बनाया जिसमें सात अन्य लोग मारे गए। गुरुवार को मिस्र के काहिरा में इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता विफल होने के बाद इजरायल ने रफा पर हमले तेज कर दिए हैं। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने कहा कि इजरायली बमबारी तेज होने के कारण लगभग एक लाख 10 हजार लोग रफा से भाग गए हैं।

# रूस ने खारकीव पर तेज किये हवाई हमले

**कीव।** 9 मई को रूस ने विक्ट्री डे मनाया। इसके बाद उसने 10 मई को यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। रूसी सेना ने उत्तरी यूक्रेन के अंदर दो सीमा पार हमले किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे जवाबी कार्रवाई की नई लहर कहा है। सीएनएन ने यूक्रेनी सूत्र की रिपोर्ट में कहा कि रूसी सैनिक वोवचांस्क शहर की ओर कम से कम एक किलोमीटर तक घुस आए। रूस ने 10 किमी अंदर जाकर एक बफर जोन बनाया है, ताकि युद्ध के दौरान रूसी इलाकों को सुरक्षित रखा जा सके। एक अन्य सूत्र ने कहा कि वोवचांस्क शहर से 75 किमी दूर क्रास्ने गांव में भी 5 किमी तक सेना घुस आई। चार रूसी बटालियन के करीब 2000 सैनिकों ने हमला बोला।

**अधिकारियों ने शुरू की 3,000 लोगों को निकालने की प्रक्रिया**

हालांकि क्रास्ने में हुए हमले की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रूस ने यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किलोमीटर से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया। हमले के बाद अधिकारियों ने 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। रूसी सेना ने वोवचांस्क के पास यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की।




# शिल्पा शेट्टी ने केदारनाथ धाम में किये भोलेनाथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने परिवार वालों के साथ केदारनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ का दर्शन किया। अक्षय तृतीया के मौके पर शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ की शरण में केदारनाथ पहुंची थीं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के पहले ही दिन शिल्पा शेट्टी ने भोलेनाथ के दर्शन किये। शिल्पा शेट्टी अपनी बेटी, मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ केदारनाथ धाम पहुंची थीं। वायरल वीडियो में शिल्पा शेट्टी, माथे पर चंदन, आंखों पर चश्मा और चेहरे पर बड़ी-सी स्माइल के साथ बेटी शमिशा को गोद में उठाए अपनी मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ पोज करती दिख रही हैं। शिल्पा शेट्टी और उनकी फैमिली की यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है।शिल्पा शेट्टी केदारनाथ धाम से पहले अपनी मां और बहन के साथ कामाख्या मंदिर गई थीं।

